आपकी बात, निर्भीकता के साथ

प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 01 अंक : 127 | रांची, शनिवार, 20 अप्रैल, 2024 (चैत्र शुक्ल 12, संवत 2081), पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये | email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com

संक्षिप्त

चतरा में एनटीपीसी प्लांट में लगी भीषण आग, अफरा-तफरी

चतरा। जिले के टंडवा में संचालित एनटीपीसी प्लांट में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है। इस घटना की वजह से प्लांट में चारों ओर अफरा-तफरी मच गई। आग पर काबू पाने के लिए एनटीपीसी के जीएम ने फायर ब्रिगेड को कॉल किया है। आग से लाखों के नुकसान का अनुमान है। आग लगने और कोयले की लपटों से पूरा इलाका धुएं से भर गया है। टंडवा प्रखंड क्षेत्र के लोगों को धुएं से सांस लेने में दिक्कतें हो रही है। बताया जा रहा कि घटना के लगभग 45 मिनट बीत जाने पर भी आग बुझायी नहीं जा सकी है।

एयर इंडिया ने दुबई के लिए उड़ानें रद्द कीं

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे व्यस्त एयरपोर्ट में शामिल संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के दुबई एयरपोर्ट पर परिचालन संबंधी व्यवधान के कारण एयर इंडिया ने वहां से आने-जाने वाली अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने शुक्रवार को 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि दुबई में भारी बारिश और बाढ़ के बाद हवाई अड्डे पर लगातार परिचालन संबंधी व्यवधानों के कारण वहां आने-जाने वाली हमारी उड़ानें रद्द होने की सूचना देते हुए हमें खेद है। हम परिचालन फिर से शुरू होते ही प्रभावित ग्राहकों को उड़ानों में फिर से शामिल करके उन्हें वापस लाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

अमित शाह ने दाखिल किया नामांकन पत्र

गांधीनगर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को गांधीनगर लोकसभा सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन के बाद शाह ने कहा कि पिछली यूपीए सरकार द्वारा बनाए गए गड्ढे भरने में 10 साल लग गए। अगले पांच साल का उपयोग 'विकसित भारत' के लिए मजबूत आधार तैयार करने में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिस गांधीनगर लोकसभा सीट का प्रतिनिधित्व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी, पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी कर चुके हैं और पीएम मोदी जिस निर्चाचन क्षेत्र के मतदाता हैं, उस क्षेत्र से चुनाव लड़ना मेरे लिए यह गौरव का विषय है। मैं इस क्षेत्र से 30 साल से जुड़ा हूं। यहीं से बूथ कार्यकर्ता से लेकर विधायक, सांसद बना। केंद्रीय मंत्री पद तक पहुंचा। पार्टी अध्यक्ष भी रहा। उन्होंने कहा, आपके प्यार की बदौलत मैं साधारण बूथ कार्यकर्ता से अब संसद सदस्य बन गया हूं। जब भी मैंने गांधीनगर के लोगों से वोट मांगा, उन्होंने मुझे आशीर्वाद दिया।

झारखंड में बदलेगा मौसम का मिजाज : कही लू, तो कहीं बारिश के साथ वज्रपात

प्रातः नागपुरी संवाददाता, रांची

झारखंड के कई जिलों में लू चलने लगी है। आने वाले 4 दिनों तक लू रहेगी। इसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। राज्य के कुछ जिलों में दो दिन बारिश भी होगी। वज्रपात होने की आशंका भी है। यह जानकारी रांची एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र ने 19 अप्रैल, 2024 को दी।

तापमान में होगी वृद्धि : राज्य में अगले 2 दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके बाद अगले 3 दिन इसमें कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं हैं।

कल से रहेगी ये स्थिति : केंद्र के अनुसार 20 अप्रैल को मुख्यतः आसमान साफ रहेगा। मौसम शुष्क रहेगा। इसी तरह 21 अप्रैल को आसमान में आंशिक बादल छाये रह सकते हैं। मौसम शुष्क रहेगा।

22 अप्रैल को यहां बारिश : केंद्र के अनुसार 22 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी भाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका असर सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां जिले में पड़ने की उम्मीद है।

इन जिलों में चलेगी लू

राज्य में 20 से 22 अप्रैल तक कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है। इसका असर 20 और 21 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, बोकारो, धनबाद, देवघर, जामताड़ा, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज जिले में पड़ने की संभावना है।इसी तरह 22 अप्रैल को पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, दुमका, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज जिले में कहीं-कहीं लू चलने की आशंका है।

23 अप्रैल को यहां बारिश : केंद्र के अनुसार 22 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भाग में कहीं-कहीं हल्की बारिश होने की संभावना है। इसका असर सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा, बोकारो जिले में पड़ने की उम्मीद है।

यहां वज्रपात की आशंका : राज्य के दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में 23 अप्रैल को कहीं-कहीं गर्जन के साथ वज्रपात होने की आशंका है। इसका असर सिमडेगा, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिम सिंहभूम, सरायकेला-खरसावां, रांची, खूंटी, रामगढ़, गुमला, लोहरदगा, बोकारो जिले में पड़ने की उम्मीद है।

बहरागोड़ा में पारा 45 डिग्री : कोल्हान प्रमंडल में कहीं कहीं लू दर्ज की गई। पूर्वी सिंहभूम के बहरगोड़ा में 45.0 डिग्री सेल्सियस तापमान 19 अप्रैल को दर्ज किया गया। राज्य में दर्ज की गई यह सर्वाधिक अधितकम तापमान है।

लोकसभा चुनाव के पहले चरण की वोटिंग खत्म, सुबह सात से शाम सात बजे तक हुआ मतदान

21 राज्यों की 102 सीटों पर 60.03% वोट

एजेंसियां, नई दिल्ली

शुक्रवार को लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान संपन्न हो गया है। 21 राज्यों की कुल 102 सीटों के लिए वोटिंग हुई। इसी के साथ उम्मीदवारों की किस्मत ईवीएम में बंद हो गई है। पहले चरण के चुनाव में तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर मतदान हुआ। इसके अलावा उत्तर प्रदेश की आठ सीट, राजस्थान की 12 सीट, मध्य प्रदेश की छह सीट, महाराष्ट्र की पांच सीट, उत्तराखंड की सभी पांच सीट, पश्चिम बंगाल की तीन सीट, असम की चार सीट, बिहार की चार सीट, मणिपुर, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश की दो-दो और छत्तीसगढ़, मिजोरम और त्रिपुरा की एक-एक सीटों पर वोटिंग हुई। चुनाव आयोग की ओर से जारी किए गये आंकड़ों के मुताबिक, शाम पांच बजे तक 102 सीटों पर करीब 60.03 फीसदी मतदान हुआ।

पश्चिम बंगाल में छिटपुट हिंसा की खबर : लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर शुक्रवार को शाम पांच बजे तक लगभग 70.77 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इस दौरान पश्चिम बंगाल में हिंसा की कुछ छिटपुट घटनाएं भी सामने आईं।

छत्तीसगढ़ में सीआरपीएफ जवान की मौत : वहीं छत्तीसगढ़ में एक ग्रेनेड लांचर के गोले में दुर्घटनावश विस्फोट होने से सीआरपीएफ के एक जवान की मौत हो गई। इससे पहले दोहपर तीन बजे तक 49.78 फीसदी वोटिंग दर्ज की गई। वहीं, हिंसा प्रभावित मणिपुर में करीब 45.68 फीसदी मतदान दर्ज किया गया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में शाम 5 बजे तक पश्चिम बंगाल में 77.57% और बिहार में 46.32% यानी औसतन 59.71% मतदान हुआ।

सुबह 7 से शाम 7 बजे तक हुई वोटिंग: सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले चरण में मतदान सुबह 7 बजे आरंभ हुआ और शाम छह बजे तक जारी रहा। निर्वाचन अधिकारियों ने बताया कि शाम पांच बजे तक पश्चिम बंगाल में 77.57 प्रतिशत मतदान हुआ।

असम में 70.77 और मेघालय में 69.91 प्रतिशत मतदान हुआ। वहीं पूर्वी नगालैंड के छह जिलों में अलग राज्य की मांग को लेकर आदिवासी संगठनों के एक संघ की ओर से अनिश्चितकालीन बंद के आह्वान के कारण लोग घरों में ही रहे।

पश्चिम बंगाल में कूचबिहार सीट पर हिंसा के कारण मतदान प्रभावित हुआ। तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के सूत्रों ने बताया कि दोनों दलों के कार्यकर्ताओं ने मतदान के पहले कुछ घंटों में चुनावी हिंसा, मतदाताओं को धमकाने और चुनाव एजेंटों पर हमलों संबंधी क्रमशः 80 तथा 39 शिकायतें दर्ज करायी हैं।

अरुणाचल प्रदेश में 60% से ज्यादा मतदान : वहीं, अरुणाचल प्रदेश में कुल 8,92,694 मतदाताओं में से 60 प्रतिशत से अधिक ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। खराब मौसम के कारण सुबह के समय मतदान का प्रतिशत सामान्य था, लेकिन मौसम की स्थिति में सुधार के साथ इसमें तेजी आई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) पवन कुमार साईं ने बताया कि राज्य के कुछ मतदान केंद्रों पर इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) में तकनीकी खराबी आने के कारण मतदान में देरी हुई, जिन्हें बाद में बदल दिया गया। मणिपुर में कुछ स्थानों पर ईवीएम को नुकसान पहुंचाए जाने की भी खबरें आईं।

अंडमान-निकोबार द्वीप समूह की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए पांच बजे तक 56.87 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। अधिकारियों ने बताया कि ईवीएम संबंधी कुछ छोटी-मोटी गड़बड़ियां थीं लेकिन उन्हें तुरंत ठीक कर लिया गया। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पहली बार शोंपेन जनजाति के सात सदस्यों ने केंद्र शासित प्रदेश की एकमात्र लोकसभा सीट के लिए अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया।

असम में इवीएम के पानी में डूबने की खबर: असम में भी लखीमपुर के बिहूपुरिया में तीन मतदान केंद्रों, होजेई, कालियाबोर और बोकाखाट में एक-एक मतदान केंद्र और डिब्रूगढ़ के नहारकटिया में एक मतदान केंद्र में ईवीएम में गड़बड़ी दर्ज की गयी। शेष पेज 08 पर

मणिपुर में 67.46 फीसदी मतदान

हिंसा प्रभावित मणिपुर में शाम पांच बजे तक करीब 67।46 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। इनर मणिपुर लोकसभा सीट के तहत आने वाले थौंगजु विधानसभा क्षेत्र में स्थानीयों और अज्ञात व्यक्तियों के बीच वाद-विवाद हो गया। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में नक्सल प्रभावित बस्तर लोकसभा सीट पर पांच बजे तक 63.41 फीसदी से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राज्य के बीजापुर जिले में नक्सलियों द्वारा लगाए गए एक आईईडी में विस्फोट होने से एक अधिकारी घायल हो गया। तमिलनाडु में सभी 39 लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 63.20 प्रतिशत से अधिक मतदान दर्ज किया गया है। श्रीपेरुम्बुदूर लोकसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तम्बाराम के समीप एक मतदान केंद्र तथा कुछ अन्य मतदान केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में तकनीकी खामी के कारण मतदान में करीब एक घंटे की देरी हुई।

मतदान का आंकड़ा बढ़ने की संभावना

लोकसभा चुनाव के पहले चरण में 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर शुक्रवार को लगभग 60.03 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। वहीं, वोटिंग को लेकर निर्वाचन आयोग ने कहा कि मतदान समाप्त होने के बाद ये आंकड़े जारी कर दिए गए, वहीं शाम छह बजे तक कतारों में लगे लोगों को वोट डालने की अनुमति दी गई। आयोग ने कहा कि सभी मतदान केंद्रों से रिपोर्ट मिलने पर मतदान प्रतिशत बढ़ने की संभावना है, क्योंकि कई निर्वाचन क्षेत्रों में शाम छह बजे तक मतदान होना था। अंतिम आंकड़े शनिवार को फॉर्म 17ए की जांच के बाद पता चलेंगे। आयोग ने मतदान प्रतिशत को उच्च बताया और कहा कि मतदान कुल मिलाकर शांतिपूर्ण रहा। पिछले लोकसभा चुनाव (2019) में पहले चरण में मतदान प्रतिशत 69.43 प्रतिशत दर्ज किया गया था। तब कुछ लोकसभा क्षेत्र इस बार से अलग थे और तब कुल 91 संसदीय सीट के लिए पहले चरण में मतदान हुआ था।

लोहरदगा सीट :चार प्रत्याशियों ने खरीदा नामांकन पत्र

लोहरदगा। गुमला-लोहरदगा लोकसभा सीट के लिए चुनाव को लेकर नाम निर्देशन के दूसरे दिन शुक्रवार को भी किसी ने नामांकन नहीं किया। इस दौरान सुबह 11 बजे से अपराह्न तीन बजे तक जिला निर्वाची पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी कार्यालय में बैठ कर अभ्यर्थियों के पहुंचने का इंतजार करते रहे, लेकिन नामांकन के लिए कोई प्रत्याशी नहीं आया। नाम निर्देशन के दूसरे दिन कुल चार प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्रों की खरीदारी की। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशी समीर उरांव, भागीदारी पार्टी (पी) के प्रत्याशी मणि मुंडा, बहुजन मुक्ति पार्टी (बीएमपी) के प्रत्याशी ललित उरांव व निर्दलीय प्रत्याशी पवन तिग्गा ने नामांकन प्रपत्र की खरीदारी की।

विस्तृत पेज 04 पर

पहले चरण के मतदान के बाद पीएम मोदी ने जनता का जताया आभार

नई दिल्ली। लोकसभा चुनाव 2024 के पहले चरण का मतदान शुक्रवार को संपन्न हो गया है। 21 राज्यों के 102 लोकसभा प्रत्याशियों की किस्मत आज इवीएम में कैद हो चुकी है। अब 4 जून को पता चलेगा कि जनता ने किसे जनमत दिया है।

- सोशल मीडिया पर किया पोस्ट

पहले चरण की वोटिंग के बाद पीएम नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर जनता का आभार जताया है। पीएम मोदी ने अपने एक्स पर लिखा है कि 'पहला चरण, बढ़िया प्रतिक्रिया! आज वोट देने वाले सभी लोगों को धन्यवाद। आज के मतदान से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिल रही है। यह स्पष्ट है कि पूरे भारत में लोग रिकॉर्ड संख्या में एनडीए को वोट दे रहे हैं।'बताते चलें कि, पहले चरण में शाम 7 बजे तक कुल 60.03 प्रतिशत औसत मतदान हुआ। पहले चरण में कुल 102 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ। पहले चरण में शाम को 5 बजे तक 59.7 प्रतिशत औसत मतदान होने का अनुमान था। दोपहर 3 बजे तक 49.9 फीसदी मतदान हुआ था। दोपहर 1 बजे तक कुल 39.9 फीसदी मतदान हुआ था।

धनबाद के कतरास में जोरदार धमाके की आवाज के साथ धंसी जमीन, लोगों में दहशत

धनबाद। कतरास के गोविंदपुर क्षेत्र के आगरडीह में गुरुवार की रात जोरदार धमाके की आवाज के साथ जमीन धंस गई है। जानकारी के मुताबिक इस घटना में जोगिया देवी नामक महिला के घर पर दरार पड़ गयी। इससे यहां रह रहे करीब 100 लोग सकते में आ गये। जमीन धंसने के डर से सभी लोगों ने जमुआ पंचायत सचिवालय में रात गुजारी। शुक्रवार की सुबह भी चारों तरफ दरारें पड़ गयीं। शेष पेज 08 पर

झारखंड मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट जारी, बेटियों ने लहराया परचम

अनुसूचित जाति की छात्रा ज्योत्सना बनी स्टेट टॉपर

- पिछड़े वर्ग की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

रांची। झारखंड मैट्रिक की परीक्षा का रिजल्ट शुक्रवार को जारी हो गया है। इसमें बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। खासकर अनुसूचित जाति और पिछड़े वर्ग की बेटियों ने। स्टेट टॉपर से लेकर टॉप-3 में शामिल 4 बेटियां इन्हीं वर्गों से हैं।

टॉप-3 पोजीशन पर हजारीबाग की बेटियां : झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार (19 अप्रैल) को मैट्रिक परीक्षा का रिजल्ट जारी किया। शेष पेज 08 पर

सीएम चंपाई सोरेन ने सफल विद्यार्थियों को दी बधाई

रांची। सीएम चंपाई सोरेन ने कहा, "मैट्रिक (जैक) की परीक्षा में सफल हुए सभी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं। इस परीक्षा में बेटियों का शानदार प्रदर्शन देख कर खुशी हुई। जो छात्र किसी कारणवश सफल नहीं हो पाये, उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। वे अभी से तैयारी में लग जायें, ताकि अगली बार बेहतर परिणाम मिले।" स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग के सचिव उमा शंकर सिंह ने बताया कि इस बार परीक्षा ओएमआर शीट पर नहीं ली गई और ऑब्जेक्टिव क्वेश्चन की संख्या कम थी। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण बात यह है कि इस साल प्रथम श्रेणी में पास होने वाले छात्रों की संख्या में इजाफा हुआ है।

एआई के प्रयोग से मेधावी कर्मी के चयन में बेहतरी आएगी : जस्टिस एसएन पाठक

- सीसीएल मुख्यालय में आईएसटीडी का दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन शुरू

रांची। झारखंड उच्च न्यायालय के जस्टिस एसएन पाठक ने कहा कि मानव संसाधन में एआई का प्रयोग कर रिज्यूम और आवेदनों को बेहतर एवं वस्तुनिष्ठ ढंग से विश्लेषित किया जा सकता है। इससे मेधावी कर्मी के चयन में बेहतरी आएगी। वे 19 अप्रैल को सीसीएल मुख्यालय स्थित कन्वेंशन सेंटर में इंडियन सोसाइटी फॉर ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट (आईएसटीडी) के दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन में बोल रहे थे। इसका विषय 'सतत विकास के लिए नई प्रौद्योगिकी को अपनाने के लिए मानव संसाधन को सशक्त बनाना' था। आईआईएम, रांची इस इवेंट का नॉलेज पार्टनर है।

विशिष्ट अतिथि केंद्र सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता विभाग के सचिव अतुल तिवारी ने आधुनिक तकनीक का प्रयोग कर्मियों के कौशल विकास में करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि कार्यालय के कार्यों में आधुनिक सॉफ्टवेयर के प्रयोग से डाटा प्रोसेसिंग और कार्य निष्पादन में मदद मिल रही है।

स्वागत संबोधन में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्रा ने कहा कि किसी भी संगठन के उन्नयन में मानव संसाधन की अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। वर्तमान युग मैन बिहाइंड मशीन से मशीन बिहाइंड मशीन के रूप में परिवर्तित हो रहा है। शेष पेज 08 पर

राम मंदिर के बाद अब अयोध्या में बनेगा कौशल्या धाम

- माताओं के साथ विराजेंगे रामलला संग चारों भाई

अयोध्या। मंदिर और मूर्तियों के शहर अयोध्या में प्रभु राम के भव्य मंदिर के निर्माण के साथ-साथ अब राम भक्तों को मातृधाम के भी दर्शन होंगे। प्रभु राम की नगरी अयोध्या में सरयू तट पर श्री राम माता कौशल्या धाम का निर्माण किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक, इस मंदिर में माता कौशल्या की गोद में प्रभु राम की भव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी। शेष पेज 08 पर

वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी नये नौसेना प्रमुख हुए नियुक्त

- 30 अप्रैल 2024 को दोपहर बाद संभालेंगे अपना कार्यभार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने पीवीएसएम, एवीएसएम, एनएम वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी को नया नौसेना प्रमुख नियुक्त किया है। वे 30 अप्रैल 2024 को दोपहर बाद अपना कार्यभार संभालेंगे। वर्तमान में वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना के उप प्रमुख हैं। नौसेना स्टाफ के मौजूदा प्रमुख पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम एडमिरल आर हरि कुमार 30 अप्रैल, 2024 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी का जन्म 15 मई, 1964 को हुआ था। उन्हें 1 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना की कार्यकारी शाखा में नियुक्त किया गया था। वे संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ हैं। नौसेना में उनकी लगभग 39 वर्षों की लंबी और विशिष्ट सेवा रही है। उन्होंने नौसेना उप प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालने से पहले पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया था।

वाइस एडमिरल डीके त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के पोतों विनाश, किर्च और त्रिशूल की कमान संभाली है। शेष पेज 08 पर

संक्षिप्त

कल मनाया जाएगा भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

रामगढ़। शहर के श्री दिगंबर जैन मंदिर में 21 अप्रैल को भगवान श्री महावीर स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। यह जानकारी श्री दिगंबर जैन समाज के अध्यक्ष मानिक चंद जैन ने शुक्रवार को दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर प्रातः 6:00 बजे से श्री जी का अभिषेक,शांतिधारा एवं पूजन, 7:30 बजे प्रभात फेरी और सुबह 9:00 से 10:30 बजे तक जैन भवन में अल्पाहार का आयोजन किया जाएगा। अध्यक्ष ने सभी लोगों से कार्यक्रम में शामिल होने का आह्वान किया है।

अनुसूचित जनजाति मोर्चा की बैठक आयोजित

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष संजय मुंडा की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अजजा मोर्चा शिवशंकर उरांव ने लोकसभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं को कई दिशा-निर्देश दिये।साथ ही कहा कि खूंटी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से मोर्चा के पदाधिकारी प्रवास करें।

बैठक में खूंटी विधानसभा सह संयोजक जगन्नाथ मुंडा, सरायकेला जिला अध्यक्ष संजय सरदार, सिमडेगा जिला अध्यक्ष बसंत मांझी, सुजान मुंडा, सोशल मीडिया आईटी सेल संयोजक डॉ श्रीराम कुमार मांझी, सह संयोजक अनिल बोदरा, लालसिंह सोय, रीता मुंडा, बासमती देवी, लक्ष्मी बाखला, अर्जुन पहान, अखिल भारतीय सरना समिति के अध्यक्ष भीम सिंह मुंडा, लीलू पाहन, अजजा मोर्चा जिला महामंत्री सुदर्शन भोगता आदि उपस्थित थे।

दो वाहनों की टक्कर में बाल-बाल बचे लोग

गोला। गोला थाना क्षेत्र के उ.प.सं.- 23 स्थित सोसो खुर्द टोल प्लाजा के समीप शुक्रवार को एक हाईवा तथा एक शादी के दुल्हे की गाड़ी के साथ आपसी भिड़ंत हो गई। थोड़ी सी चूक के कारण इस तरह की घटना हुई देखते ही देखते मामला धीरे धीरे तूल पकड़ने लगा और हाथापाई की नौबत आ गई। इस संबंध में प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार हाईवा गाड़ी जो पेटरवार की ओर से गोला की ओर जा रही थी वहीं पेटरवार की ओर से ही शादी के बारात से दुल्हन लेकर लौट रहे बोलेनो कार जो गोला की ओर जा रही थी। सोसो खुर्द टोल के समीप पहुँचते ही दोनों के साथ आपसी भिड़ंत हो गई जिससे दुल्हे की गाड़ी में सवार दुल्हा दुल्हन व अन्य लोग बाल बाल बच गए। मामले को लेकर दोनों ओर से काफी नोक झोंक होने लगी जिसपर स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी जानकारी गोला थाना को दी गई।

चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से संपन्न

सिल्ली। सिल्ली मुरी क्षेत्र में रामनवमी एवं चैती दुर्गा पूजा बड़ी ही धूमधाम एवं हर्षोल्लाष के साथ सम्पन्न हुआ। चार दिनों तक ढाक की आवाज से क्षेत्र गुंजामय रहा। गुरुवार को टुंगरी पहाड़ पर विराजी मां दुर्गा का पुरोहित द्वारा विधिवत दशमी पुजा सम्पन्न होने के बाद नव पत्रिका का विर्सजन मुरी स्वर्ण रेखा नदी पर किया गया। शाम के समय सिंदूर खेला के साथ मां का विधिवत रुप से विर्सजन किया गया। एवं भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इस पुजा को सफल बनाने में कमिटी का काफी सराहनीय योगदान रहा।

मैट्रिक रिजल्ट में लड़कियों का दबदबा

प्रीति टॉप, दूसरे नंबर पर मेघा

संवाददाता

रामगढ़ । झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) ने शुक्रवार को माध्यमिक बोर्ड परीक्षा (10वीं बोर्ड) का रिजल्ट जारी कर दिया है। जिले में लड़कियों ने बाजी मार ली। हालांकि लड़के भी पीछे नहीं रहे और जबरदस्त टक्कर हुई। टॉप 10 की सूची जब जारी हुई तो उसके पहले पायदान पर प्रीति कुमारी रही। कर्मा हाई स्कूल कुजू की छात्रा प्रीति कुमारी ने 482 अंक हासिल किए हैं। उसे जिले में सबसे अधिक 96.40 प्रतिशत नंबर आए हैं। दूसरे नंबर पर पवन क्रूस हाई स्कूल भुरकुंडा की छात्रा मेघा कुमारी रही। उसे 480 अंक मिले हैं और वह जिले में दूसरे स्थान पर रही है। अपग्रेड हाई स्कूल कोरचे के छात्र प्रवीण कुमार और अपग्रेड हाई स्कूल चटाक की छात्रा नीलम कुमारी को 478 अंक मिले हैं। वह दोनों तीसरे स्थान पर रहे हैं। किशन हाई स्कूल डभातु, गोला की छात्रा सरिता कुमारी और बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा प्राची कुमारी को 476 अंक मिले हैं। वे दोनों चौथे स्थान पर रहे हैं। प्रॉप टेकलाल महतो हाई स्कूल सुगिया की छात्रा सादिया शाहीन 474 अंक लाकर पांचवें स्थान पर रही है। गांधी मेमोरियल प्लस टू हाई स्कूल रामगढ़ के छात्र हर्ष कुमार अग्रवाल, बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा आस्था कुमारी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु का छात्रा पीयूष कुमार 94.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उन तीनों को 473 नंबर मिले हैं और वह छठे स्थान पर रहे हैं। डिवाइन ओंकार मिशन हाई स्कूल रामगढ़ कैंट की छात्रा अल्का कुमारी को 471 अंक मिले हैं। वह सातवें स्थान पर रही हैं। पब्लिक हाई स्कूल कुजू का छात्र तरुण कुमार, एमजी हाई स्कूल देवरिया, भुरकुंडा की छात्रा छोटी कुमारी और डॉ आर एम एल एस हाई स्कूल वेस्ट बोकारो की छात्रा रिया कुमारी को 470 अंक मिले हैं। यह तीनों आठवें स्थान पर रहे हैं।

पवन क्रूस हाई स्कूल भुरकुंडा की छात्रा नैंसी कुमारी, बीएसवीएम बड़की डूंडी की छात्रा पूजा कुमारी और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पतरातु का छात्र क्रिष कुमार को 469 अंक मिले हैं। यह तीनों नवें स्थान पर रहे हैं। रेल श्रमिक हाई स्कूल पतरातु की छात्रा सुमन कुमारी और आदर्श हाई स्कूल सोसो का छात्र आदर्श कुमार को 468 अंक मिले हैं। यह दोनों दसवें स्थान पर रहे हैं।

नानी के घर रहकर पढ़ाई कर रही प्रीति , पिता हैं पलंबर

रामगढ़ । मैट्रिक की परीक्षा में मांडू प्रखंड के करमा उच्च विद्यालय करमा की छात्रा प्रीति कुमारी (17 वर्ष) पिता गोविंद महतो ग्राम कैथा रामगढ़ निवासी ने मैट्रिक की परीक्षा में 482 (96.4प्रतिशत) अंक लाकर जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय सहित क्षेत्र का नाम रौशन की है। परीक्षा में प्रीति ने हिंदी में 98, गणित में 98, अंग्रेजी में 99, विज्ञान में 96, और सामाजिक विज्ञान में 91 नंबर प्राप्त की है। प्रीति के पिता पलंबर मिस्त्री और माता तारो देवी गृहणी हैं। गरीबी के कारण बचपन से हीं प्रीति नानी के घर करमा में रहकर पढ़ाई कर रही थी। इस दौरान उसकी प्राथमिक शिक्षा अपने ही मामा रवि कुमार महतो के यूनिवर्सल प्लेनेट पब्लिक स्कूल से शुरू हुई। बाद में माध्यमिक शिक्षा करमा उच्च विद्यालय करमा से हुआ। जहां से उसने अपनी मेहनत के दम पर जिले में अव्वल होने का गौरव प्राप्त किया। अपनी सफलता पर प्रीति ने श्रेय मामा और विद्यालय के गुरुजनों को दी है। साथ ही कहा की वह ग्रेजुएट होने के बाद यूपीएससी की तैयारी करना चाहती है। उसकी इस सफलता पर नानी फुलकी देवी मामा रवि कुमार महतो, प्राचार्य सर्वेश्वर राम, पूर्व प्राचार्य शंकर प्रसाद समेत आस पास के लोगों ने खुशी जाहिर कर और मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए ईश्वर से उज्जवल भविष्य की कामना की।

एक से लेकर 19 वर्ष के बच्चों को खिलाई गई कृमि निरोधी दवा

खूंटी। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिले के सभी विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में एक से लेकर 19 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को कृमि की दवा एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत स्थानीय डीएवी पब्लिक स्कूल में मुख्य अतिथि अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान एवं जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी द्वारा संयुक्त रूप से विद्यालय के छात्र-छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर की ।

मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत संचान ने कहा कि हर हाल में सभी बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलानी है। मौके पर विद्यालय के बच्चों को दवा खाने के लिए प्रोत्साहित किया गया और कहा गया कि घर में छूटे हुए अपने भाई-बहनों को भी एल्बेंडाजोल की गोली खिलाने के लिए प्रोत्साहित करें। सिविल सर्जन नागेश्वर मांझी ने बताया कि जिले में कुल 301259 बच्चों को अल्बेंडाजोल की गोली खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आज जिले भर में चलाए जा रहे अभियान में छुटे हुए बच्चों को मौप-अप दिवस के तहत 26 अप्रैल को दवा खिलाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि कृमि से बच्चों को अनेकों तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कृमि पोषण तत्वों के अवशोषण में अवरोध पैदा करते हैं, जिसके कारण एनीमिया कुपोषण मानसिक एवं शारीरिक विकास में बाधक उत्पन्न होती है। कृमि मुक्ति से रोग प्रतिरोधक क्षमता में वृद्धि, स्वास्थ्य एवं पोषण में सुधार, एनीमिया में कमी,सीखने की क्षमता एवं कार्य करने की क्षमता में वृद्धि होती है। विद्यालय के प्राचार्य एम कुमार ने सभी को धन्यवाद दिया।

पुलिस ने 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को किया गिरफ्तार

संवाददाता

खूंटी। पुलिस ने शुक्रवार को 14 वर्षों से फरार नक्सली बोदन मुंडा को गिरफ्तार कर लिया। वह अड़की थाना क्षेत्र के गितिलबेड़ा गांव का रहने वाला है। खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरुण रजक ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस अधीक्षक को सूचना मिली थी कि फरार नक्सली बोदन मुंडा किसी अप्रिय घटना को अंजाम देने के उद्देश्य से अपने गांव गितिलबेड़ा आया हुआ है।

उन्होंने सूचना के सत्यापन और कार्रवाई के लिए सीडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। छापामारी टीम द्वारा गितिलबेड़ा में

नक्सली बोदन मुंडा के घर की घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। फरार नक्सली के विरुद्ध अड़की थाने में 2010 में विभिन्न संगीन धाराओं, आमर्स एक्ट, विस्फोटक पदार्थ अधिनियम, 17 सीएलए एक्ट का मामला दर्ज है।

सीआरपीएफ और पुलिस अधिकारियों को दिया गया चुनाव संबंधी प्रशिक्षण

संवाददाता

खूंटी। लोकसभा चुनाव को स्वतंत्र, स्वच्छ एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर प्रशिक्षण कोषांग, खूंटी द्वारा बिरसा कॉलेज, खूंटी परिसर में शुक्रवार को पुलिस पदाधिकारियों के लिए प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इसमें डीएसपी, पुलिस इंस्पेक्टर, पीएसआई, एएसआई एवं सीआरपीएफ के अधिकारी शामिल हुए। इस दौरान मतदान से पूर्व, मतदान के दिन और मतदान के बाद कार्य संपादन एवं दायित्वों की जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण के दौरान बताया गया कि चुनाव प्रक्रिया पूरी होने से पहले और बाद में उम्मीदवारों की सुरक्षा के साथ-साथ पूरी मतदान मशीनरी

और चुनाव सामग्री की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। चुनाव के दौरान पुलिस की भूमिका एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण माहौल बनाना है, जहां मतदाता बिना किसी हस्तक्षेप या भय के वोट देने के अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग कर सकें। पुलिस कानून के शासन को कायम रखने और संपूर्ण चुनावी प्रक्रिया की वैधता सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। पुलिसकर्मियों को बताया गया कि मतदान के दौरान मतदान केंद्रों के अंदर कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेवारी होती है। उम्मीदवारों, चुनाव अधिकारियों और मतदाताओं को सुरक्षा प्रदान करना, संवेदनशील चुनाव सामग्री और बुनियादी ढांचे को सुरक्षित करना, यातायात का प्रबंधन करना और मतदान केंद्रों और अभियान कार्यक्रमों तक लोगों की सुरक्षित आवाजाही, मतदान सामग्री जैसे मतपत्र, ईवीएम और वीवीपीएटी अन्य मतदान सामग्री का सुरक्षित परिवहन और भंडारण सुनिश्चित करना पुलिस का दायित्व होता है।

पुलिस पदाधिकारियों को बताया गया कि रैलियों और विरोध प्रदर्शनों के दौरान गड़बड़ी को रोकने के लिए भीड़ का प्रबंधन करना, चुनाव संबंधी अपराध की जांच कर उचित कार्रवाई करना, चुनाब कानूनों को लागू करना पुलिस की जबावदेही होती है। बताया गया कि पुलिस का यह कर्तव्य होता है कि मतगणना के लिए एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में मदद करें।

प्रशिक्षण के दौरान पुलिस पदसधिकारियों को सीयू, बीयू एवं वीवीपैट के संयोजन एवं कार्यप्रणाली की व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही चुनाव के दौरान उपयोग किये जाने वाले विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, पैकेटिंग आदि के संबंध में विस्तार से बताया गया। पीपीटी के माध्यम से निर्वाचन की प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। मॉक पोल, सिलिंग और वास्तविक मतदान, मतदान समाप्ति एवं पैकेटिंग से संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से बताया गया।

श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

संवाददाता

रामगढ़ । श्री श्री 1008 हनुमत प्राण प्रतिष्ठा सह रुद्र महायज्ञ बोंगाबार मंडाटांड में आयोजित कलश यात्रा के साथ साथ प्रारंभ हो गया। कलश यात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय महासचिव तिवारी महतो, भाजपा नेता जगेश्वर प्रजापति, वार्ड पार्षद हेमनी देवी, आजसू जिला उपाध्यक्ष जयकिशोर महतो शामिल हुए। इस दौरान यज्ञाचार्य ने अतिथियों को विधिवत पूजा - अर्चना कराया। साथ ही समिति के सदस्यों ने अगस्त देकर सम्मानित किया.

तत्पश्चात मुख्य अतिथि ने जीर्णोद्धार किए गए शिव मंदिर का फीता काटकर उद्घाटन किया। मौके पर अतिथियों ने कहा कि महायज्ञ के आयोजन से धर्म का प्रचार होने के साथ क्षेत्र का शुद्धिकरण भी होता है। महायज्ञ से हर इंसान के अंदर भगवान के प्रति आस्था जागृत होता है। इसलिए क्षेत्र महायज्ञ होना बहुत ही सौभाग्य की बात होती है। बाद में गाजे - बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में 1551 कलशधारी टूटी झरना मंदिर पहुंचे। जहां यज्ञाचार्य मनोज पांडेय, आचार्य धीरज कुमार पांडेय, अजीत तिवारी, मनीष पांडेय, रजनीश पांडेय, अतुल कुमार पांडेय अमित पाण्डेय, मौसम पांडेय अभिषेक पांडेय, मोदी, आशीष पांडेय ने यजमान बने चौधरी महतो, सुखदेव महतो, नारायण महतो, लक्ष्मण महतो, मक्खन महतो, प्रकाश महतो, रामजतन महतो, तरुण गिरी, अर्जुन प्रजापति, खुशलाल महतो, महेश कुशवाहा, धर्मनाथ महतो, इंदू करमाली, राजेंद्र महतो, लछु महतो, सुरेश महतो सह पत्नीक के हांथों विधिवत पूजा - अर्चना कराया। इसके बाद पवित्र जल को भरा गया। मौके पर अध्यक्ष राजू साव, विश्वामित्र महतो, तेज नारायण महतो, प्रेमलाल महतो, दिनेश्वर कुशवाहा, दीपक कुशवाहा, खेमन महतो, सुरेंद्र महतो आदि शामिल थे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातू का परीक्षाफल शत-प्रतिशत

रामगढ़ : झारखंड अधिविद्य परिषद रांची द्वारा 19 अप्रैल को मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर दिया गया। जिसमें रामगढ़ जिला अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका प्लस टू विद्यालय पतरातू की छात्राओं ने मैट्रिक परीक्षा में शत प्रतिशत अंक लाकर शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की छात्रा सुनेमा कुमारी ने मैट्रिक की परीक्षा में 418 अंक यानी 83.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्कूल टॉप बनने का गौरव प्राप्त किया है। वहीं, स्कूल की छात्रा कविता कुमारी 417 अंक यानी 83.40 प्रतिशत अंक के साथ दूसरे स्थान पर, मनीषा कुमारी 391 अंक यानी

78.20 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहीं । कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय की वार्डेन सह फिजिकल टीचर पुष्पा कुमारी ने कहा कि इस वर्ष हमारे विद्यालय से 42 बच्चियाँ प्रथम श्रेणी तथा द्वितीय श्रेणी से 28 बच्चियाँ उतीर्ण हुई हैं । स्कूल की वर्डेन पुष्पा कुमारी ने कहा कि यह छात्राओं के कड़ी मेहनत का परिणाम है । उन्होंने छात्राओं से भविष्य में इसी तरह मेहनत करते हुए आगे बढ़ने का आह्वान किया। वर्डेन पुष्पा कुमारी सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाओं ने छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव संपन्न

झांकी में क्रांतिकारी युवा मोर्चा खूंटी और अस्त्र-शस्त्र में वर्दी मेरा जुनून की महिला टीम ने मारी बाजी

संवाददाता

खूंटी। केंद्रीय रामनवमी महासमिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी महोत्सव अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता के साथ शुक्रवार को संपन्न हो गया। नेताजी चौक में रात भर चली प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विभिन्न अखाड़ों खिलाडियों न करतब दिखाये।

मौके पर विजेता मंडलियों को पुरस्कृत करते हुए समिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत एवं कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल ने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के बताए मार्ग पर चलना ही जीवन का उद्देश्य होना चाहिए। अस्त्रशस्त्र चालन प्रतियोगिता में अतिथि मंडलियों में श्री महावीर मंडल कडरू रांची को प्रथम, सरना समिति पुंदाग रांची को द्वितीय एवं फ्रेंड क्लब बड़कागढ़ रांची को तृतीय पुरस्कार से

सम्मानित किया गया। स्थानीय मंडलियों में वर्दी मेरा जुनून की महिला टीम को प्रथम, यंग स्टार क्लब मोहना टोली और जयश्री तुलसी मंडली शिवालय रोड खूंटी को द्वितीय एवं युवा क्रांति मंडली रेवा को तीसरा पुरस्कार मिला। झांकी में प्रथम स्थान क्रांतिकारी युवा मोर्चा मिश्रा टोली खूंटी, मिलन क्लब को द्वितीय स्थान, यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी की झांकी को तृतीय पुरस्कार दिया गया। नगर सज्जा के लिए प्रथम पुरस्कार मिलन क्लब खूंटी, द्वितीय पुरस्कार राम सेवा समिति को मिला, तृतीय पुरस्कार यंग स्टार क्लब मोहना टोली खूंटी को दिया गया। चार दिवसीय श्रीराम जन्मोत्सव में विशेष आकर्षण और सहयोग के लिए विशेष पुरस्कार महावीर मंडल भठठी रोड, विशाल शक्तिशाली युवा मोर्चा, न्यू स्वतंत्र महावीर मंडली दतिया एवं यंग मोनार्क क्लब नेताजी चौक खूंटी को दिया गया। पूरे आयोजन में अनुशासित तरीके से शामिल होने के लिए स्टार क्लब चौधरी तालाब खूंटी की मंडली को पुरस्कृत किया गया। अस्त्र-शस्त्र चालन प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में समिति के संरक्षक संजय मिश्रा और संजीव चौरसिया थे। इससे पूर्व अस्त्र शस्त्र चालन प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ संरक्षक संजय मिश्रा ने तलवार भांजकर किया। कार्यक्रम का संचालन कुमार सौरभ,लव चौधरी एवं सुनील साहू ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन को सफल बनाने में महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, कार्यकारी महामंत्री मुकेश जायसवाल, संरक्षक संजय मिश्रा,कोषाध्यक्ष बजरंग बाहेती,मनीष भगत,दामोदर प्रसाद गुप्ता,श्रीराम साहू आदि ने सहयोग किया।

चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित

संवाददाता

ओरमांझी। चकला प्रीमियर नॉक आउट नाइट क्रिकेट टूनार्मेंट ग्रीन गार्डन मैदान बनाचीरा में आईपीएल के तर्ज पर सीपीएन क्रिकेट टूनार्मेंट का पांचवां दिन का मैच स्टार 11 बरगाई बनाम एलबीएस ब्लॉक चौक के बीच खेला गया। जिसमें ब्लॉक चौक टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वहीं स्टार 11बड़ागाई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 80 रन मारा। जवाबी पारी खेलते हुए 65 रन में सिमट गई। और 15 रन से बड़ागाई ने जीत दर्ज की। वहीं साहिल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 बॉल में 37 रन मारकर मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। वहीं दूसरा मैच ईरबा बनाम आनंदी 11 के बीच खेला गया। जिसमें दोनों टीमों ने 68 68 रन बना कर ड्रॉ रहा। फिर सुपर ओवर में भी ड्रॉ हो गया। तीसरा बार सुपर ओवर में आनंदी ने 11 रन से मैच जीतकर अपना नाम किया। वहीं छोटा सा लड़का अरमान ने आनंदी के तरफ से शानदार प्रदर्शन करते हुए दो ओवर में दो विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच चुना गया। मौके पर मुख्य अतिथि अब्दुल कयूम अंसारी ने शानदार प्रदर्शन करने वाले साहिल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मौके पर समाजसेवी सह एकता मंच के सचिव अब्दुल कयूम अंसारी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल के आयोजनों से आपसी भाईचारा को बढ़ावा मिलता है साथ ही साथ सुदूरवर्ती इलाके के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका भी मिलता है। क्योंकि गांव की युवाओं में प्रतिभा छिपी होती है जिन्हें इस तरह आयोजन से अपनी खेल प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। मौके पर मुख्य रूप से मौके पर मुख्य रूप से जावेद आलम, जफर आलम, तबरेज आलम, अरमान अंसारी, आफताब अंसारी, राजा, शाहिद परवेज, जमील अख्तर, नसीम अंसारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

संक्षिप्त

कुएं में गिरने से एक की मौत

रांची। धुर्वा थाना क्षेत्र के बस स्टैंड स्थित बाबू साहब होटल के पीछे कुएं में गिरने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की शिनाख्त शशि कुमार उर्फ पिंकू के रुप में की गयी है। वह वकील शर्मा का पुत्र था। वह धुर्वा के डीटी 298 में रहता था। जानकारी के अनुसार कुएं के पास बैठा था। इसी दौरान वह अचानक गिर गया। इससे उसकी मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आस-पास के लोगों के सहयोग से शव को बाहर निकलवाया और जांच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है।

महिला को रौंदी तेज रफ्तार कार, मौत

रांची। तुपुदाना के पुराने ओपी के पास मुख्य सड़क पार करने के दौरान शुक्रवार को तेज रफ्तार कार ने एक महिला को रौंद दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने कार को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया है। मृतका की पहचान तुपुदाना निवासी रीता प्रसाद के रूप में हुई है। वह दुर्गा प्रसाद साहू की पत्नी थी। घटना के बाद आनन-फानन में घायल महिला को पारस अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में कार चालक आकाश कच्छप को गिरफ्तार कर लिया है। चालक मूल रूप से रांची के चुटिया थाना स्थित धूमसा टोली का रहने वाला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया है। फिलहाल पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

गांजा तस्करी के दोषी को 10 साल की सजा

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को 130 किलो गांजा की तस्करी के दोषी स्वेत कुमार को 10 साल की सजा सुनाई है। साथ ही उसपर एक लाख रुपए का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर उसे एक साल की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। आठ अगस्त 2021 को सिकिदरी थाना प्रभारी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने सड़क पर चेकिंग की, तो पुलिस को देखकर आरोपित कार छोड़ कर भाग गया था। पुलिस ने उसकी गाड़ी की तलाशी ली तो 18 बंडल गांजा और गाड़ी का ऑनर पेपर पाया गया था। गाड़ी का ऑनर पेपर से आरोपित तक पुलिस पहुंची और गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मामले में बचाव पक्ष की ओर से दो गवाह पेश किया गया था। जबकि अभियोजन पक्ष की ओर से आठ गवाह पेश किए गए थे।

रांची जिला कराटे चैंपियनशिप आज से

रांची। सिकोकाई कराटे इंटरनेशनल झारखंड एवं इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के संयुक्त तत्वावधान में 20 और 21 अप्रैल को 11वीं इमा कप रांची जिला कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया जाएगा। इस चैम्पियनशिप की मेजबानी बहू बाजार स्थित बिशप स्कूल को मिली है। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक शिहान सुनील किस्पोट्टा ने बतलाया कि दो दिवसीय इस प्रतियोगिता में रांची के विभिन्न स्कूलों एवं क्लबों के खिलाड़ी भाग लेंगे। इस चैंपियनशिप में कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी भी भाग ले रहे हैं। खिलाड़ियों की चयन प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। इस प्रतियोगिता में कुल 54 स्वर्ण पदक दाव पर होंगे। पांच साल से 45 साल तक के खिलाड़ी अलग-अलग आयु वर्ग एवं वजन वर्ग के स्पर्धा में भाग लेंगे।प्रतियोगिता सब जूनियर कैडेट जूनियर एवं सीनियर वर्ग में होंगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा

निर्वाचन की तैयारियों में नहीं चलेगी शिथिलता और बहानेबाजी: रवि कुमार

संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारियों में कोई शिथिलता और बहानेबाजी नहीं चलेगी। गर्मी-धूप लग रही तो माथे पर गमछा लगाएं और क्षेत्र भ्रमण कर निरोधात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। निर्वाचन कार्य की तैयारियों में बेहतर परिणाम चाहिए। यह बातें राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कही। वे शुक्रवार को लोकसभा चुनाव के तहत पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले में अबतक की गई तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे।

गढ़वा जिले के समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने अवैध शराब की बिक्री एवं आवाजाही पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया। उन्होंने संपूर्ण जिला क्षेत्र के साथ-साथ बॉर्डर क्षेत्र के प्रखंड एवं थाना क्षेत्रों में सघन छापेमारी एवं जांच अभियान चलाकर संलिप्त आरोपितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। रवि कुमार ने उत्पाद अधीक्षक को अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के लिए पुलिस पदाधिकारियों के साथ समन्वय कर संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुए 22 अप्रैल तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। साथ ही पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान सुनिश्चित कराने को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने का निर्देश दिया।

इस बार दिनभर मतदान

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार इस बार दिन भर मतदान होगा। सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। उन्होंने अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला चेक पोस्ट पर विशेष निगरानी रखते हुए सघन जांच कराने का निर्देश दिया।

गर्मी के मद्देनजर पेयजलापूर्ति की रखें मुकम्मल व्यवस्था

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि गर्मी का मौसम है। पानी की समस्या सामने आने लगी है। ऐसे में मतदान केन्द्रों पर पेयजलापूर्ति की मुकम्मल व्यवस्था सुनिश्चित करें। पानी की किल्लत वाले मतदान केन्द्रों पर टैंकर से भी पेयजलापूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया।

मतदाता जागरुकता रथ को दिखाई हरी झंडी

लोकसभा चुनाव को लेकर आज मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के. रवि कुमार ने स्वीप कार्यक्रम के तहत गढ़वा समाहरणालय परिसर से पलामू लोकसभा क्षेत्र के गढ़वा जिले के लिए मतदाता जागरुकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। एलईडी युक्त इस रथ के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जायेगा।

बैठक में राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर, एसटीएफ के डीआईजी इन्द्रजीत महथा, पलामू प्रक्षेत्र के आईजी नरेन्द्र कुमार सिंह, डीआईजी वाइएस रमेश, गढ़वा जिला के जिला निर्वाचन पदाधिकारी शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय स्वीप के राज्यस्तरीय प्रभारी देवदास दत्त सहित निर्वाचन कार्य से संबंधित सभी पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

शस्त्र जमा नहीं करने वालों के विरुद्ध करें कार्रवाई

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने शस्त्र जमा कराने की कार्रवाई में गति लाने का निर्देश दिया। शस्त्र जमा नहीं करने वालों की शस्त्र अनुज्ञप्ति रद्द करने का निर्देश दिया। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन की स्थिति पर कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन ससमय करने का भी निर्देश दिया।

स्वास्थ्य सुविधा के लिए मतदान केन्द्रों का करें मैपिंग

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मतदान केन्द्रों पर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को मतदान केंद्र का मैपिंग करते हुए एएनएम, जीएनएम सहिया आदि की तैनाती कर आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराये ताकि मतदान के दिन मतदान कर्मियों एवं मतदान केंद्र पर आने वाले मतदाताओं को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान हो सके।

अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए चलाएं विशेष अभियान: ए.वी होमकर

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ए.वी. होमकर ने सभी हिस्ट्रीशीटर, किंगपिन एवं वारंटियों के खिलाफ विशेष अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने संबंधी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है। उन्होंने अपराधी, असामाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने वालों के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश दिया। साथ ही भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे हुए अपराधियों के विरुद्ध कुर्की जब्ती सहित अन्य कार्रवाई करते हुए रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया।

सोशल मीडिया सेल को रखें एक्टिव, 24 घंटे रखें निगरानी

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सोशल मीडिया सेल को एक्टिव रखते हुए 24 घंटे कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पोस्ट पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

रांची में तस्करी का आरोपी गिरफ्तार, ब्राउन शुगर बरामद

संवाददाता

रांची। राजधानी की सुखदेव नगर थाना पुलिस ने ब्राउन शुगर के साथ तस्करी के आरोपित पिन्टू साह को गिरफ्तार किया है। इसके पास से 26 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाईल फोन बरामद हुआ है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बिहार के सासाराम से एक व्यक्ति ब्राउन शुगर (मादक पदार्थ) लेकर रांची के सुखदेवनगर क्षेत्र में सप्लाई करने आ रहा है। सूचना के बाद कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। आकाशवाणी रातू रोड के पास पुलिस टीम को देखकर कुछ लोग भागने लगे। इस दौरान टीम ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। उसके पास से ब्राउन शुगर बरामद किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपित ने बताया कि वह सासाराम से रांची में ब्राउन शुगर सप्लाई करता है और बीच-बीच में रांची लाकर भी देता है। संवाददाता सम्मेलन के दौरान सिटी एसपी राजकुमार मेहता, डीएसपी प्रकाश सोय और थाना प्रभारी मनोज कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

मोबाइल चोरी मामले में चार गिरफ्तार, 13 मोबाइल बरामद

रांची। डेली मार्केट थाना पुलिस ने चोरी के 13 मंहगे मोबाईल चोरी करने के मामले में चार चोर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार चोरों में लखन भाट, नरेश सिंह, गोविंद सिंह और कृष्णा सिंह शामिल है। चारों पश्चिम बंगाल के रहने वाले है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने शुक्रवार को बताया कि रामनवमी के जुलूस के दिन रात में मेन रोड के हनुमान मंदिर के पास कुछ लोगों से मोबाईल चोरी को लेकर स्थानीय लोग पूछताछ कर रहे थे। मामले की जनकारी मिलते ही पुलिस पहुंची और पूछताछ की। पूछताछ में चारों ने मोबाईल चोरी की बात स्वीकार की। इनके निशानदेही पर 13 चोरी के मोबाईल फोन बरामद किये गये। सभी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

'उलगुलान न्याय महारैली' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी : सुप्रियो भट्टाचार्य

संवाददाता

रांची। रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को झामुमो के नेतृत्व में इंडी गठबंधन की उलगुलान न्याय महारैली का आयोजन होना है। इसको लेकर इंडी गठबंधन में शामिल झामुमो, राजद, आप पार्टी की एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन शुक्रवार को हरमू स्थित झामुमो के पार्टी कार्यालय में हुई।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि उलगुलान न्याय महारैली ' देश और राज्य के लिए ऐतिहासिक होगी। इस प्रभात मैदान को हमलोगों ने इसलिए चुना है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी योग कार्यक्रम में इसी प्रभात तारा मैदान में आए थे। अब इसी मैदान से केंद्र सरकार को उखाड़ने का शंखनाद किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस महारैली में शामिल होने के लिए लोग सुबह से ही दूर-दूर से पैदल चल कर आयेंगे। यहीं नहीं दो साल से वेतन से वंचित चल रहे एचईसी कर्मी और मजदूर भी रैली में शामिल होंगे। फल, सब्जी बेचने वाले भी आयेंगे। उन्होंने कहा कि इस रैली के जरिये भाजपा को भारी नुकसान होने वाला है। सुप्रियो ने कहा कि प्रधानमंत्री डर गए हैं। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि उलगुलान रैली को लेकर सभी जिला अध्यक्ष और प्रखंड अध्यक्ष को जिम्मेदारी दे दी गई है। इस रैली से भाजपा की केंद्र सरकार को उखाड़ने का उलगुलान होगा।

अयोध्या रामलला का दर्शन नहीं करने वालों को सनातन के बारे में बोलने का अधिकार नहीं: आदित्य साहू

संवाददाता

रांची। भाजपा प्रदेश महामंत्री और राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग काफी बौखलाहट में हैं। देश की जनता जानती है कि इंडी गठबंधन के लोग सनातन विरोधी है। ये लोग समय समय पर सनातन विरोधी बात बोलकर देश के सनातन समाज की भावना को आहत को ठेस पहुंचाते एवं चिढ़ाते रहते हैं। आदित्य साहू शुक्रवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। साहू ने कहा कि 500 वर्षों से प्रभु श्रीरामलला एक झोपड़ी में विराजमान थे। राम मंदिर निर्माण की उम्मीदों में 500 वर्षों में कितनी पीढियां खप गईं। इतने वर्षों के संघर्षों के बाद एक गरीब मां का बेटा, चाय वाला का बेटा भारत मां का बेटा नरेन्द्र मोदी ने देश का प्रधानमंत्री बना और रामलला का भव्य एवं दिव्य मंदिर बनने का मार्ग प्रशस्त हुआ। साहू ने कहा कि देश-दुनिया के सनातनी समाज के लोग अयोध्या रामलला का दर्शन करने लाखों की संख्या में प्रतिदिन जा रहे है लेकिन इंडी गठबंधन के लोगो को आमंत्रण देने के बाद भी अयोध्या रामलला का भव्य मंदिर दर्शन करने नहीं जा रहे हैं। इंडी गठबंधन के लोग राम मन्दिर नहीं जा सकते तो उनको सनातन के बारे में बोलने का कोई अधिकार नहीं है। साहू ने कहा कि सनातन धर्मावलंबियों ने इंडी गठबंधन के लोगों को पहले भी औकात बता चुके हैं। लोकसभा चुनाव में सनातन समाज इन लोगों को फिर इनकी औकात बताने का काम करेगा। उन्होंने कहा कि रांची में होने वाली इंडी गठबंधन की महारैली में मैदान भरने की इनकी ताकत नहीं है, तो बगल के राज्यों बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, बिहार सहित कई राज्यों से लोगों को बुलाकर मैदान भरने का प्रयास किया जा रहा है। महारैली में इन लोगों को झारखंड के लोगों पर भरोसा नहीं है। वे जानते हैं कि इस महारैली में जनभागीदारी बिल्कुल भी नगण्य रहेगी।

रांची के मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में हॉकी लीग आज से

संवाददाता

रांची। रांची के हॉकी प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। 20 साल बाद एक बार फिर से हॉकी रांची लीग शुरू होनेवाली है। इस लीग से उभरते खिलाड़ियों को अपना कौशल निखारने का मौका मिलेगा। शनिवार से मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में लीग शुरू होगी। इसके लिए तैयारी पूरी कर ली गयी है।लीग में कुल 18 टीमें भाग ले रही हैं। इनमें पुरुषों की 12 और महिलाओं की छह टीमें शामिल हैं। इसके लिए हॉकी रांची की ओर से कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। पुरुषों की टीम को दो अलग-अलग पूल में रखा गया है। लीग का पहला चरण 26 अप्रैल तक चलेगा। इसके बाद 30 अप्रैल से पहली राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग रांची में होगी, जो 10 मई तक चलेगी। इस टूनार्मेंट के बाद हॉकी रांची लीग का दूसरा चरण शुरू होगा। हालांकि दूसरे चरण की तिथियों की घोषणा नौ मई के बाद की जायेगी।प्रतिदिन दो मैच खेले जायेंगे। शनिवार को दोपहर दो बजे से पुरुष वर्ग के पहले मैच में बापू क्लब व रेलवे की टीम आमने-सामने होगी। वहीं, शाम चार बजे से महिला वर्ग के मुकाबले में सुपर क्वीन वीमेन क्लब का सामना साइ रांची से होगा।

हत्याकांड के मुख्य आरोपी की जमानत याचिका खारिज

संवाददाता

रांची। अपर न्यायायुक्त एमसी झा की अदालत ने शुक्रवार को जमीन कारोबारी कमल भूषण के एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या के मामले में मुख्य आरोपित डब्लू कुजूर की जमानत याचिका खारिज कर दी है। आरोप है कि डब्लू कुजूर और राहुल कुजूर के इशारे पर एकाउंटेंट संजय कुमार की हत्या हुई थी। पांच जुलाई, 2023 को एकाउंटेंट संजय कुमार ऑफिस से घर लौट रहे थे। इसी दौरान शूटरों ने गोली मारकर उनकी हत्या कर दी थी। हत्याकांड को लेकर एसआईटी गठित की गई थी। मामले में डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित 10 आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में कांड संख्या 269/2023 के दर्ज कराई गई थी। मामले के सभी आरोपित जेल में है। इनपर कोर्ट में 22 अप्रैल को आरोप गठित होना है। उल्लेखनीय है कि कारोबारी कमल भूषण की हत्या साल 2022 में रातु रोड के गैलेक्सियां मॉल के पास गोली मारकर की गई थी। इस मामले में भी डब्लू कुजूर, उसकी पत्नी सुशीला कुजूर और बेटा राहुल कुजूर सहित कई आरोपितों के खिलाफ सुखदेव नगर थाना में (कांड संख्या 238/2022) दर्ज कराया गया था।

उलगुलान महारैली को लेकर बैनर-होर्डिंग्स से पटी रांची

देश को तानाशाही से मुक्ति और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने का उलगुलान : मनोज पांडेय

संवाददाता

रांची। रांची के प्रभात तारा मैदान में 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान रैली लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रैली से पहले पूरे रांची को पोस्टरों और बैनरों से पाट दिया गया है। रांची में बड़े-बड़े पोस्टर और हॉर्डिंग्स लगाये गए हैं। पोस्टर में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी कल्पना सोरेन की बड़ी तस्वीर लगाई गई है। पोस्टर में झारखंड के स्वतंत्रता सेनानियों का फोटो सबसे ऊपर लगाया गया है। कुछ पोस्टर में शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन की फोटो है।

कहा जा रहा है कि चुनावी व्यस्तता की वजह से दक्षिण भारत के कई दिग्गज महारैली में शामिल नहीं हो पाएंगे। हालांकि, उन्होंने झामुमो नेतृत्व को यह जानकारी दी है कि महारैली जिन मुद्दों पर आयोजित की जा रही है और आगे जो रणनीति बनेगी उसमें उनका साथ रहेगा।

झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने कहा कि 21 अप्रैल को होने वाली महारैली कोई सामान्य या चुनावी महारैली नहीं है, बल्कि यह देश को तानाशाही से मुक्ति, संविधान बचाने और झारखंडी जन आकांक्षाओं को आवाज देने की महारैली है। उन्होंने कहा कि देश भर के विपक्षी नेताओं की साझा आवाज प्रभात तारा मैदान से बुलंद होगी। संविधान बचाने, भाजपा की समाज को बांटने की नीति, वन अधिकार कानून में बदलाव, किसानों को एमएसपी , महंगाई, बेरोजगारी सहित तमाम ऐसे मुद्दे हैं, जिसके खिलाफ उलगुलान होगा।

मनोज ने कहा कि मंच से सुनीता केजरीवाल और कल्पना सोरेन एक ही मंच से यह बताएंगी कि कैसे साजिश रचकर उनके पति को सिर्फ इसलिए जेल के अंदर डाल दिया गया क्योंकि वह एक तानाशाह के सामने झुके नहीं।

महारैली में पंजाब के सीएम और आप नेता भगवंत सिंह मान, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल, आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी, शिव सेना की प्रियंका चतुर्वेदी, उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव, पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेशनल कॉन्फ्रेंस के फारुख अब्दुल्लाह, सीपीआई माले के दीपांकर भट्टाचार्या और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के प्रतिनिधि के रूप में डेरेक ओ ब्रायन, राजद के राज्यसभा सदस्य मनोज झा सहित कई नेता शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय उपाध्यक्ष चम्पाई सोरेन, झारखंड सरकार में शामिल झामुमो, कांग्रेस और राजद के मंत्री भी उलगुलान महारैली में उपस्थित रहेंगे।

लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना: दिनेश कुमार यादव

रांची। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर स्वीप रांची की ओर से मतदाता जागरूकता के लिए लगातार विभिन्न तरह की गतिविधियां आयोजित की जा रही है। विशेषकर शहरी क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को हेहल स्थित केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में बेहतर मतदान को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में वैसे बूथ जहां मतदान प्रतिशत पिछले लोकसभा चुनाव में कम था, वहां मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता पर चर्चा की गई। बूथ संख्या 77-87 पर मतदान प्रतिशत कम होने के कारण पर विचार विमर्श करते हुए ज्यादा से ज्यादा मतदाताओं को मतदान के दिन बूथ तक लाने पर चर्चा की गई। नोडल पदाधिकारी स्वीप सह उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव ने कहा कि बीएलओ, बीएलओ सुपरवाइजर और बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। ₹लोकतंत्र का क्रम टूटे ना कोई मतदाता छूटे ना₹ का अनुपालन करते हुए अपने आसपास के मतदाताओं को जागरूक करें, उन्हें सपरिवार वोटिंग और वोट के दिन रिश्तेदारों, दोस्तों के साथ मतदान केंद्र पहुंचने के लिए प्रेरित करें। एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने कहा कि घर-घर जाकर लोगों को लोकतंत्र के निर्माण में एक वोट के महत्व के बारे में बताएं और उन्हें मतदान के दिन सपरिवार वोटिंग के लिए प्रेरित करें।

संक्षिप्त

दुष्कर्म के दोषी को उम्रकैद की सजा

गिरिडीह। नाबालिग के साथ दुष्कर्म और गर्भपात कराने के मामले में पॉक्सो कोर्ट ने शुक्रवार को सात दोषियों को सजा सुनायी है। इसमें मुख्य दोषी शिवनारायण सिंह को कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा सुनाने के साथ 25 हजार का जुमार्ना लगाया है। पॉक्सो जज सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश यशवंत प्रकाश ने सातों दोषियों को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सजा सुनायी।

इनमें एक डॉ. यूसूफ आलम को सात साल की सजा एवं सोमर सिंह, भोला सिंह, डेगनारायण महतो, मनोज महतो तीन-तीन माह का सजा सुनायी है। पॉक्सो के विशेष जज यशवंत प्रकाश ने सजा सुनाने के दौरान मामले को बेहद गंभीर बताया। नाबालिग से दुष्कर्म और गर्भपात का मामला जिले के निमियाघाट थाना इलाका से जुड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार साल 2015 में नाबालिग के साथ शिवनारायण सिंह ने दुष्कर्म किया। इसके बाद पीड़िता का निमियाघाट के डॉक्टर यूसुफ आलम के यहां गर्भपात कराया गया। इसमें शिवनारायण सिंह के साथ चार लोगों ने सहयोग किया। इसके बाद निमियाघाट थाना में केस दर्ज किया गया।

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

लोहरदगा। स्वीप कोषांग के तत्वावधान में आज व्यवहार न्यायालय में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पीडीजे अरविंद कुमार पांडेय, डालसा सचिव राजेश कुमार और स्वीप कोषांग की वरीय पदाधिकारी सीता पुष्पा ने की। इस मौके पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरविंद कुमार पांडेय ने कहा कि मतदान एक राष्ट्रीय पर्व है। पीएलवी मेम्बर्स सभी गांवों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करें। डालसा सचिव ने कहा कि पहले सिर्फ ग्रेजुएट को ही मतदान का अधिकार था लेकिन अब मतदान का अधिकार सबको मिला हुआ है। मतदाता को मत का अधिकार देने के लिए निर्वाचन आयोग कई सुविधाएं दे रहा है। कार्यक्रम में जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने फॉर्म-6, टॉल फ्री नम्बर 1950, सी-विजिल एप, वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप इत्यादि की जानकारी दी। कार्यक्रम में मतदाता जागरुकता के वीडियो दिखाए गए। साथ ही सभी पीएलवी मेम्बर्स में सभी संबंधित मोबाइल एप डाउनलोड कराए गए।

तीन लाख की नकली अंग्रेजी शराब जब्त

धनबाद। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धनबाद उत्पाद विभाग की ओर से लगातार अवैध नकली शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। शुक्रवार को इसी क्रम में निरसा थाना क्षेत्र के गोरगा बस्ती में उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस के द्वारा फरार चल रहे अवैध नकली अंग्रेजी शराब व्यवसायी विकास साहनी के आवास पर छापेमारी की गई, जहां से छापेमार दल ने करीब तीन लाख रुपये नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया हैं।

पुलिस की नजर में फरार चल रहे विकास साहनी अपने घर में मिनी नकली शराब फैक्टरी संचालित कर रहा था। टीम ने उसके आवास से 4 लीटर कैरामिल, करीब 350 लीटर स्प्रिट, विभिन्न ब्रांडो का बना हुआ 14 पेटी कुल 124 लीटर नकली शराब और भारी मात्रा में लेबल, कैप बरामद किया है। इसकी कीमत करीब लाख रुपए बताई जा रही है।

विकास साहनी के ऊपर पहले से चार मामले दर्ज हैं। जिसमें वह फरार चल रहा हैं। इससे पहले भी उत्पाद विभाग द्वारा उसके आवास पर छापेमारी की गई थी। उस वक्त भी उसके आवास से काफी मात्रा में नकली शराब जप्त किया गया था। उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त संजय कुमार मेहता ने बताया कि फरार आरोपित विकास साहनी के ऊपर उत्पाद विभाग और स्थानीय पुलिस तहकीकात कर उसे पकड़ने के लिए लगातार छापेमारी कर रही है।

पांडू हिंसा में दोनों पक्षों को मिलाकर 10 गिरफ्तार

संवाददाता

पलामू। पांडू, थाना क्षेत्र के कजरू कला में दो पक्षों में हुई हिंसक झड़प मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। दोनों पक्षों से पांच-पांच लोगों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया है। अन्य 30 से 40 अज्ञात लोगों की पड़ताल जारी है। स्थिति को सामान्य करने में जुटी है। पुलिस लगातार बस्ती में कैंप कर निगरानी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि गुरुवार शाम रतनाग एवं रबरा ग्राम के लगभग 10 मोटरसाइकिल पर सवार युवक भगवा झंडा लगाए कजरुकला के पुराने मस्जिद की ओर से गुजर रहे थे। इसी बीच विशेष समुदाय के कुछ लोगों ने उन पर हमला करते हुए कई मोटरसाइकिलों को क्षतिग्रस्त कर दिया था एवं सवार लोगों से मारपीट की थी। इसका वीडियो भी सामने आया था।

सूचना मिलने पर विश्रामपुर के एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार ने दल बल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति की जानकारी ली। देर रात पर एसडीपीओ मौके पर डटे रहे। स्थिति नियंत्रण में बतायी गयी है। घटनास्थल पांडू प्रखंड मुख्यालय से 4 किलोमीटर दूर है, जबकि जिला मुख्यालय से इसकी दूरी 65 किलोमीटर है।

इधर, घटना की जानकारी पाकर क्षेत्रीय विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने पांडू थाना पहुंचकर मामले की जानकारी ली एवं क्षेत्र में शांति बनाए रखने की अपील की।

पिटायी से जख्मी युवकों का कहना है कि बाइक से कजरू कला बाजार से सटे मस्जिद गली से होकर निकल रहे थे। इसी बीच दूसरे पक्ष के विशेष समुदाय के युवकों ने अचानक उनकी पिटायी शुरू कर दी। पूरे परिवार के लोगों ने मिलकर मारपीट की। मारपीट करने की योजना पहले से तय लगती थी। उन्हें जानवरों की तरह पीटा गया। शरीर पर जगह जगह जख्म बन गए हैं। अगर वे मौके से बाइक छोड़कर नहीं भागते तो उनकी हत्या भी हो सकती थी। ऐसे में उन्हें मौके पर ही अपनी अपनी बाइक छोड़कर व जान बचाकर भागना पड़ा। मारपीट करने से पहले उस इलाके की बती बुझा दी गयी थी। प्रभावित लोगों ने कहा कि जिस इलाके में मारपीट हुई, वहां के लोग हमेशा हिंसा पर उतारू रहते हैं। बात बात पर मारपीट करने लगते हैं।

गिरफ्तार लोगों में कौन कौन

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार लोगों में एक पक्ष से तौफीक आलम, तौफीक अंसारी, असगर अली, नसीम अंसारी, अमजद अली (सभी ग्राम कजरुकला) जबकि दूसरे पक्ष से ललन चौधरी, सोनू कुमार चौधरी, अनिल कुमार चौधरी, विकास चौधरी, विकास कुमार चौधरी (सभी ग्राम रत्नाग) के निवासी हैं।

देवघर में दो आरोपी गिरफ्तार, शराब जब्त

देवघर। जिले की देवीपुर थाना पुलिस ने दो किराना दुकानों में छापेमारी कर विभिन्न ब्रांड के शराब बरामद किया है। देवीपुर थाना क्षेत्र के मनिवारपुर मोड़ स्थित विनोद यादव के किराना दुकान और कोल्हड़िया मोड़ स्थित सुनील मंडल के दुकान में छापेमारी कर शराब बरामद किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दुकान में अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बेचा जाता है। इसी सूचना पर पुलिस की छापेमारी टीम विनोद यादव के मनिवापुर मोड़ स्थित किराना दुकान में छापेमारी करने पहुंची। विनोद यादव की निशानदेही पर किराना दुकान के पीछे स्थित घर के एक कमरे में रखा 70 बोतल शराब और बीयर बरामद किया गया। पुलिस ने आरोपित दुकानदार विनोद यादव को गिरफ्तार कर लिया। कोल्डड़िया मोड़ स्थित सरकारी विदेशी शराब दुकान के बगल में सुनील मंडल के जनरल स्टोर से अलग-अलग कम्पनी का अवैध शराब बरामद किया गया। दुकानदार सुनील मंडल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

लोहरदगा में दूसरे दिन भी किसी प्रत्याशी ने नहीं किया नामांकन

लोहरदगा। लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है लेकिन लोहरदगा में किसी भी दल के प्रत्याशी ने अब तक नामांकन नहीं किया है। लोहरदगा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट किया गया है कि शुक्रवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया। लोहरदगा लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने को लेकर कांग्रेस और भाजपा ने प्रत्याशियों के नाम की घोषणा काफी पहले कर दी है, जिसमें भाजपा की ओर से समीर उरांव और कांग्रेस से सुखदेव भगत चुनावी मैदान में हैं लेकिन न तो भाजपा के उम्मीदवार और न ही कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी की ओर से अभी तक नामांकन को लेकर कोई रुचि दिखाई गई है। इसके पीछे की वजह बेहद महत्वपूर्ण है। भाजपा प्रत्याशी समीर उरांव ने कहा कि वे 24 अप्रैल को नामांकन प्रपत्र दाखिल करेंगे जबकि कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी सुखदेव भगत ज्योतिष परामर्श के बाद 22 अप्रैल के बाद नामांकन करेंगे। लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में इस बार 14 लाख 37018 मतदाता लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे, जिसमें 07 लाख 7402 पुरुष और 07 लाख 29616 महिला मतदाता हैं। प्रत्याशियों के नामांकन के साथ ही चुनाव प्रचार भी जोर पकड़ लेगा।

तालाब में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

गिरिडीह ।डुमरी थाना इलाके के तेलखरा में शुक्रवार को तालाब में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों सगे भाई थे। दोनों अपने मामा के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आये थे। बताया जाता है कि बगोदर के गुरगुरिया टांड़ निवासी चन्द्रिका साव की पत्नी टुनुआ देवी अपने दोनों बेटे आशीष कुमार और छोटु कुमार के साथ तेलखरा अपने मौसेरे भाई प्रकाश साव के घर शादी समारोह में भाग लेने तेलखरा आयी थी। शुक्रवार की दोपहर आशीष और छोटु अपनी मां और घर की अन्य महिलाओं के साथ स्नान करने घर के कुछ दूरी पर स्थित तालाब गये थे। इसी दौरान एक भाई डूबने लगा तो यह देख दूसरा भाई उसे बचाने गया और दोनों डूबने लगे।

97 प्रतिशत अंक लाकर निखिल कुमार बना कोडरमा जिला टॉपर

संवाददाता

कोडरमा। झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने शुक्रवार को मैट्रिक का रिजल्ट घोषित कर दिया । जारी मेरिट लिस्ट में निखिल कुमार ठाकुर ने मेरिट लिस्ट में जगह बनाते हुए कोडरमा जिला टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। निखिल ने मैट्रिक की परीक्षा सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय झुमरीतिलैया से दी है।

जयनगर प्रखंड के गोहाल निवासी निखिल कुमार ठाकुर ने बताया कि मैट्रिक में बेहतर परिणाम को लेकर उन्होंने कड़ी मेहनत की थी। स्कूल में शिक्षकों के मार्गदर्शन के उपरांत घर में भी परीक्षा को लेकर खास तैयारी की गई। निखिल ने बताया कि जैक मैट्रिक के परिणाम में उन्हें अंग्रेजी में 96 अंक, हिंदी में 98 अंक, गणित में 98 अंक, साइंस में 98 अंक, संस्कृत में 96 अंक, कुल 486 अंक के साथ 97.20 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं।

मैट्रिक की परीक्षा में बेहतर अंक प्राप्त करने को लेकर उन्होंने 9वीं कक्षा से ही विषयों पर विशेष ध्यान देना शुरू कर दिया था। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे उठकर 2 घंटे की पढ़ाई करना उनके दिनचर्या में शामिल थी।

उन्होंने बताया कि सफलता के पीछे समय प्रबंधन और परिश्रम का काफी योगदान होता है। दोनों के बीच सामंजस बैठने के बाद आज उन्हें बेहतर अंक प्राप्त हुए हैं। निखिल ने बताया कि उनके पिता नंदलाल ठाकुर गांव में ही एक छोटी सी सैलून चलते हैं। इसके अलावा उनके पिता खेती के कार्य से भी जुड़े हुए हैं। जबकि माता रीना देवी गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि 12वीं में विज्ञान की पढ़ाई करने के बाद उनका सपना आईआईटी में दाखिला लेकर कंप्यूटर इंजीनियरिंग की शिक्षा हासिल करना है।

काशफा निगार मैट्रिक में प्रथम श्रेणी से पास

तोपचांची /धनबाद । झारखंड अधिविध परिषद रांची द्वारा आज मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया गया जिसमें तोपचांची प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित उच्च विद्यालय कांडेडीह के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस विद्यालय की छात्रा काशफा निगार पिता मोहम्मद इस्लाम अंसारी जो लोकबाद गांव की रहने वाली है इसने मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से कामयाबी हासिल की है, इसका रोल नंबर 0182 और रोल कोड 23118 है। काशफा निगार की कामयाबी पर उनके माता-पिता, दादा, चाचा चाची, नाना नानी, मामा,खाला, फूफा फूफी, और अन्य रिश्तेदार, घर खानदान के लोग काफी खुश है और उसे बधाई दे रहे हैं, और उसके उज्जवल भविष्य की कामना कर रहे हैं। काशफा के पिता मोहम्मद इस्लाम अंसारी ने बताया कि मेरी पुत्री काफी मेहनती है और पढ़ने का जज्बा इसके अंदर कूट-कूट के भरा है, मैं आप सभो से प्रार्थना के साथ अपील करता हूं कि मेरी पुत्री के लिए दुआ करें ताकि वह उच्च शिक्षा हासिल कर देश, राज्य, जिला, प्रखंड, पंचायत, और गांव के साथ साथ अपना और अपने शिक्षक, माता-पिता और खानदान का नाम रोशन कर सके और समाज की सेवा कर सके। इस्लाम अंसारी ने आगे कहा के मेरी पुत्री उच्च शिक्षा के लिए जहां भी जिस संस्था में नामांकन कराने की इच्छुक है मैं उसका नामांकन कराऊंगा और उसे उच्च शिक्षा दिलाऊंगा। मेरी ख्वाहिश है कि मेरी बेटी डॉक्टर बनकर गरीबों की सेवा करे। पुनः मैं आप लोगों से अनुरोध करूंगा कि मेरी पुत्री की उज्जवल भविष्य के लिए दुआ जरूर करें ताकि वह उच्च शिक्षा हासिल कर सके और समाज की सेवा कर सके।

दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं, दो फार्म बिके

संवाददाता

पलामू। पलामू अजा संसदीय सीट चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया गुरुवार से शुरू है। दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ। मात्र दो नोमिनेशन फार्म बिके। बता दें कि पिछले दो दिनों के दौरान 6 नामांकन पत्र बिक चुक हैं। दूसरे दिन लोकहित अधिकार पार्टी के सनन राम एवं भारतीय कम्युनिष्ट पार्टी के अभय कुमार भुइयां ने नामांकन पत्र खरीदे। नामांकन 25 अप्रैल तक चलेगा।

नामांकन का पर्चा समाहरणालय में निवार्ची पदाधिकारी के समक्ष भरा जायेगा। इसे लेकर समाहरणालय और आस पास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। पर्याप्त संख्या में महिला-पुरूष सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है, जो आने-जाने वालों पर नजर बनाये हुए हैं। नामांकन जांच यानी स्क्रूटनी 26 अप्रैल को और नाम वापसी की अंतिम तिथि 29 अप्रैल है काउंटिंग की तिथि चार जून निश्चित है। 13 मई को चौथे फेज में पलामू के साथ लोहरदगा, खूंटी और सिंहभूम में भी मतदान कराया जाएगा। पलामू जिले में चौथे के साथ-साथ पांचवें चरण में भी चुनाव होगा। पांचवें चरण का मतदान 20 मई को निर्धारित है। पलामू के पांकी विधानसभा क्षेत्र के चतरा संसदीय क्षेत्र में पड़ने के कारण उसका चुनाव पांचवें चरण में होगा।पलामू संसदीय सीट के अंतर्गत 6 विधानसभा क्षेत्र आते हैं, जबकि चतरा के अंतर्गत चार विधानसभा क्षेत्र पड़ते हैं। मतदाताओं की बात करें तो इस बार के चुनाव में पलामू में 17 लाख 1327 मतदाता हैं जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 8 लाख 20429 और पुरुष मतदाताओं की संख्या 8 लाख 80 हजार 877 है। दूसरे दिन भी नामांकन का पर्चा लेने के लिए निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन अपने कार्यालय में मौजूद रहे, लेकिन निर्धारित अवधि के भीतर किसी उम्मीदवार ने नोमिनेशन नहीं किया।

13 और 20 मई को अनिवार्य रूप से करें मतदान: डीआईओ

पलामू लोकसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने कहा कि देश के भविष्य गढ़ने की तिथि 13 मई व 20 मई निर्धारित की गयी है। ऐसे में आप सभी दोनों ही दिन को मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को बूथ पर किसी तरह की कोई समस्या ना हो, इसे लेकर सभी बूथों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के मद्देनजर सभी बूथों पर पेयजल की व्यवस्था की गयी है। उन्होंने सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का उपयोग करने व लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाने की अपील की है।

सड़क हादसे में महिला की मौत, दो घायल

दुमका। जरमुंडी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह बासुकीनाथ नोनीहाट मुख्य मार्ग पर घोरटोपी के पास मछली लदे पिकअप वैन और मोटरसाइकिल की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस टक्कर में बाइक सवार महिला रामगढ़ लतबेरवा की रहने वाली हीरामणि मुर्मू (25) की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसके पति विनय सोरेन एवं पूनम हांसदा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन फानन में घायलों को जरमुंडी लाया गया, जहां डॉक्टर गुफरान ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने विरोध स्वरूप घंटे सड़क जाम कर दिया। उधर घटना की सूचना मिलते ही सीओ आशुतोष ओझा एसडीपीओ संतोष कुमार एवं थाना प्रभारी सत्यम कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए।

जोबा मांझी के समर्थन में उतरा चक्रधरपुर मुखिया संघ

आशीष कुमार वर्मा

चक्रधरपुर। महागठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के समर्थन में चक्रधरपुर मुखिया संघ उतर आया है। शुक्रवार को प्रत्याशी जोबा मांझी के साथ मुलाकात के बाद मुखिया संघ ने लोकसभा चुनाव में समर्थन का एलान किया। संघ के अध्यक्ष सह सुरबुड़ा पंचायत के मुखिया जंगल सिंह गागराई ने बताया कि गठबंधन की प्रत्याशी बेदाग छवि की नेत्री रही है। वो शहीद परिवार से आती है। विकास कार्यों के लिए पहचानी जाती है। गागराई ने कहा कि जोबा मांझी को जीत दिलाकर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना ही संघ की प्राथमिकता है। इस दौरान सांसद प्रत्याशी जोबा मांझी ने मुखिया संघ के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संघ के साथ विकास को गति देने का कार्य करेंगी। इस मौके पर मुखिया सेलाय मुंडा, सोमनाथ कोया, समीना गागराई, महेंद्र पूर्ति, माझी जोंकों, मेलानी बोदरा, शांति देवी, कैरी बोदरा, पिंकी जोंकों, अरविंद तिग्गा के अलावा दया सागर केराई, संजय हांसदा, गंगाराम गागराई, मंटू गागराई आदि उपस्थित रहे।

इंडी गठबंधन की समन्वय समिति की हुई बैठक

उलगुलान रैली और नामांकन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तय हुई रणनीति

संवाददाता

चाईबासा। इंडी गठबंधन की समन्वय समिति की बैठक कांग्रेस भवन में शुक्रवार को हुई। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर दास ने इसकी अध्यक्षता की। बैठक में गठबंधन दल के घटक कांग्रेस, झामुमो व राजद में एकजुटता दिखी। इसमें कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की, चाईबासा विधायक सह झारखंड राज्य के मंत्री दीपक बिरुवा, चक्रधरपुर विधायक सह झामुमो जिलाध्यक्ष सुखराम उरांव, मनोहरपुर विधायक सह सिंहभूम लोकसभा प्रत्याशी जोबा मांझी, मझगांव विधायक निरल पूर्ति और तीनों घटक दल की जिला कमेटी, प्रखंड कमेटी और विभिन्न अग्रणी मोर्चा संगठन के पदधारियों की उपस्थिति रही।

बैठक में 21 अप्रैल को होने वाली उलगुलान रैली और 23 अप्रैल को जोबा मांझी के नामांकन के दिन होनेवाले प्रस्तावित कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति बनाई गई। तय किया गया कि आगामी दिनों में जिला से लेकर पंचायत स्तर पर जोरदार और आक्रमक तरीके से प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जाएगा। क्षेत्र की जनता को बताया जाएगा कि भाजपा किस तरह असल मुद्दों से ध्यान भटकाने और जनता को दिग्भ्रमित कर ठगने का काम कर रही है।

बैठक में उपस्थित मंत्री और विधायकों ने एक स्वर में कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी और देश की सरकारी संस्थाओं को बचाना मुख्य मुद्दा है। भाजपा के इन 10 सालों के शासनकाल में युवा, महिला, किसान और आदिवासी/दलित/पिछड़ी जाति के लोगों पर सबसे ज्यादा अत्याचार हुए हैं। इन सभी वर्गों ने जब भी अपने अधिकारों की मांग केंद्र सरकार से की, बदले में लाठी, डंडा और गोलियां ही बरसाने का काम की है। भाजपा की तानाशाही नीतियों से देश की जनता में काफी आक्रोश में है। सिंहभूम की जनता भाजपा की तानाशाही का जवाब आनेवाले 13 मई को गठबंधन की प्रत्याशी जोबा मांझी के पक्ष में वोट देकर देगी।

कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष बंधु तिर्की ने ईचा डैम के मुद्दे पर कहा कि यहां के लोग काफी सीधे और भोले-भाले हैं। इसलिए भाजपा लोगों को दिग्भ्रमित नहीं करे। ईचा डैम परियोजना केंद्र सरकार की योजना है। केंद्र चाहे तो इसे बंद कर दे। चुनाव के बाद गठबंधन की सरकार बनेगी, तो इस पर ठोस निर्णय लिया जाएगा। इसलिए लोग बीजेपी की चिकनी-चुपड़ी बातों में नहीं आएं।

जोबा मांझी ने कहा कि हम सभी को एकजुटता का परिचय देते हुए हमारे जल, जंगल और जमीन को बचाने की आवश्यकता है, क्योंकि यही हमारी पहचान है। अगर बीजेपी दोबारा सत्ता में आएगी तो हमारी पहचान को ही मिटा देगी। यहां के जल, जंगल और जमीन पर अधिकार बीजेपी अपने चंद पूंजीपतियों के हाथों में सौंप देगी।

बैठक में पूर्व विधायक देवेंद्र नाथ चांपिया,सुनीत शर्मा, रंजन बोयपाई, राजकुमार रजक, प्रीतम बांकिरा, सोनाराम देवगम, मोनिका बोयपाई, दीपक प्रधान, सुनील सिरका, अंबराय चौधरी, देवराज चातर, भूवनेश्वर महतो, रितेश तमसोय, सौरभ अग्रवाल, नितिमा बारी, नूतन बिरुआ, नूतन ज्योति सिंकु, अनिता सुब्रुई, राजेश शुक्ला कृष्णा सोय, मासूम रजा, तोहिद आलम, दिकू संवैया, सिकूर गोप, शैलेश गोप, मंजीत प्रधान,ललित दोराईबुरू, रमेश ठाकुर ,अजय कुमार,राहुल आदित्य, सुरेश संवैया, रूपेश पुरती,विजय सामड, अनुप्रिया सोय,शेखर बारिक, अविनाश कोड़ा,प्रतीक कुमार, सिंहभूम लोकसभा कोर्डिनेटर सौरव अग्रवाल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

9,790 मतदानकर्मियों को मिला द्वितीय चरण का चुनाव प्रशिक्षण

पलामू। पलामू लोकसभा चुनाव कराने के लिए कर्मियों को लगाने से पहले उन्हें प्रशिक्षण देकर हर तरह से दक्ष बनाया जा रहा है, ताकि इलेक्शन के दिन किसी तरह की समस्या ना आए और नियमानुसार चुनाव संपन्न हो जाए। इसी कड़ी में शुक्रवार को 9790 मतदान कर्मियों को पीठासीन, प्रथम, द्वितीय व तृतीय मतदान पदाधिकारी का प्रशिक्षण दिया गया। जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह, अमरेन्द्र पाठक, प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान द्वारा प्रशिक्षण का अनुसमर्थन किया गया। प्रशिक्षण का अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा ने किया। मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार, आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार, अजय सिंह, सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह, निशिकांत नीरव, शशि भूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह, गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा, मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर प्रशिक्षक द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। पलामू लोकसभा चुनाव की निर्धारित तिथि 13 मई एवं चतरा में 20 मई के मद्देनजर निष्पक्ष, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव के लिए मतदानकर्मियों को पूरी तरह से प्रशिक्षित किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन एवं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने मतदानकर्मियों के समुचित प्रशिक्षण सुनिश्चित करने का आदेश दिया है।

कंज्यूमर मीट में चेयरमैन एस. सुरेश कुमार ने उपभोक्ताओं को दिलाया सकारात्मक भरोसा, कहा

गुणवत्तायुक्त विद्युतापूर्ति के लिए तत्पर है डीवीसी

संवाददाता, बोकारो

दामोदर घाटी निगम (डीवीसी) के अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार (भाप्रसे) ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश में गुणवत्तायुक्त बिजली उत्पादन-वितरण और उपभोक्ताओं की समस्या को समाधान के लिए हमेशा तत्पर है। शुक्रवार को नगर के सेक्टर-1 स्थित होटल हंस रीजेंसी के सभागार में आयोजित डीवीसी के विद्युत उपभोक्ताओं के साथ वार्तालाप में उन्होंने ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं की उचित सलाह पर वे उचित कार्रवाई करने के लिए प्रयासरत हैं। डीवीसी उत्तम बिजली उत्पादन, समाज और राष्ट्र के हित में कार्य करने के लिए पूर्ण प्रयासरत है। डीवीसी कमांड एरिया में विद्युत उत्पादन के लिए विस्तारीकरण और सामाजिक कार्य करने के लिए कटिबद्ध है।

उन्नति में सहयोग की भी अपील की

इस मौके पर सदस्य (तकनीकी) एम रघुराम ने कहा कि डीवीसी उपभोक्ताओं को 24 घंटा बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है। इसके लिए हमें देश के लोगों के सहयोग की जरूरत है। डीवीसी के पास वर्तमान समय में पर्याप्त मात्रा में कोयला है। डीवीसी विद्युत उत्पादन और वितरण में देश में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। सदस्य सचिव जॉन मथाई ने कहा कि दामोदर घाटी निगम देश और विदेश में विद्युत की आपूर्ति कर रहा है। भारत की आजादी के बाद से ही देश और समाज की उन्नति के लिए डीवीसी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि डीवीसी विद्युत उत्पादन के साथ - साथ शिक्षा, स्वास्थ्य सहित समाज की उन्नति के लिए अग्रसर रहा है। देश की उन्नति के लिए हम सभी को एक साथ मिलकर काम करने की जरूरत है।

सदस्य (वित्त) अरूप सरकार ने डीवीसी की कार्यप्रणाली पर विस्तृत प्रकाश डाला और कहा कि डीवीसी का उत्थान देश और समाज के उत्थान से जुड़ा हुआ संगठन है। डीवीसी आर्थिक और सामाजिक रूप से देश और समाज को समृद्धशाली बनाने के लिए सक्षम है। डीवीसी वर्तमान में कई परियोजनाओं पर कार्य कर रहा है। आने वाले समय में डीवीसी विद्युत उत्पादन सहित अन्य सामाजिक कार्यों को सफल बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

इस क्रम में डीवीसी के अध्यक्ष एस सुरेश कुमार ने उत्तम विद्युत उपभोक्ताओं के रूप में कोलकाता करवाईड , मैयहर एलवाइज, सुंदरम स्टील प्राइवेट लिमिटेड और सियाजी इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। समारोह में सैकड़ों विद्युत उपभोक्ताओं ने भाग लिया और डीवीसी के कार्यकलापों की भूरी भूरी प्रशंसा की। कार्यपालक निदेशक (वित्त) संजीव श्रीवास्तव आदि ने भी समारोह के संबोधन में डीवीसी के कार्य प्रणाली पर विशेष प्रकाश डाला और उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे एक दूसरे के पूरक बने। समारोह में कार्यपालक निदेशक दिनेश कुमार सिंह, राजेश कुमार, अंजनी दबे, सुभाष सिंह, मनोज कुमार ठाकुर, अविजीत घोष, राजीव रंजन सिन्हा आदि उपस्थित थे। समारोह का संचालन सर्वजीत सिंह और अरविंद कुमार ने किया।

मैट्रिक परीक्षा में गांव की बेटी को मिला जिले में दूसरा स्थान

तालगड़िया (बोकारो) । जैक बोर्ड द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा में चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर निवासी महावीर महतो की पुत्री नेहा कुमारी जिले में दूसरे स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में टॉप कर नाम रौशन किया है। नेहा के पिता मजदूरी करते हैं। नेहा ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षक और माता-पिता को दिया है। कहा कि वह आगे की पढ़ाई पूरी कर चिकित्सक बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है। प्राचार्य प्रदीप कुमार सोरेन ने कहा कि विद्यालय का परीक्षा परिणाम इस बार अच्छी है। सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी है।

मजदूर की बेटी ने जिले में पाया पांचवां स्थान

तालगड़िया । जैक बोर्ड की ओर से आयोजित मैट्रिक की परीक्षा 2024 का परिणाम शुक्रवार को घोषित किया गया। इसमें चंदनकियारी प्रखंड के बाटबिनोर निवासी पवन महतो की पुत्री वर्षा कुमारी जिले में पांचवें स्थान पर तथा अपने विद्यालय श्री महावीर जी उच्च विद्यालय में दूसरे स्थान पर रही। वर्षा के पिता दिहाड़ी मजदूरी करते हैं। वर्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों और माता-पिता को दी है। उसने कहा कि सफलता के लिए लगन और मेहनत जरूरी है। वह आगे की पढ़ाई पूरी कर इंजीनियर बनकर लोगों की सेवा करना चाहती है।

पैसे के अभाव में बंद पड़े मांझी हाउस, मांझी थान के कार्य

गोमिया (बोकारो)। मांझी हाउस, मांझी थान एवं अन्य निर्माण कार्य गोमिया प्रखंड सहित पूरे बोकारो जिले में पिछले कई माह से पैसा के अभाव में बंद पड़े हैं। अखिल भारतीय आदिवासी महासभा ने कल्याण विभाग के जिला कार्यालय में व्याप्त अनियमितता के कारण आदिवासी कल्याण की उपर्युक्त योजनाओं का निर्माण कार्य बंद होने का आरोप लगाया।महासभा के जिला सचिव बिरालाल किस्कू के मुताबिक योजनाओं के निर्माण को पूरा करने के लिए राशि आवंटित करने में एक ओर जिला कार्यालय द्वारा आनाकानी किया जाता है, दूसरी तरफ वर्ष 2023-24 में आवंटित करोड़ों रुपये 31 मार्च को सरेंडर कर दिया गया।किस्कू ने कहा है कि जिला कल्याण शाखा के प्रधान सहायक के अड़ियल

रवैया के कारण करोड़ों रुपये सरेंडर करना पड़ा है। उन्होंने कहा कि योजनाओं की लाभुक समितियों के बाबू दास मुर्मू, लखन हांसदा, गुरु लाल मांझी, बिगन टुडू सहित दर्जनों पदधारियों ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से 9 अप्रैल को भेंटकर प्रधान सहायक की काली करतूत की लिखित जानकारी दी है। उक्त प्रधान सहायक पिछले एक दशक से भी अधिक समय से कल्याण शाखा में ही पदस्थापित है। किस्कू ने बोकारो उपायुक्त से कल्याण शाखा से तत्काल प्रभाव से उक्त प्रधान सहायक को हटाने का मांग की है।

व्हाट्सएप स्टेटस में लिखा बॉय-बॉय, सॉरी और फांसी लगाकर युवक ने कर ली आत्महत्या

संवाददाता, बोकारो।

जिले के चंदनकियारी थाना क्षेत्र अंतर्गत चंदनकियारी पश्चिम पंचायत में प्रसन्नजीत गोराईं (22(एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उसने इस घटना को अजीब तरीके से अंजाम दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार उसने अपने वाट्सएप स्टेटस में बॉय-बॉय, सॉरी और अलविदा दोस्तों लिखा और उसके देर बाद ही प्लास्टिक की रस्सी के सहारे फांसी लगा ली। घटना गुरुवार देर रात की है। परिजन जब सुबह जागे तो युवक को मृत अवस्था में पंखे की कुंडी में लटकती हालत में देखा।

जानकारी के अनुसार चंदनकियारी पश्चिम पंचायत के भगत टोला निवासी अवनी गोराई के पुत्र प्रसन्नजीत गोराई (22) प्रतिदिन की भांति रात में खाना खाकर अपने कमरे में सोने चला गया। रात करीब 12 बजे के बाद युवक ने मोबाइल से सोशल मीडिया स्टेटस पर बॉय-बॉय, सॉरी और अलविदा दोस्तों लिखकर अपडेट किया और फांसी लगा ली। हालांकि, उसके फांसी लगाने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है।

घटना के संबंध में मृतक के पिता ने बताया कि वह अहले सुबह जब जागे तो पुत्र के कमरे में चले गए। कमरे में पुत्र को फंदे पर लटका हुआ देखकर हक्का बक्का रह गए और जोर-जोर से चिल्लाने लगे। उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण उनके घर पहुंचे तो देखा कि पुत्र प्रसन्नजीत फंदे में झूल रहा था। चूंकि स्थानीय मुखिया का घर बगल में ही है तो वह अपने पति आदि के साथ पहुंची। घटना देखकर ग्रामीणों ने मृतक के पिता समेत परिजनों को संभाला और ढांढस बंधाया। साथ ही इसकी सूचना चंदनकियारी थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में ले लिया और परिजनों से पूछताछ की। घटनाक्रम समझने के बाद पुलिस शव को पोस्टमार्टम के भेज दिया, पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस यूडी केस दर्ज कर जांच कर रही है। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बोकारो थर्मल में केंद्रीय विद्यालय के बच्चों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

प्रतिनिधि, बोकारो थर्मल

बोकारो थर्मल स्थित केंद्रीय विद्यालय में स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों के द्वारा शुक्रवार को लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर प्रातः मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। स्कूल प्रांगण से रैली को विद्यालय के प्राचार्य डॉ बीआर डे ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ने स्कूली बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भारत देश लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास करता है और यहां लोगों का शासन लोगों द्वारा किया जाता है। हमारे देश में प्रत्येक व्यक्ति किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन हो सकता है। इसलिए हमें बढ़ चढ़कर चुनावी प्रक्रिया में भाग लेना चाहिए। हम सबको बढ़ चढ़कर मतदान के दिन मतदान करना चाहिए। कहा कि स्कूली बच्चों का कर्तव्य है कि वह समाज व परिवार में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करें, जिससे साफ-सफाई जनप्रतिनिधि का चुनाव किया जा सके एवं एक अच्छी सरकार का गठन हो जो नागरिकों के कल्याण व देशहित में कार्य करे। मतदान को लेकर जागरूकता रैली स्कूल से रवाना होकर बोकारो थर्मल के विभिन्न कॉलोनी क्षेत्रों में गली गली जाकर नागरिकों को जागरूक करने का प्रयास किया। रैली जनता नगर, गोविंदपुर व नूरी नगर समेत विभिन्न इलाकों में गई। सभी स्कूली बच्चे बैनर पोस्टर एवं पूरी ऊर्जा के साथ मतदान जागरूकता के नारे लगा रहे थे। रैली में शामिल शिक्षकों में डॉ वीएन सिंह, शशि रंजन, राकेश कुमार पाठक, संतोष कुमार, मनोज कुमार, सुषमा लुगुन, देवेंद्र प्रसाद, प्रभात कुमार आदि उपस्थित थे।

जंगल में महुआ चुन रहे बुजुर्ग को हाथियों ने कुचलकर मार डाला

बोकारो। जिले के गोमिया प्रखंड अंतर्गत तिलैया जंगल के पास शुक्रवार को जंगली हाथियों के झुंड ने 65 वर्षीय लहरू महतो को कुचलकर मार डाला। मृतक तिलैया गांव के रहने वाले थे। बताया जाता है कि जगेश्वर बिहार के रास्ते पहुंचे 4-5 हाथियों के झुंड ने तिलैया के पास महुआ चुन रहे लहरु महतो को पहले सूंढ़ में लपेटकर पटक दिया फिर पैरों से उसकी छाती को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं घटनास्थल के कुछ दूरी पर महुआ चुन रही महिलाएं भाग कर जान बचाईं। महिलाओं के शोर मचाने पर गांव लोगों की भीड़ जुट गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग व जगेश्वर विहार थाना को दी। थाना प्रभारी अभिनाश कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे और शव को अपने कब्जे में ले लिया। घटना के बाद सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व तिलैया की मुखिया चिंता देवी मृतक के घर पहुंचे व ढांढस बंधाया। साथ ही वन विभाग के अधिकारियों से बातचीत करने पर पीड़ित परिवार को अंतिम संस्कार के लिए 25 हजार रुपए वन अधिकारी विभाग नेहरू प्रजापति ने दिया।

वन विभाग पर असहयोग का आरोप, आक्रोशः ग्रामीणों ने कहा कि हाथियों का झुंड लगातार आतंक मचाए हुए है, लेकिन वन विभाग हाथियों को भगाने के लिए कोई सामग्री उपलब्ध नहीं कराता है। इससे ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ आक्रोश है। सांसद ने कहा कि मृतक के परिजनों को 4 लाख मुआवजा वन विभाग से दिलाया जाएगा।मालूम हो कि एक सप्ताह से डेढ़ दर्जन हाथियों का झुंड महुआटांड़ थाना क्षेत्र के विभिन्न जंगलों में विचरण कर रहा है, लेकिन वन विभाग हाथी भगाने के लिए कोई कारगर कदम नहीं उठाया।

संक्षिप्त

रोटरी के सदस्यों ने बांटे भिक्षुकों के बीच चप्पल

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स क्लब के सदस्यों ने साईं मंदिर सेक्टर - 6, सेक्टर 5 एवं सेक्टर 4 में भिखारियों के बीच चप्पल का वितरण किया। उनलोगों को चप्पल पहनाए, जिनके पैरों में पहनने के लिए पर्याप्त जूते नहीं थे और वे नंगे पांव धूप में चलने को विवश थे। क्लब के प्रवक्ता अनूप अग्रवाल ने कहा कि रोटरी का उद्देश्य हो लोगों के दुख और कठिनाई को कम करने और जीवन को आशावान बनाना है। अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि क्लब पूरी गर्मी इसी तरह जरूरतमंदों के बीच पहुंचकर उनकी सहायता करने का प्रयास जारी रखेगा। इस अवसर पर साक्षी जौहर, अमित जौहर, मिनी, शिव अग्रवाल, कविता, राजा, अलका जैन, दिव्या, पुनीत जौहर, अनूप त्रिपाठी, विकास जैन, अनुपम गर्ग आदि मौजूद रहे।

अन्नपूर्णा दिवस मना अनाथ बच्चों को कराया भोजन

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स की ओर से अन्नपूर्णा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर नगर से सेक्टर- 5 स्थित मानव सेवा आश्रम के अनाथालय बच्चों के लिए भोजन प्रदान किया गया। क्लब के सदस्यों ने मानव सेवा आश्रम के 50 अनाथालय बच्चों को भोजन प्रदान करके अन्नपूर्णा दिवस का उत्सव मनाया। साथ ही, बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण भी किया गया। अध्यक्षा अमीषा अग्रवाल ने सामाजिक सद्भावना, सहायता के प्रति क्लब की तरफ के कटिबद्धता व्यक्त की। मौके पर शिव अग्रवाल, मिनी कपूर, अनूप अग्रवाल, साजन कपूर, दिव्या, सनी, अमित जौहर, राजा जैन, अलका आदि मौजूद रहे।

बंद घर में लगी आग, सभी सामान जलकर नष्ट

बोकारो । सीसीएल कथारा कोलियरी से सटे झिरकी बस्ती से लगभग 70 से 80 मीटर की दूरी पर स्थित एक मकान में शुक्रवार दोपहर अचानक आग लग गई। जब तक फायर ब्रिगेड की टीम आग पर नियंत्रण करने के लिए पहुंचती तब तक आग की लपटों ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में एक बाइक, पंखा, कपड़े सहित अन्य सामान जल गए। जिस समय घटना घटित हुई उस वक्त गृह स्वामी आफताब आलम अपना आवास पर बंद करके अपने कहीं रिश्तेदार के घर गए हुए थे। घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार ग्रामीणों का कहना था कि बंद आवास से जब भारी मात्रा में धुआं निकलता लोगों ने देखा तो इसकी सूचना तुरंत स्थानीय कथारा ओपी पुलिस को दी। इसके तुरंत बाद कथारा ओपी प्रभारी जीतेश कुमार अपने पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। वहीं इस दौरान तेनुघाट की फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग को काबू किया। हालांकि तब तक घर का सामान जलकर राख हो चुका था। पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। मकान में आग कैसे लगी और कितनी संपत्ति का नुकसान हुआ है इसकी पुष्टि नहीं हो पाई है।

अलग-अलग सड़क हादसों में चार लोग घायल

बोकारो। जिले के पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 23 में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में चार लोग घायल हो गए। पहली घटना शुक्रवार सुबह लगभग 8:00 बजे की है, जिसमें हिसिम निवासी रामचंद्र टुडू (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। उनके माथे पर गंभीर चोट है। वहीं दूसरी घटना शाम 4:30 बजे रांची - बोकारो मुख्य मार्ग में स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप घटित हुई। इसमें एक मोटरसाइकिल की टक्कर में एक महिला समेत दो लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेटरवार मठटोला निवासी केशव कुमार (23) एवं किशन कुमार (20) मोटरसाइकिल से पेटरवार से बोकारो की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पैदल सड़क पार कर रही पोड़ दाग निवासी फूलमणि देवी (60) से टक्कर हो गई। इस घटना में फूलमनी देवी के सिर सहित शरीर के कई हिस्सों में चोट लगी। वहीं केशव कुमार के पैर व कंधे में चोट एवं किशन कुमार को हल्की चोट लगी है। दोनों सड़क दुर्घटनाओं के बाद घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पेटरवार में भर्ती किया गया, जहां गंभीर रूप से घायल रामचंद्र टुडू को सदर अस्पताल बोकारो रेफर कर दिया गया।

कोर्ट में पुलिस ने जमा नहीं की केस डायरी, सुनवाई टली

जमशेदपुर। प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी अभिषेक प्रसाद के कोर्ट में शुक्रवार को केस डायरी के अभाव में अंतरराष्ट्रीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सह बिरसानगर निवासी प्रशांत कुमार सिन्हा की हत्या सुनवाई नहीं हो सकी। शुक्रवार को केस की सुनवाई निर्धारित थी, जो केस डायरी के अभाव में टल गयी। गत सुनवाई में कोर्ट ने पुलिस से केस डायरी की मांग की थी। मालूम हो कि गत मार्च में दिव्यांग अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी प्रशांत सिन्हा की हजारीबाग में लव ट्रैंगल में हत्या कर दी थी। आरोपी प्रेमिका काजल सुमन ने नये प्रेमी रौनक कुमार के साथ मिलकर पुराने प्रेमी प्रशांत सिन्हा की हत्या कर शव को छुपाने की नीयत से हजारीबाग के छड़वा डैम में फेंक दिया था।

796 गांवों में एक साथ चला अभियान, 2.43 लाख वोटरों ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने का लिया संकल्प

- 14700 महिला समूह और 1560 स्कूलों में छात्रों अभिभावकों के बीच चला जागरुकता अभियान

संवाददाता, बोकारो

जिला प्रशासन ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को व्यापक स्तर पर जागरुकता अभियान चलाया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजया जाधव के निर्देश पर जिले के 796 गांवों में एक साथ अभियान चला, इसमें 14,700 महिला समूह शामिल हुए। इसके जरिए 2.43 लाख वोटरों ने एक साथ मतदान का प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लिया। महिला समूह की 1,51,732 दीदियों ने मतदान बढ़ाने का प्रण लिया। वहीं, 1560 सरकारी स्कूलों में वोटिंग पर पीटीएम (पैरेंट्स-टीचर मीटिंग) का आयोजन छात्रों के 92 हजार अभिभावकों को शपथ दिलाई गई। डीसी विजया जाधव ने बताया कि एक साथ मतदाता जागरुकता को लेकर इस तरह के व्यापक आयोजन के पीछे का उद्देश्य ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगामी 25 मई को होने वाले मतदान दिवस के प्रति जागरूक करना है। साथ ही छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से जोड़ना है। ताकि चुनाव का पर्व, देश का गर्व... में कोई भी अपने मताधिकार से वंचित नहीं रहें। जिला प्रशासन कोई मतदाता छूटे नहीं... को लक्ष्य बनाकर काम कर रहा है। वोटिंग पर मीटिंग एवं वोटिंग पर पीटीएम में शामिल सभी प्रतिभागियों ने आगामी 25 मई वोट डालने जाना है, अपना फर्ज निभाना है... के नारे के साथ शपथ ली।

सभी बूथों पर उपलब्ध रहेंगी जरूरी सुविधाएं : प्रभाष

स्वीप के नोडल पदाधिकारी प्रभाष दत्ता चंदनकियारी प्रखंड में आयोजित वोटिंग पर मीटिंग कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने महिला समूह की दीदियों व अन्य ग्रामीणों से चुनाव का पर्व, देश का गर्व को लेकर जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों व मतदाताओं की सहूलियत के संबंध में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि सभी मतदान केन्द्रों पर शेड, शुद्ध पेयजल, शौचालय एवं दिव्यांग जनों के लिए रैम्प, ट्राई साइकिल व वॉलेंटियर की व्यवस्था है। वृद्धजनों के लिए वॉलिंटियर्स के साथ टोटो (ई-रिक्शा) की व्यवस्था है। मतदान केंद्रों पर दिव्यांग एवं वरिष्ठ मतदाताओं के लिए अलग कतार व मतदान में प्राथमिकता की सुविधा और शहरी मतदान केन्द्रों में शेड, कुर्सी व पार्किंग की व्यवस्था होगी। मतदाताओं की सुविधा हेतु वोटर हेल्पलाइन एप, सी-विजिल एप मतदान से संबंधित किसी भी प्रकार की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पलाइन नंबर 1950 है।

कार्यक्रम को लेकर सभी प्रखंडों में स्वीप को प्रभारी पदाधिकारियों को टैग किया गया था। सहायक नगर आयुक्त को चास प्रखंड, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को नावाडीह प्रखंड, जिला नियोजन पदाधिकारी को चंद्रपुरा प्रखंड, जिला खेल पदाधिकारी को जरीडीह प्रखंड, श्रम अधीक्षक को पेटरवार प्रखंड, जिला कल्याण पदाधिकारी को कसमार प्रखंड, जिला शिक्षा पदाधिकारी को बेरमो प्रखंड, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग को गोमिया प्रखंड एवं जिला आपदा प्रबंधन पदाधिकारी को चंदनकियारी प्रखंड से टैग किया गया था।

'इसलिए' लोगों को पसंद हैं नरेंद्र मोदी

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है।

देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में फरवरी में आई अमेरिकी थिंकटैंक प्यू रिसर्च सेंटर की लोकतांत्रिक देशों को लेकर जारी सर्वेक्षण रिपोर्ट समीचीन हो गई है। यह रिपोर्ट कुछ लोगों के लिए चौंकाने वाली हो सकती है। वह इसलिए कि देशवासियों को डेमोक्रेसी का ऑटोक्रेसी मॉडल अधिक लुभा रहा है। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार देश की लोकतांत्रिक सरकार की कार्य व्यवस्था को लेकर स्वीडन के बाद दूसरे नंबर पर भारत के लोग संतुष्ट है। स्वीडन में जहां 75 फीसदी लोग वहां लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर तरीके से संतुष्ट हैं वहीं भारत में 72 प्रतिशत लोग लोकतांत्रिक सरकार के काम करने के तौर-तरीकों को पसंद करते हैं। इस साल भारत समेत दुनिया के करीब 50 देशों में चुनाव होने जा रहे हैं। इस मायने में 24 देशों में किया गया यह सर्वेक्षण लोकतांत्रिक व्यवस्था को लेकर खास महत्व रखता है। मजे की बात यह है कि सर्वेक्षण में शामिल देशों में केवल 33 फीसदी अमेरिकी ही अपने यहां की लोकतांत्रिक सरकार के कार्य करने की व्यवस्था को लेकर संतुष्ट है। खैर यह तो अलग बात हुई। मगर सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि दुनिया के अधिकांश देशों की आम जनता बोल्ड निर्णय करने वाले नेता को अधिक पसंद करने लगी है। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। 2017 में 55 प्रतिशत देशवासी ऑटोक्रेसी को पसंद करते थे। अब उसका ग्राफ तेजी से बढ़ा है। आज 67 प्रतिशत लोगों को ऑटोक्रेसी (अधिनायकवादी नेता) पर अधिक विश्वास है। ऑटोक्रेसी पर विश्वास बढ़ने वाले देशों में भारत के अलावा केन्या, दक्षिण कोरिया, जर्मनी, पोलैंड सहित कई देश हैं। सर्वेक्षण में शामिल 24 में से आठ देशों में ऑटोक्रेसी के प्रति रुझान बढ़ा है।

दरअसल लोग निर्णय करने वाले नेता को पसंद करते हैं। कुछ करने का जज्बा ही देशवासी नेता में खोजते हैं। विपक्ष के लाख आरोप-प्रत्यारोपों के बीच नरेन्द्र मोदी पिछले दो चुनाव में लगातार जनता की पसंद बने रहे और 2024 का चुनाव भी लगभग उसी दिशा में बढ़ रहा है। विपक्षी दल मुद्दे

बनाने के प्रयास करते हैं पर वहीं मुद्दे सेल्फ गोल में परिवर्तित होने लगते हैं। हालिया इलेक्शन बॉन्ड को लेकर जिस तरह से भाजपा को घेरने का प्रयास किया गया वह अभी तक तो सिरे नहीं चढ़ता नहीं नजर आ रहा है। समझने वाली एक महत्वपूर्ण बात यह हो जाती है कि चंदा देने वाले कौन हैं? साफ है पैसे वाले अमीर लोग। इलेक्शन बॉण्ड में पैसा तो अमीर लोगों से आ रहा है और उनका प्रतिशत इतना नहीं है कि वह चुनाव परिणाम को प्रभावित कर सके। इसके विपरीत सत्तारूढ़ दल को गरीब आम मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है। यानी कि इसे मुद्दा बनाने के बावजूद नरेन्द्र मोदी या भाजपा आम मतदाता को अपने पक्ष में साधने में पूरी तरह सफल है। दूसरा यह कि कोई भी पार्टी हो उसके अधिकांश टिकट पैसे वाले लोगों को ही मिलते हैं।

जहां तक लोकतंत्र के ऑटोक्रेसी मॉडल की बात है आज नरेन्द्र मोदी पर यह आरोप खुले आम विपक्ष लगाता आ रहा है पर विगत के पन्ने खोलें तो नरेन्द्र मोदी का गुजरात मॉडल ही उन्हें केन्द्र की सत्ता दिलाने में सहायक रहा है। दरअसल देश को हमेशा सख्त मिजाज मजबूत नेता की आवश्यकता महसूस होती रही है। किसी भी दल से सख्त मिजाज नेता सामने आया है तो आमजन ने उसे हाथों हाथ लिया है। नेहरू को उस समय के संदर्भ में लोगों द्वारा महत्व दिया गया तो नेहरू के बाद लाल बहादुर शास्त्री को ईमानदार और दबंग नेता के रूप में आज भी याद किया जाता है। जय जवान-जय किसान जो आज एक कदम आगे बढ़कर जय जवान-जय किसान-जय विज्ञान हो गया है। 1971 की भारत-पाक लड़ाई और बांग्लादेश के गठन के चलते इंदिरा गांधी को देशवासियों ने सिर चढ़ाया।

इस सर्वेक्षण रिपोर्ट में ऑटोक्रेसी को पसंद करने वाले लोगों की 12 प्रतिशत बढ़ोतरी से साफ समझ में आ जाना चाहिए कि लोग परिणाम पर नहीं जाते, आलोचना-प्रत्यालोचना को भी खारिज कर देते हैं जब कोई निर्णय लेने में हिचकता नहीं है। नरेन्द्र मोदी के पक्ष में यही बात जाती है। नरेन्द्र मोदी पर विपक्ष तानाशाही और जुमलेबाज जैसे आरोप लगाते हैं पर 2014 और 2019 के चुनाव परिणाम तो विपक्ष के आरोपों को सिरे से नकार रहे हैं। 370, राम मंदिर, तीन तलाक, पाकिस्तान पर सर्जिकल स्ट्राइक जैसे बोल्ड निर्णय और विदेशी नेताओं के बीच बॉस की भूमिका को देशवासी अपना गौरव समझने लगे हैं। दरअसल इस तरह के अनेक उदाहरण मिल जाएंगे। यही कारण है कि यह चुनाव भी मोदी बनाम विपक्ष के बीच लड़ा जा रहा है। लोकसभा के पिछले दो चुनाव भी मोदी के नाम से ही लड़े गए और जनता ने भारी बहुमत देकर सब कुछ साफ कर दिया। कुछ समय पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव भी भाजपा ने क्षेत्रीय क्षत्रपों के स्थान पर मोदी की गारंटी के नाम से लड़े। परिणाम सामने हैं।

दरअसल डेमोक्रेसी के नए रूप ऑटोक्रेसी में एक ही चेहरा-एक ही नाम पर लड़ा जाता है। इस लोकसभा चुनाव में भी यही हालात है। कहने को भले ही यह कहा जा रहा है कि 2024 के चुनाव की दशा और दिशा नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, शरद पवार, एमके स्टालिन, तेजस्वी यादव, असदुद्दीन औवेसी तय करने वाले हैं। मगर जमीनी हकीकत तो यह है कि 2024 का चुनाव एक ही चेहरा-एक ही नाम नरेन्द्र मोदी के इर्द-गिर्द है। नरेन्द्र मोदी बनाम समूचा विपक्ष चुनाव आकार ले चुका है। पहले चरण की 102 लोकसभा सीटों के लिए 19 अप्रैल को मतदान होना है। अब राजनीतिक दलों को यह समझ लेना होगा कि आमजन को मुखर और निर्णय लेने की क्षमता वाला नेता चाहिए। सत्ता में आना है तो आमजन तक यह संदेश जाना जरूरी है। आज विपक्ष में ऐसा कोई नेता नजर नहीं आ रहा।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

संपादकीय

उम्मीदों का संकल्प पत्र

लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनात पार्टी (भाजपा) ने अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया, जिसे वे संकल्प पत्र कहते हैं। यह युवाओं, महिलाओं, किसानों व गरीबों पर केंद्रित है। संकल्प पत्र जारी करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक का है। मुफ्त राशन योजना जारी रहेगी। पांच लाख तक मुप्त इलाज जारी के रहने के साथ ही इसके दायरे में अब ट्रांसजेंडर भी आएंगे। पाइप के जरिए घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाने व महिलाओं को लखपति दीद बनाने की भी बात दोहराई। उन्होंने का जिन्हें कोई नहीं पूछता, उन्हें मोदी पूजता है।गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं, भ्रष्टाचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चालू रहने की बात भी उन्होंने की। विपक्ष ने इसे भाजपा का केंद्र से विदाई का घोषणापत्र बताया। एक



राष्ट्र-एक चुनाव समान नागरिक संहिता लाने जैसे मुद्दों को दोहराने के साथ ही भाजपा ने तीन तलाक, अनुच्छेद 370 हटाने व राम मंदिर बना मर अपना वायदा निभाने की गारंटी देने का प्रयास भी किया है। घोषणा पत्र की अमूमन बातें प्रधानमंत्री अपने भाषणों में पहले ही करते रहे हैं। इसलिए इसमें कुछ नया तो नहीं कहा जा सकता। मुफ्त योजनाओं के जारी रखने की बात से जनता को यह आासन जरूर मिल जाता है कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इन्हें बंद नहीं कर देगी।कांग्रेस अपने घोषणा को न्याय पत्र का नाम देकर इसी रास्ते पर नजर आ रही है। पार्टी ने महिलाओं को सरकारी नौकरियों में आरक्षण, गरीब लड़कियों को आर्थिक मदद, मुफ्त स्वास्थ्य बीमा, युवा-नारी-किसान-श्रमिक-आर्थिक व पर्यावरणीय न्याय के बूते सभी को समेटने के प्रयास किया है। यह सच है कि मतदाता को लुभाने वाले ये घोषणा पत्र कुछ तक प्रभावी होते हैं। मगर देश में इस वक्त युवा मतदाताओं की बढती दर ने राजनीतिक दलों को संकट में ला खड़ा किया है।इस नए मतदाता को प्रभावित करना उतना आसान भी नहीं है। जिन्हें शिक्षा, रोजगार व बेहतर भविष्य की आशाएं हैं। काफी हद तक वे मुफ्त योजनाओं व बड़े-बड़े वायदों से प्रभावित हुए बगैर नहीं रह सकते। मगर उनके भीतर अपने बेहतर भविष्य व सुकून भरे जीवन को लेकर आस्त रहने के सवाल भी हैं। राजनीतिक पार्टियां घोषणाएं कितनी भी कर लें मगर सच तो यह है कि मतदाता को प्रभावित कर पाना आसान भी नहीं है। इनका भरोसा जीतना वाकई दुष्कर कार्य है।

चिंतन-मनन

भौतिकवाद से उपजी दुर्गति

ऊंचा महल खड़ा करने के लिए किसी दूसरी जगह गड्ढे बनाने पड़ते हैं। मिट्टी, पत्थर, चूना आदि जमीन को खोदकर ही निकाला जाता है। एक जगह टीला बनता है तो दूसरी जगह खाई बनती है। संसार में दरिद्रों, अशिक्षितों, दुःखियों, पिछड़ों की विपुल संख्या देखते हुए विचार उठता है कि उत्पादित सम्पदा यदि सभी में बंट गई होती तो सभी लगभग समान स्तर का जीवन जी रहे होते।

अभाव एक ही कारण उत्पन्न हुआ है कि कुछ लोगों ने अधिक बटोरने की विज्ञान एवं प्रत्यक्षवाद की विनिर्मित मान्यता के अनुरूप यह उचित समझा है कि नीति, धर्म, कर्त्तव्य, शालीनता, समता, परमार्थ परायणता जैसे उन अनुबंधों को मानने से इंकार कर दिया जाए जो पिछली पीढ़ियों में आस्तिकता और धार्मिकता के आधार पर आवश्यक माने जाते थे। पशुओं को जब नीतिवान परोपकारी बनाने के लिए बाधित नहीं किया जा सका, तो बन्दर से मानव रूप में विकसित मनुष्य को यह किस आधार पर समझाया जा सके कि उसे उपार्जन तो करना चाहिए पर उसको उपभोग में ही समाप्त नहीं कर देना चाहिए।

विज्ञान के साथ सज्ञान का समावेश यदि रह सका होता तो भौतिक और आत्मिक सिद्धान्तों पर आधारित प्रगति का लाभ हर किसी को समान रूप से मिलता पर किया क्या जाए? भौतिक विज्ञान जहां शक्ति व सुविधा प्रदान करता है, वहीं प्रत्यक्षवादी मान्यताएं नीति, धर्म, संयम, स्नेह, कर्त्तव्य आदि को झुठला देती हैं। ऐसी दशा में उद्दंडता अपनाए हुए समर्थ का दैत्य-दानव बन जाना स्वाभाविक है।

औद्योगीकरण के नाम पर बने कारखानों ने संसार भर में वायु और जल प्रदूषण भर दिया है। ऊर्जा के अत्यधिक उपयोग ने संसार का तापमान इतना बढ़ा दिया है कि हिम प्रदेश पिघल जाने पर समुद्रों में बाढ़ आने और ओजोन

इजराइल का ईरान पर हमला विश्व में मचेगा हाहाकार

सनत जैन

इजरायल ने ईरान के ऊपर जबाबी हमला कर दिया है। इस जवाबी हमले के बाद सारी दुनिया के देशों में हाहाकार मचना तय है। इजराइल ने ईरान के कई शहरों और एयरपोर्ट पर खतरनाक मिसाइलों से हमला किया है। ईरान के इसाफहान शहर के एयरपोर्ट पर जबरदस्त धमाका सुना गया है। यहीं पर ईरान की न्यूक्लियर साइड भी मौजूद है। इस हमले के दो महत्वपूर्ण प्रभाव सारी दुनिया के देशों में होंगे। पहला कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से तेल के दाम बड़ी तेजी के साथ बढ़ेंगे। इसमें दुनिया के वह देश जो इस लड़ाई में प्रत्यक्ष रूप से शामिल नहीं हैं, उनके ऊपर भी इस युद्ध का असर होगा। दूसरा जो देश प्रत्यक्ष रूप से इस युद्ध में भाग लेंगे या समर्थन दे रहे हैं उन देशों को भी इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ेगा। भारत के लिए यह बड़ी चिंता का विषय है। भारत के संबंध ईरान और इजराइल दोनों के साथ हैं। गुरुवार की रात को इजराइल ने ईरान के इसाफन प्रांत में हमला किया है। यहां पर ईरान के परमाणु ठिकाने और यूरेनियम संवर्धन प्रमुख केंद्र हैं। ईरान और इजरायल के बीच चल रहे तनाव का मामला संयुक्त राष्ट्र की सुरक्षा परिषद में भी उठा था। सुरक्षा परिषद भी दोनों देशों के तनाव को कम करने में कोई सार्थक भूमिका नहीं निभा पाई। इजराइल के जवाबी हमला करने के बाद भारत को आर्थिक और सामरिक दृष्टि से बड़ा नुकसान होना तय है। ईरान की फौज ने इजराइल का एक माल वाहक जहाज जप्त करके रखा है। इसमें 25 चालक दल में 17 भारतीय थे। ईरान ने मात्र एक महिला चालक को छोड़ा है। शेष सभी ईरान की हिरासत में हैं। इजराइल और ईरान लंबे समय से एक दूसरे के ऊपर छुटपुट हमले करते रहे हैं। लेकिन अब इस युद्ध में अमेरिका, यूरोपीय देशों के साथ-साथ रूस और चीन भी हस्तक्षेप कर रहे हैं। इस कारण तीसरे विश्व युद्ध की आशंका बन गई है। 1 अप्रैल को इजराइलियों ने दमिशक में एक ईरानी काउंसलेट पर हमला किया था। इस हमले में ईरान के साथ वरिष्ठ अधिकारी मारे गए थे। इस हमले के बाद ईरान को इजराइल के खिलाफ सीधी जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी। बदले में गुरुवार की रात इजराइल ने भी ईरान पर सीधा जबाबी हमला कर दिया है। जिसके कारण सारी दुनिया के देशों में तनाव की स्थिति बन गई है। ईरान के हमले से बचाव के लिए अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जॉर्डन और सऊदी अरब इजराइल की मदद में खड़े हुए हैं। दूसरी ओर ईरान की सहायता के लिए रूस और चीन खुलकर सामने आ गए हैं। इजराइल द्वारा गाजा में जिस तरीके का विनाश हमास से युद्ध करने के नाम पर फिलिस्तीनी नागरिकों का किया है। संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद की बात को इजराइल ने नहीं माना। उसके बाद से ही स्थिति दिन प्रतिदिन खराब होती चली जा रही है। 7 अक्टूबर को इजराइल ने हमास के ऊपर हमला किया था। उसके बाद भारत ने सऊदी अरब, ईरान, इजराइल, मिश्र और फिलिस्तीन के नेताओं से युद्ध को रोकने के लिए अपने स्तर पर सभी ने प्रयास किए, लेकिन भारत के कोई भी प्रयास सफल नहीं हुए। इजराइल लगातार हमास पर हमला करता रहा। हजारों लोगों की मौत हो गई। अक्टूबर से अभी तक चल रहे इस युद्ध में इजराइल के हाथ भी कुछ नहीं आया है। फिलिस्तीन और गाजा में भारी नुकसान हुआ। वहां की आम जनता को सबसे ज्यादा नुकसान उठाना पड़ा। ऐसा नरसंहार इसके पहले कभी दुनिया के किसी भी देश में देखने को नहीं मिला। इजराइल और हमास के युद्ध में एक साथ हजारों बच्चों और महिलाओं की मौत हुई है। वहां पर भुखमरी फैली हुई है। रेड क्रॉस और अन्य संस्थाएं वहां मदद नहीं पहुंचा पा रही हैं। भारत के ईरान और इजरायल के साथ बहुत अच्छे संबंध हैं। भारत ने इजराइल से 2। 9 अरब डालर मूल्य के मिसाइल, रडार, निगरानी ड्रोन, लड़ाकू विमान इत्यादि खरीदे हैं। अमेरिका का प्रतिबंध होते हुए भी भारत ने तेल, गैस ईरान से बड़ी मात्रा में खरीदा है। ईरान से कच्चे तेल का सबसे बड़ा आयातक भारत है। जिस तरह से ईरान और इजरायल एक दूसरे के ऊपर हमले कर रहे हैं। इसका बड़ा असर कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति पर होगा। कच्चे तेल और गैस की कीमतें बड़ी तेजी के साथ बढ़ सकती हैं। इसका असर सारी दुनिया के देशों में होगा। जल मार्ग भी बाधित होगा। जिसके कारण आयात और निर्यात को लेकर बहुत बड़ी बाधा उत्पन्न होगी। इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते हुए तनाव से तीसरे विश्व युद्ध की आशंका से सारी दुनिया के देश भयाक्रांत हैं। आश्चर्य की बात यह है, कि संयुक्त राष्ट्र संघ और सुरक्षा परिषद जैसी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शांति बहाल करने में अपना योगदान नहीं दे पा रही हैं। इसने चिंता को और भी बढ़ा दिया है। यूक्रेन और रूस के बीच में पहले ही युद्ध चल रहा है इजराइल और हमास के बीच में भी पिछले 7 महीने से भयंकर युद्ध हो रहा है दुनिया के देश दो भागों में बट रहे हैं परमाणु हमले की आशंका जताई जा रही है ऐसी स्थिति में यदि तृतीय विश्व युद्ध हुआ तो यह अभी तक के विनाश का सबसे बड़ा कारण बनेगा। प्रथम विश्व युद्ध और द्वितीय विश्व युद्ध के समय लड़ाई के इतने संसाधन और नए-नए तौर तरीके विकसित नहीं थे, लेकिन वर्तमान संदर्भ में एक से एक बढ़कर विनाशकारी हथियार दुनिया के अधिकतर देशों के पास हैं इससे स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

भारत का सकल घरेलू उत्पाद अगले 50 वर्षों में 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाने की सम्भावना

प्रहलाद सबनानी

गोल्डमेन सेच्स नामक अंतरराष्ट्रीय निवेश संस्थान ने अपने एक रिसर्च पेपर में बताया है कि आगे आने वाले 50 वर्षों में भारत का सकल घरेलू उत्पाद 52 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का हो जाएगा। इस प्रकार भारत इस संदर्भ में अमेरिका को भी पीछे छोड़ते हुए विश्व में प्रथम स्थान पर आ जाएगा। वर्तमान में भारत विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष एवं विश्व बैंक आदि विभिन्न वित्तीय संस्थानों ने भी आगे आने वाले समय में भारत की आर्थिक वृद्धि दर को 7.2 प्रतिशत रहने की प्रबल संभावनाएं जताईं हैं। जबकि, आज विश्व के कई देश, विशेष रूप से ब्रिटेन, जर्मनी आदि, आर्थिक संकुचन के दौर से गुजर रहे हैं। रूस यूक्रेन युद्ध के चलते कई विकसित देश तो ऊर्जा की कमी के संकट से जूझ रहे हैं। भारत के विदेशमंत्री, डॉक्टर एस जयशंकर भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व के लगभग समस्त सशक्त देशों के साथ अच्छे सम्बंध बनाने में सफल रहे हैं। आज रूस को भी भारत की आवश्यकता है तो अमेरिका को भी। रूस, भारत को कच्चे तेल एवं सुरक्षा के लिए भारी मात्रा में शस्त्र उपलब्ध कराता है। वर्ष 2022 में भारत ने रूस से 4,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का सामान आयात किया था। वर्ष 2023 में यह बढ़कर 5,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर होने की प्रबल सम्भावना है। वहीं अमेरिका, भारत को अपना स्ट्रेटेजिक सहयोगी मानता है। आज विश्व की समस्त बड़ी शक्तियां भारत के साथ सौहार्द पूर्ण सम्बंध चाहती हैं। रूस, अमेरिका, यूरोपीयन देश एवं अरब देश भारत के साथ अपने व्यापार को विस्तार देना चाहते हैं। रूस भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो यूक्रेन भी। उधर इजराईल भी भारत के साथ अच्छे सम्बंध चाहता है तो इरान भी। भारत जी-20 समूह का सदस्य है तो भारत यू2आई2 एवं ब्रिक्स का भी सदस्य है। इस प्रकार कुल मिलाकर भारत का डंका आज पूरे विश्व में बज रहा है। आज भारत के पास विश्व की चौथी सबसे बड़ी फौज है। पश्चिमी बॉर्डर पर चीन से युद्ध की स्थिति में भारत आज इससे निपटने को पूर्णतः तैयार है।

भारत के पास आज युवा जनबल है। भारत की 66 प्रतिशत जनसंख्या 35 वर्ष की कम आयु की है। 40 प्रतिशत जनसंख्या 13 से 35 वर्ष के बीच में है। भारत के पास 35 वर्ष से कम आयु की जनसंख्या अमेरिका की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। इसके विपरीत चीन, जापान, इटली, फ्रान्स आदि कई देशों की जनसंख्या अब धीमे धीमे कम हो रही है। इन देशों में आर्थिक गतिविधियों को बनाए रखने के लिए आज युवाओं की सख्त आवश्यकता है जो पूरे विश्व में केवल भारत ही उपलब्ध करा सकता है। वर्ष 2064 तक भारत की जनसंख्या बढ़ती रहेगी, ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। इस प्रकार वैश्विक स्तर पर भारत विश्व में विकास के इंजन के रूप में अपनी भूमिका लम्बे समय तक निभाता रहेगा।

उक्त संदर्भ में दूसरा सबसे बड़ा कारण बताया गया है, भारत में हाल ही के समय में किया गया डिजिटलीकरण। इससे देश के ग्रामीण इलाकों में भी नागरिकों की दक्षता एवं उत्पादकता बढ़ गई है। भारत में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग की वित्तीय एवं बैंकिंग संस्थानों द्वारा भरपूर आर्थिक सहायता की जा रही है इससे यह उद्योग तेजी से आगे बढ़ रहे हैं एवं देश में रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित कर रहे हैं। पूर्व में केवल बड़े उद्योगों को ही बैकों द्वारा वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाती रही है परंतु भारत में अब यह ट्रेंड बदला है। कोविड महामारी के बाद से तो इस सम्बंध में बड़ा बदलाव देखने में आया है। डिजिटलीकरण के कारण छोटे छोटे व्यवसाईयों की क्रेडिट हिस्ट्री निर्मित हो रही है जिसके कारण बैकों को इन छोटे छोटे व्यापारियों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने में आसानी हो रही है। ह्यआधारह्न ने तो देश के समस्त नागरिकों की एक अलग पहचान ही बना दी है। यूपीआई प्लेटफोर्म ने भी इस संदर्भ में ग्रामीण इलाकों में रोकड़ के उपयोग को कम कर डिजिटल प्लेटफोर्म पर वित्तीय व्यवहारों को हस्तांतरित किया है। छोटे छोटे व्यवसाईयों, किसानों, सामान्य नागरिकों को भी वित्तीय प्लेटफोर्म पर लाने में यह डिजिटलीकरण बहुत सफल रहा है। इससे वित्तीय समावेशन का कार्य भी आसान बन पड़ा है। भारत में डिजिटल व्यवहारों की संख्या आज संयुक्त रूप से अमेरिका, चीन एवं यूरोप से भी अधिक है। जबकि अमेरिका, चीन एवं यूरोप के देश भारत से अधिक विकसित देश हैं। इससे यह झलकता है कि भारत ने डिजिटलीकरण के मामले में पूरे विश्व को पीछे छोड़ दिया है। अब तो भारत का यूपीआई सिस्टम अमेरिका के स्विफ्ट पेमेंट सिस्टम को भी पीछे छोड़कर वैश्विक स्तर पर डिजिटलीकरण के मामले में अपनी धाक जमाने की ओर आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत का यूपीआई सिस्टम सिंगापुर, फ्रान्स, श्रीलंका एवं यूएई में लागू किया जा चुका है। भारत के प्रधानमंत्री ने फ्रान्स में भारतीय यूपीआई सिस्टम का उद्घाटन किया था, ताकि फ्रान्स में जाने वाले पर्यटक यूपीआई सिस्टम के माध्यम से फ्रान्स में वित्तीय व्यवहार कर सकें। न्यूजीलैंड में भी यूपीआई को लागू किए जाने पर विचार किया जा रहा है।

उक्त संदर्भ में तीसरा सबसे बड़ा कारण है चीन के, विस्तरवादी नीतियों के चलते, विश्व के अन्य देशों के साथ लगातार खराब होते सम्बंध। आज विश्व के कई देश चीन के साथ आर्थिक व्यवहार करने से कतराने लगे हैं। यह स्थिति भारत के आर्थिक विकास को गति दे सकती है क्योंकि चीन+1 की नीति का अनुपालन विश्व के कई विकसित देश आज करने लगे हैं एवं ये देश भारत में विनिर्माण के क्षेत्र में अपनी इकाईयों को स्थापित करते जा रहे हैं। ताईवान आदि देशों पर चीन की नीति की पूरे विश्व में भर्त्सना हो रही है। चीन के अपने बॉर्डर पर लगने वाले लगभग समस्त देशों के साथ चीन के सम्बंध अच्छे नहीं हैं। इन देशों का चीन पर अब भरोसा समाप्त सा होता जा रहा है। ऐपल एवं टेस्ला जैसी कम्पनियां अब भारत में अपनी विनिर्माण इकाईयां स्थापित कर रही हैं। ऐपल ने तो अपने आईफोन-15 का उत्पादन भारत में चालू भी कर दिया है। इससे भारत में न केवल रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं बल्कि विदेशी निवेश भी बढ़ रहा है। आज भारत में विदेशी मुद्रा भंडार 65,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर के आसपास रिकार्ड स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही, आज भारत का पूंजी बाजार (स्टॉक मार्केट) विश्व में चौथे स्थान

पर आ गया है।

भारत द्वारा अपने बुनियादी ढांचे को विकसित करने में भारी भरकम राशि खर्च की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.11 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि का बजट बुनियादी ढांचे के लिए निर्धारित किया गया है, जबकि वित्तीय वर्ष 2023-24 में 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक की राशि इस मद पर खर्च की गई थी। अयोध्या, वाराणसी, उज्जैन, हरिद्वार, जम्मू कश्मीर जैसे अन्य कई धार्मिक स्थलों को विकसित किया जा रहा है ताकि धार्मिक पर्यटन को भारत में बढ़ावा दिया जा सके। इन शहरों के बुनियादी ढांचे का अतुलनीय विकास किया जा रहा है। जिससे रोजगार के लाखों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। एयरपोर्ट की संख्या पिछले 10 वर्षों में दुगने से भी अधिक होकर 150 तक पहुंच गई है और इसे वर्ष 2025 तक 200 की संख्या तक ले जाया जा रहा है। रेल्वे का विद्युतीकरण किया गया है। रेलगाड़ियों की स्पीड बढ़ाई गई है, जिससे देश में कार्यक्षमता के स्तर में सुधार हो रहा है। भारत के बड़े शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। आज भारत का रोड नेट्वर्क चीन से भी अधिक होकर विश्व में केवल अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर आ गया है। भारत सरकार की वर्ष 2024 से वर्ष 2030 के बीच देश के बुनियादी ढांचे को विकसित करने पर 2 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर की राशि खर्च करने की योजना है। इस प्रकार भारत को वर्ष 2047 तक विकसित देशों की श्रेणी में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। वर्ष 2027 तक भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा, ऐसी सम्भावना भी व्यक्त की जा रही है।

90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं : रवीना टंडन

बालीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन का सिनेमा जगत में 90 के दशक में जलवा था और तब उन्होंने कई हिट फिल्में दी है। हाल ही में, रवीना ने 90 के दशक से जुड़े कई राज खोले हैं। रवीना टंडन अपने करियर को ईमानदारी से आत्मनिरीक्षण के साथ देखती हैं। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक की अभिनेत्रियां रूढ़िवादी थीं, उन्हें खुद को स्थापित करने में समय लगा। उस दौर में एक हीरो एक फिल्म में जितना कमाता था, वो अभिनेत्रियों को 15 के साल बाद मिला। अभिनेत्री ने बताया 90 के दशक में जब उन्होंने अपनी बॉलीवुड यात्रा शुरू की, तब उन्हें एक धारणा की लड़ाई लड़ने के लिए प्रेरित किया। दरअसल, उस वक्त उन्होंने खुद को ऐसी फिल्मों में पाया जो फार्मूलाबद्ध व्यावसायिक फिल्मों होती थीं और इनमें वे स्टीरियोटाइप रूढ़िबद्ध हो रही थी। रवीना टंडन का कहना है कि 90 के दशक में हालत ऐसी थी कि अभिनेत्रियों के पास बड़े अवसर होते थे लेकिन अपने ही करियर की रणनीति बनाने का मौका नहीं मिलता था। उनके पास अपना काम चुनने की आजादी बहुत ही कम थी। जब वे फिल्में रिलीज होने लगती थी, जिनमें 6 सुपरहिट गाने और वही एक जैसे सीन होते थे तो इस तरह की और भी फिल्मों में काम मिलने लगता था। ऐसी स्थिति में एक्ट्रेस को आंख मूंदकर फिल्मों को साइन कर लिया जाता था और करियर प्लानिंग नाम की कोई चीज थी ही नहीं। रवीना ने 90 के दशक में हम एक वक्त में एक या दो फिल्मों में काम नहीं करते थे। हम एक साथ 10 से 12 फिल्में किया करते थे। कुछ फिल्मों के बारे में ऐसा कहा जाता था कि अगर उसमें कोई बड़ा अभिनेता और बड़ा निर्देशक है तो फिल्म सुपरहिट साबित होगी और तब प्रोजेक्टस को लेकर ज्यादा चयन नहीं होता था। बातचीत के दौरान रवीना टंडन ने कहा कि उन दिनों अभिनेत्रियों को अभिनय करने के ज्यादा पैसे नहीं मिलते थे। उस दौरान फिल्म का एक लीड हीरो एक फिल्म से जितना कमा लेता था, एक अभिनेत्री उतना पैसा 15 से 16 फिल्मों में काम करने के बाद ही कमा पाती थी। ये सब स्टीरियोटाइपिंग यानी रुढ़िवादि सोच का कारण होता था, क्योंकि हमें अपने को स्थापित करने में वक्त लगा। आगे रवीना ने कहा, सौभाग्य से, यह अब बदल गया है। समय ऐसा है कि ओम शांति ओम के बाद, दीपिका पादुकोण को पांचवीं-छठी फिल्म के रूप में बाजीराव मस्तानी मिलती है, जिससे उन्हें ऐसी भूमिकाएं करने का मौका मिलता है जो वो करना चाहती हैं, जो हमें लंबे समय तक काम करने के बाद 20 वीं फिल्म में मिला है। हमारी इंडस्ट्री की अभिनेत्रियों को सौभाग्य से उनकी चौथी-पांचवीं फिल्म में ऐसा करने को मिल रहा है। उन्होंने आगे कहा, स्टूडेंट ऑफ द ईयर के बाद सीधे आलिया भट्ट को इम्तियाज जैसे अच्छे निर्देशक के साथ हाईवे करने का मौका मिला और वो काफी शानदार है। उन दिनों हमें खुद को स्थापित करने में निश्चित रूप से समय लगा। ऐसा नहीं था कि हम सावधानीपूर्वक सोचेंगे, ओह, मैं इसे आगे करूंगी। बेशक, ओटीटी ने इसे हर तरह की फिल्म बनाने के लिए भी खोल दिया है। रवीना को लगता है कि अब ऐसा नहीं है, क्योंकि वो इस बात पर जोर डालती हैं कि कैसे फीमेल स्टार आज खुद को बेहतर स्थिति में पाती हैं, उनके करियर की शुरुआत में ही मनोरंजक फिल्में आ रही हैं और स्ट्रीमिंग शो का अवसर उन्हें सोचने का एक और मौका दे रहा है।

जूनियर एनटीआर पहनते है 9 करोड़ की घड़ी

ऑस्कर विनिंग फिल्म आरआरआर के स्टार अभिनेता जूनियर एनटीआर काफी महंगी घड़ी पहनने के शौकीन हैं। हाल ही में उन्हें ऋतिक रोशन की वॉर 2 की शूटिंग के लिए मुंबई में देखा गया था। उन्होंने मुंबई के कलिना हवाई अड्डे पर अपनी उपस्थिति के दौरान अपनी वेशकीमती घड़ी रिचर्ड मिल को प्लॉन्ट किया था। पैपराजी अकाउंट द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में, आरआरआर अभिनेता एक ग्रे डोल्से और गब्बाना शर्ट, काली टोपी, धूप का चश्मा और एक आकर्षक रिचर्ड मिल्ली कलाई घड़ी में दिखाई दे रहे हैं। जानकारी के अनुसार, जूनियर एनटीआर को इससे पहले 1.37 करोड़ रुपये की एक और प्रीमियम घड़ी पहने देखा गया था जो कि पटेक फिलिप ब्रांड की थी। लेकिन हाल ही में वे 8.7 यानी लगभग 9 करोड़ रुपए की घड़ी पहने देखे गए थे।इतना ही नहीं, महंगी एक्सेसरिज में आरआरआर स्टार के पास लेम्बोर्गिनी उरुस से लेकर पोर्शे तक का एक शानदार कार कलेक्शन भी है। वो मर्सिडीज-बेंज जीएलएस, रेंज रोवर वोग और बीएमडब्ल्यू 7-सीरीज के भी मालिक हैं। जूनियर एनटीआर की नेटवर्थ 571 रुपए से ज्यादा है। अभिनेता पहले एक फिल्म से 40 करोड़ लेते थे और उन्होंने आरआरआर के लिए 45 करोड़ की मांग की थी लेकिन अब उनका मेहनताना बढ़ गया है। तारक अब एक फिल्म से 50 से 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं। फिल्म का बजट कम है तो 50 और ज्यादा है वो 100 करोड़ रुपए ले रहे हैं।आपको बता दें कि अभिनेता की वाइफ भी एक अमीर कानदान से आती हैं। तारक ने किसी हीरोइन से नहीं बल्कि रियाल्टार और बिजनेसमैन नार्ने श्रीनिवास राव की बेटी लक्ष्मी प्रणथी से शादी की है। बता दें कि लक्ष्मी आंध्र प्रदेश के पूर्व सीएम चंद्रबाबू नायडू की भतीजी हैं। इस बीच काम के मोर्चे पर बात करें तो जूनियर एनटीआर निर्देशक कोरातला शिवा की देवरा मेंबिजी हैं, जो दो भागों में रिलीज होगी। कोरातला शिवा द्वारा लिखित और निर्देशित देवरा- भाग 1 एक एक्शन ड्रामा है जिसमें जूनियर एनटीआर मुख्य भूमिका में हैं। यह मूवी जान्हवी कपूर की दक्षिण फिल्म इंडस्ट्री में पहली फिल्म भी है। उनके अलावा सैफ अली खान, प्रकाश राज, श्रीकांत, शाइन टॉम चाको और नारायण कलाकारों का हिस्सा हैं। बता दें कि भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई स्टार्स हैं जो महंगी एक्सेसरिज के शौकीन हैं। किसी को महंगे सन ग्लास का शौक होता है तो कोई महंगे बूट खरीदते है।

मोंटी शर्मा का कहना है कि शान हॉलीवुड बॉलीवुड मूवी स्वेटपैंट्स में मुख्य पार्श्व गायक हैं

शान ने बॉलीवुड में प्लेबैक के लिए कई फिल्मफेयर और जी सिने पुरस्कार जीते हैं

बहुप्रतीक्षित बॉलीवुड हॉलीवुड सिलिकॉन वैली थ्रिलर फिल्म स्वेटपैंट्स के सह-निर्माता मोंटी शर्मा, सह-निर्माता, संगीत निर्देशक और डॉ. रानू सिन्हा, निर्देशक, स्क्रीन प्ले और गीतकार, ने उत्साहपूर्वक सोशल मीडिया वैश्विक समाचारों में खुलासा किया कि ब्लॉकबस्टर बॉलीवुड पुरस्कार विजेता गायक शान मुखर्जी मुख्य भूमिका में हैं। फ़िल्म स्वेटपैंट्स के लिए पुरुष पार्श्वगायन शान ने बॉलीवुड में प्लेबैक के लिए कई फिल्मफेयर और ज़ी सिने पुरस्कार जीते हैं, उन्हें मोंटी शर्मा की सावरिया फिल्म 'जब से तेरे नैना卐 गाने के लिए जाना जाता है, उन्हें बॉलीवुड प्लेबैक में कई प्रशंसाओं के साथ-साथ फिल्म फना के 'चांद सिफ़ारिश' गाने के लिए भी जाना जाता है। फिल्म की सह-निर्माता और अभिनेत्री अन्ना शर्मा ने प्रेस और मीडिया को उत्साहपूर्वक बताया कि मोंटी शर्मा का संगीत, शान का पार्श्वगायन और डॉ. रानू सिन्हा के गीत समसामयिक, मधुर हैं और हर संस्कृति के दिलों को चुराने के लिए तैयार हैं। बॉलीवुड के संचारी सेनगुप्ता और एक प्रतिभाशाली बे एरिया गायिका और आइकन अदिति श्री जैसे युवा प्रतिभाशाली गायकों की कंफ़ेटी पूर्व पश्चिम प्रतिभाओं के सहयोग की पहचान है। सितंबर 2024 के बाद प्रत्याशित फिल्म की रिलीज को लेकर टीम स्वेटपैंट्स बहुत उत्साहित है।

धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे सुपरस्टार रजनीकांत

जेलर के बाद दक्षिण भारत के सुपर सितारे रजनीकांत इन दिनों अपनी अगली फिल्मों को लेकर खासी चर्चाओं में हैं। बताया जा रहा है कि रजनीकांत इन दिनों दो फिल्मों की शूटिंग में व्यस्त हैं। इनमें से एक फिल्म जय भीम देने वाले निर्देशक टीजे ज्ञानवेल की वेट्टियान है। इस फिल्म को लेकर तमिल सिनेमा में लगातार बज बना हुआ है। जिसमें सुपरस्टार रजनीकांत धमाकेदार अवतार में नजर आएंगे। इस फिल्म को लेकर चर्चा है कि निर्माताओं ने रजनीकांत की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म के लिए खलनायक की खोज पूरी कर ली है। यह विलेन कोई और नहीं बल्कि बाहुबली का भल्लालदेव यानी राणा दग्गुबाती है। हालांकि अभी तक निर्माताओं की ओर से आधिकारिक तौर पर ऐलान नहीं किया गया है। मगर तमिल सिनेमा के गलियारों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि रजनीकांत की इस फिल्म में राणा दग्गुबाती की एंट्री होने वाली है। फिल्म की कहानी क्रिमिनल एक्टिविटीज की थीम पर बुनी हुई है। जो एजुकेशन सिस्टम को कैसे बर्बाद करता है। इसमें राणा दग्गुबाती का किरदार एक ऐसे विलेन का होगा जो गैजेट्स लवर है और मॉर्डन टेक्नोलॉजी का मिसयूज करता है। फिल्म में रजनीकांत एक बार फिर पुलिस अधिकारी के किरदार में दिखाई देंगे। यह फिल्म इसी साल अक्टूबर 2024 तक सिल्वर स्क्रीन पहुंचने की तैयारी में हैं। इसमें रजनीकांत के साथ अमिताभ बच्चन भी नजर आने वाले हैं। इससे पहले इन दोनों ने अपने समय में आखिरी बार गिरफ्तार में स्क्रीन्स शेयर किया था। गिरफ्तार में कमल हासन ने भी मुख्य भूमिका निभाई थी। वो फिल्म में अमिताभ के छोटे भाई बने थे। अमूमन एक वक्त पर एक ही फिल्म पर काम करने वाले रजनीकांत ने वेट्टियान के साथ ही निर्देशक लोकेश कनगराज की अगली फिल्म को लेकर भी हाथ मिला लिया है। उनकी अगली फिल्म थलाइवा 171 के टाइटल का खुलासा जल्दी ही होने वाला है। इस फिल्म का मेकर्स एक जबरदस्त फर्स्ट लुक पोस्टर जारी कर चुके हैं। जिसे देख फैंस का उत्साह सांतवे आसमान पर पहुंच चुका है। ये एक गैंगस्टर क्राइम थ्रिलर ड्रामा मूवी होगी। जिसे लेकर फैंस अभी से ही एक्साइटेड हैं।बता दें कि रजनीकांत का 72 साल की उम्र में भी जलवा कम नहीं हुआ है। तमिल फिल्मों की दुनिया में आज भी रजनीकांत से बड़ा दूसरा कोई सितारा नहीं हैं। गत वर्ष प्रदर्शित हुई उनकी फिल्म जेलर ने जिस तरह से कामयाबी पायी वह अन्य सितारों को आश्चर्यचकित कर गई। इस फिल्म ने दुनियाभर से 700 करोड़ का कारोबार करने में सफलता प्राप्त की।

मैंने कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था : विद्या बालन

बॉलीवुड एक्ट्रेस विद्या बालन ने खुलासा किया कि उन्होंने अपने पति सिद्धार्थ रॉय कपूर से मिलने से पहले कभी शादी के बारे में नहीं सोचा था। पद्मश्री से सम्मानित भारतीय सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस विद्या बालन ने 2012 में फिल्म निर्माता सिद्धार्थ रॉय कपूर से शादी की थी। बता दें कि विद्या अब अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार की तैयारी कर रही हैं, जो 19 अप्रैल को रिलीज होगी। फिल्म में प्रतीक गांधी, इलियाना डिक्रूज और सेंथिल राममूर्ति भी हैं। यह पूछे जाने पर कि उनके अनुसार, एक आदर्श रिश्ते का मंत्र क्या है, विद्या ने बताया, 'मुझे नहीं लगता कि कोई मंत्र है। कम से कम मुझे तो यह पता नहीं चला... मंत्र हर रिश्ते के लिए अनोखा होता है। कोई आपके कान में ये मंत्र नहीं बताएगा। हर रिश्ते का अपना एक अनोखा मंत्र होता है।' रिश्तों को लेकर विद्या की समझ विकसित हुई है। उन्होंने कहा, शादी के 12 साल और डेटिंग के वर्षों के दौरान रिश्तों के बारे में मेरी समझ बदल गई है। शादी के बारे में मेरी समझ बढ़ी है। मैं उनमें से नहीं हूं जिसने शादी से पहले उसके बारे में सोचा हो। उन्होंने आगे कहा, इन सालों ने मुझे सिखाया है, और मुझे यकीन है कि गुजरते समय के साथ मैं रिश्ते को समझना और विकसित करना जारी रखूंगी। हालांकि, विद्या ने रिश्ते को स्वस्थ रखने के लिए एक बात शेयर की। विद्या ने कहा, एक बात जो मैं निश्चित रूप से जानती हूं वह यह है कि किसी जोड़े के बीच रिश्ते में, चाहे वह विषमलैंगिक हो या समान-लिंग वाला हो, आप किसी तीसरे व्यक्ति को शामिल नहीं कर सकते। उन्होंने आगे कहा, मेरा मतलब सिर्फ अफेयर से नहीं है, बल्कि किसी अन्य रिश्तेदार या दोस्त से भी है। ये रिश्ता सिर्फ दो लोगों के बीच का है। यह कुछ ऐसा है जिसे मैंने वर्षों से समझा है।'

प्रेग्नेंसी के दौरान सिंघम अगेन में एक्शन सीन कर रही दीपिका

दीपिका पादुकोण ने कुछ समय पहले प्रेग्नेंसी को आधिकारिक तौर पर सार्वजनिक किया था। वहीं अब सोशल मीडिया पर 'सिंघम अगेन' के सेट से उनकी कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इन तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में दिख रही हैं। दावा किया जा रहा है कि वे फिल्म में एक्शन सीन करते हुए दिखाई देंगी। सामने आई तस्वीरों में दीपिका पुलिस की वर्दी में हैं। उनके चारों ओर जो कलाकार हैं, वे गुंडों की वेशभूषा में है। इससे फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वे एक एक्शन सीन कर रही हैं। फैंस दावा कर रहे हैं कि शूट के दौरान उनका बेबी बंप भी दिख रहा है। यह तस्वीरें दीपिका पादुकोण के एक फैन पेज से साझा की गई हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक दीपिका की सुरक्षा के लिए उनकी बॉडी डबल भी वहां मौजूद थी। कहा जा रहा है कि दीपिका के एक्शन सीन उनकी बॉडी डबल ही कर रही हैं, ताकि गर्भवती स्टार को किसी तरह की परेशानी ना हो। 'सिंघम अगेन' में दीपिका पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाते हुए नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका लेडी सिंघम पुलिस अधिकारी 'शक्ति शेट्टी' के किरदार में दिखेंगी। फिल्म में अजय देवगन, रणवीर सिंह, करीना कपूर खान, अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ मुख्य भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।



भागलपुर में आयोजित चुनावी सभा में मुख्यमंत्री ने लालू यादव पर कसा तंज, कहा

पति-पत्नी के शासन में बिहार था बदहाल हमने विकास के लिए किया काम: नीतीश

भागलपुर। भागलपुर के रंगरा प्रखंड के तिनटंगा में भागलपुर से जदयू उम्मीदवार अजय मंडल के प्रचार के लिए शुक्रवार को आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि हमलोगों ने बिहार के विकास के लिए काम किया है। कुछ लोग पत्नी, बेटा और बेटी को आगे बढ़ा रहें हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वे लोग गड़बड़ कर रहे थे इसलिए उन लोगों को हटा दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2005 से पूर्व 15 वर्ष तक पति-पत्नी ने मिलकर बिहार में राज किया था। उन लोगों के कार्यकाल में शाम होते ही लोग घर में कैद हो जाते थे। उस समय कहीं रोड नहीं था। शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल हुआ करती थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सबसे पहले शिक्षा के क्षेत्र में हमने काम किया। छात्राओं को पोशाक तथा स्कूल जाने के लिए साइकिल दिया गया। उसके बाद सड़कों का निर्माण किया। महिलाओं को स्नातक पास करने पर सरकार की ओर से 50 हजार रुपये दिए जाते हैं। सीएम ने कहा कि पंचायत चुनाव एवं नगर निकाय चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया। शिक्षक और पुलिस की नौकरी में भी आरक्षण दिया गया। स्वयं सहायता समूह को आगे बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से कर्ज लिया। इसको विस्तार करके इसका नाम जीविका किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब शहरी क्षेत्र में भी इसे लागू किया जायेगा। इससे महिलाओं का जीवन स्तर काफी ऊपर हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रति माह 11 हजार लोगों का इलाज किया जाता है।

मुख्यमंत्री ने भागलपुर में 1989 में हुए दंगा की चर्चा करते हुए कहा कि दंगे में अल्पसंख्यकों की क्या हालत हुई थी। दंगा की जांच करवाकर दोषियों को सजा दिलवाई गई। प्रत्येक पीड़ित परिवार को पांच हजार रुपये महीना दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मदरसों को सरकारी किया गया। कब्रिस्तान की घेराबंदी की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब एक लाख कब्रिस्तान की और घेराबंदी की जायेगी। मुख्यमंत्री ने 60 वर्ष पुराने मंदिर के जीर्णोद्धार की बात कही। कार्यक्रम में उदय कांत मिश्रा, पूर्व मंत्री राज्यसभा सदस्य संजय झा, शिक्षा मंत्री सुनील कुमार, गोपालपुर विधानसभा के विधायक गोपाल मंडल, बिहपुर विधानसभा के विधायक इंजीनियर कुमार शैलेंद्र, विधायक ललन पासवान, पूर्व सांसद शैलेश कुमार, राज्यसभा सदस्य कहकशां परवीन, पूर्व सांसद अनिल यादव, लोजपा जिला अध्यक्ष अवधेश पासवान, विपिन बिहारी सिंह, भोला मंडल साकेत बिहारी आदि मौजूद थे। उल्लेखनीय हो कि लोकसभा चुनाव 2024 के दूसरे चरण में भागलपुर में भी वोटिंग होनी है।

किशनगंज की सभा से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष का नीतीश पर पलटवार, कहा

पलटूराम हैं नीतीश, इधर से उधर करते रहते हैं

किशनगंज। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को बिहार के किशनगंज जिला पहुंचे। यहां उन्होंने बहादुरगंज के लोहागाड़ा में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान खड़गे ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी गैस के दामों के बढ़ोतरी को लेकर सवाल खड़ा किए। साथ ही कहा कि देश की सत्ता अडानी और अंबानी के हाथों में दे दिया गया है।

खड़गे ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर तंज कसते हुए कहा कि चाचा अब बूढ़े हो गए हैं। साथ ही कहा कि नीतीश सिर्फ पलटूराम हैं, जो इधर से उधर करते रहते हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी का संदेश है नफरत फैलाओ लेकिन कांग्रेस का संदेश है कि नफरत हटाओ और मोहब्बत फैलाओ। पेपर लीक के मामले में उन्होंने कहा कि हम पेपर लीक को बंद कर देंगे। गरीब लोगों के लिए कार्य करेंगे।

कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि मां-बहनों को हर वर्ष एक लाख रुपये दिया जायेगा। किसान के लिए सही दाम और एमएसपी के लिए कानूनी गारंटी हम दे रहे हैं। लोकसभा के उम्मीदवार डॉ. जावेद आजाद ने कहा कि हमें भाजपा को हटाना है। देश के संविधान को बचाना है। इससे पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खड़गे का जमकर स्वागत किया।

इस दौरान कांग्रेस के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह, बहादुरगंज के पूर्व विधायक तौसीफ आलम, किशनगंज विधायक इजहारुल हुसैन, बहादुरगंज के राजद विधायक अंजार नईमी, कांग्रेस जिलाध्यक्ष किशनगंज इमाम अली चिंटू सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कटिहार में कहा : कांग्रेस देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी

कटिहार। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे शुक्रवार को बिहार के कटिहार जिला पहुंचे। उन्होंने राजेन्द्र स्टेडियम में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र और बिहार में एनडीए की सरकार होने के बावजूद सीमांचल का क्षेत्र काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के कल कारखाने बंद हो गए और शेष बंद होने के कगार पर हैं। यहां के लोग रोजगार को लेकर पलायन कर रहे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि कुछ लोग कल तक हमारे साथ थे लेकिन आज वे बीजेपी और एनडीए गठबंधन के साथ हैं लेकिन जनता अभी भी आईएनडीआई एलायंस के साथ मजबूती से जुड़ी है। खड़गे ने कहा कि कांग्रेस सिद्धांत वाली पार्टी हमेशा से रही है। हमेशा देशहित में विश्वास रखने वाली पार्टी है। कांग्रेस के दो बड़े नेता इंदिरा गांधी एवं राजीव गांधी ने देश की सेवा करते हुए जान दे दी। कांग्रेस का उसूल होता है, जिनके लिए हम लड़ते रहते हैं और बीजेपी का क्या है आरएसएस के एजेंडे को आगे ले जाना। खड़गे ने जनसभा में मौजूद लोगों से पूछा कि क्या आप चाहते हैं कि इस देश में आरएसएस का एजेंडा चले? यदि नहीं तो कटिहार से कांग्रेस प्रत्याशी तारिक अनवर को भारी बहुमत देकर देश में आईएनडीआई एलायंस को मजबूत करते हुए केंद्र में सरकार बनाये।

संक्षिप्त

अररिया : एसएसबी ने बबुआन में चार किलो गांजा किया जब्त, तस्कर फरार

अररिया। भारत-नेपाल सीमा से सटे घुरना थाना व एसएसबी बीओपी कैंप के जवानों ने गुप्त सूचना पर संयुक्त रूप से छापेमारी कर बबुआन गांव के समीप चार किलो गांजा जब्त किया है। यह कार्रवाई भारत नेपाल सीमा दो सौ मीटर दूरी पर भारतीय क्षेत्र में बबुआन में सुपौल जाने वाली रास्ते में की गई। नेपाल से दो तस्कर माथे पर गांजा बैग में भरकर ला रहे थे, जबकि तस्कर मकई फसल का फायदा उठाकर खेत की ओर भागने में कामयाब रहे। पुलिस व एसएसबी ने जब बैग की तलाशी ली तो बैग में गांजा पाया गया।यह कार्रवाई घुरना एसएसबी कैंप के जवान पुलिस के द्वारा की गई। पुलिस ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी कि बड़ी मात्रा में नेपाल से माथे पर बैग में भरकर भारतीय क्षेत्र में गांजा लाया जा रहा है इसी के आलोक में एसएसबी जवानों को सीमा पर तैनात किया गया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 55 हजार रुपया आंकी जा रही है। थानाध्यक्ष ने कहा मौके से भागे तस्करों को चिन्हित किया जा रहा है, उसपर केस दर्ज किया जाएगा।

गोपालगंज में परिवहन विभाग ने 125 वाहनों से वसूले साढ़े पचास लाख जुर्माना

गोपालगंज। परिवहन विभाग के निर्देश के बाद ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन विभाग ने जिले के हाइवे रोड पर वाहनों की चेकिंग कार्रवाई की, जिससे वहां से निकलने वाले वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। शुक्रवार को टीडीओ ने बस, ट्रक-ट्रेलर को रोककर उनके कागजात की जांच की गयी। जिला परिवहन विभाग ने नेशनल हाइवे, स्टेट हाइवे रोड पर अभियान चलाकर अप्रैल में महज 19 दिनों में 125 ओवरलोडेड वाहनों को पकड़ा है। पकड़े गये वाहनों से 50 लाख 38 हजार 700 रुपए अर्थदंड वसूला गया। जिला परिवहन पदाधिकारी उपेन्द्र पाल ने बताया कि विभाग ओवरलोडेड वाहनों की धर पकड़ के लिए विशेष अभियान चला रहा है। अभियान के तहत अभी तक 19 दिनों में 125 वाहनों को पकड़ कर अर्थ दंड की वसूली की गयी है। उन्होंने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में विभाग द्वारा लक्ष्य के से अधिक राजस्व की वसूली करने के लिए अधिकारी लगे हुए है। नए वित्तीय वर्ष शुरू होने के साथ ही 19 दिन में 40.3 प्रतिशत वसूली की गई है। रोड पर अक्सर ओवरलोडेड वाहनों के परिचालन की सूचना मिलती है। परिवहन विभाग ने इसे गंभीरता से लेते हुए विशेष अभियान चला कर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। उन्होंने बताया कि यह अभियान लगातार चलाया जायेगा। इसके अलावा नगर में विभिन्न स्थानों पर चलने वाले वैसे सवारी वाहन, जो निर्धारित संख्या से अधिक सवारियां बैठा रहे है, उन पर भी शीघ्र कार्रवाई शुरू की जायेगी।

भीषण आगजनी में आधा दर्जन घर जलकर राख

नवादा। नवादा जिले के कौआकोल थाना क्षेत्र के महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव के रेहड़ी टोला में शुक्रवार को अचानक आग लग जाने से आधा दर्जन से अधिक घर जलकर राख हो गये,जिसमें लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान का अनुमान है। सभी घर अनुसूचित परिवार के बताए जाते हैं। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सूचना के बाद पहुंची अग्निशमन की टीम ने भी आग बुझाई। जानकारी के अनुसार बिजली की शार्ट सर्किट से अचानक आग लग जाने से महुलियाटांड़ गांव के रेहड़ी टोला निवासी कीरत रविदास,गोगल रविदास,मितन रविदास,रामचन्द्र रविदास,गोपाल रविदास,कारु रविदास,विजय रविदास,अशोक रविदास,सुखदेव रविदास आदि परिवार के घर में आग लग गया, जिससे घर मे रखे अनाज,कपड़ा,नकदी,आभूषण समेत लाखों रुपए मूल्य की सम्पत्ति जलकर राख हो गया। आग की लपटें इतनी भयावह थी कि ग्रामीणों को आग बुझाने में कड़ी मशक्कत का सामना करना पड़ा। अनुसूचित जाति मोर्चा ने जिला प्रशासन से सभी महादलित को मुआवजा देने की भी मांग की है।

लोकसभा चुनाव : बिहार में पहले चरण के चुनाव में 48.23 प्रतिशत हुआ मतदान

पटना। लोकसभा चुनाव के पहले चरण में बिहार की चार सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच शुक्रवार को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान संपन्न हुआ। बिहार के औरंगाबाद, गया, नवादा एवं जमुई में शाम छह बजे तक कुल 48.23 प्रतिशत मतदान हुआ। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस वर्ष 2019 के मुकाबले 5 प्रतिशत कम मतदान हुआ। नवादा में सबसे कम 41.50 फीसदी वोट पड़े। गया में सबसे अधिक 52 मतदान हुआ। औरंगाबाद और नवादा में 50-50 प्रतिशत वोट पड़े। बिहार में 7903 बूथों पर मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सामान्य बूथों पर सुबह 7 बजे से 6 बजे शाम तक और अति संवेदनशील बूथों पर सुबह 7 बजे से शाम 4 बजे तक मतदान हुआ।

पहले चरण में कुल 7903 बूथों पर हुआ मतदान : पहले चरण में कुल 7903 बूथ बनाए गए हैं, जिनमें 5021 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है। 4 सीटों पर कुल 76,01,629 मतदाता हैं। इस चरण में 63.5 फीसदी यानी 5021 बूथ अति संवेदनशील घोषित किए गए हैं। औरंगाबाद में 1701, गया में 995, नवादा में 666 और जमुई में 1659 बूथों को अति संवेदनशील घोषित किया गया है।

मुख्य मुकाबला आईएनडीआई गठबंधन एवं एनडीए प्रत्याशियों के बीच : चारों सीटों पर 38 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं । चार सीटों पर मुख्य मुकाबला आईएनडीआई गठबंधन व एनडीए के प्रत्याशियों के बीच है। गया से एनडीए उम्मीदवार जीतराम मांझी है, तो वहीं आरजेडी के कुमार सर्वजीत हैं। जमुई से चिराग पासवान के जीजा अरुण भारती के खिलाफ आरजेडी की अर्चना रविदास के बीच मुकाबला है। नवादा में आरजेडी के श्रवण कुशवाहा और एनडीए के विवेक ठाकुर की टक्कर है। वहीं औरंगाबाद में आरजेडी के अभय कुशवाहा और एनडीए के सुशील सिंह के बीच मुकाबला है।

मोतिहारी में सिलिंडर ब्लास्ट में चार झुलसे

पूर्वी चंपारण। जिले में लिंकेज गैस सिलेंडर में आग लगने के बाद हुए ब्लास्ट में चार लोग बुरी तरह झुलस गये। घटना मोतिहारी के मुफ्फसिल थाने के टिकुलिया हराज गांव में हरकिशोर प्रसाद के घर हुई है। जहां लिंकेज सिलिंडर को खाना बनाने के लिए चूल्हा में जोड़कर जलाया गया तो आग लग गयी और देखते ही देखते सिलेंडर ब्लास्ट हो गया,जिसमे चार लोग बुरी तरह झुलस गये। आनन-फानन में सभी घायलों को सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर हालत को देखते हुए सभी को रेफर कर दिया गया। सभी घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। घटना में हरिकिशोर प्रसाद का भाई,पत्नी, बेटा और बेटी शामिल है। सभी गंभीर रूप से झुलस गये है।

डीएलएड सर्टिफिकेट के नाम पर 1.20 लाख ठगे

- रुपये मांगने पर 5 लाख रंगदारी मांगने का लगाया आरोप

सहरसा। जिले के सोनवर्षा राज अस्पताल के लैब टेक्नीशियन अखिलेश कुमार द्वारा डीएलएड करवाने के नाम पर बनमा ईटहरी प्रखंड के पहलाम निवासी मिथिलेश भगत के पुत्र शिवम कुमार से 1 लाख 20 हज़ार रुपये लेकर जाली सर्टिफिकेट डाक से भेज दिया गया। जब रुपये वापस करने के लिए दवाब बनाया तो लैब टेक्नेशियन ने उल्टे बनमा ईटहरी थाना में आवेदन देकर छात्र शिवम कुमार एवं उसके रिश्तेदारों पर पांच लाख रूपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाया गया है,जिसका खुलासा पीड़ित छात्र ने भी बनमा ईटहरी थाना में आवेदन देकर मामले का खुलासा किया है। हालांकि दोनो मामलों की पुलिस के द्वारा गहन जांच पड़ताल की जा रही है। जिसके बाद उचित कार्यवाई किए जाने की भरोसा दिया है। रंगदारी मांगने के आरोपी बनाये गये युवक बनमा ईटहरी थाना क्षेत्र के पहलाम गांव निवासी मिथलेश भगत के पुत्र शिवम कुमार ने पुलिस को आवेदन देकर किया है। बताया कि उसकी मां सीमा कुमारी कस्तूरबा विद्यालय में वार्डेन थी। उसी विद्यालय में लैब टेक्नीशियन अखिलेश कुमार की पत्नी रूपम कुमारी शिक्षिका के पद पर थी। इसी दौरान अखिलेश कुमार से मेरी जान पहचान हुई। इसके बाद अखिलेश मुझसे डीएलएड करवाने के नाम पर कुल एक लाख 20 हजार रुपए लिया जो कि मेरी मां के एकाउंट ट्रांसफर कर तथा नकदी भी दी थी। बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के शर्मा चौक निवासी जगदीश पंडित के पुत्र अखिलेश कुमार के द्वारा मुझसे सभी रूपये लेने के बावजूद कॉलेज में पैसा जमा नहीं किया गया। जिस कारण मुझे प्रमाण पत्र नहीं मिला। इसके बाद अखिलेश से मैंने पैसा मांगने लगा।तब वे करीब चार वर्ष से टरकाते रहा। जब पैसा वापस करने का दवाब बनाया तो वे फर्जी सार्टिफिकेट सोनवर्षाराज से पोस्ट आफिस से मेरे घर डाक द्वारा रजिस्ट्री कर दिया गया। इधर मालूम हो कि सोनवर्षाराज पीएचसी में लैब टैक्नीशियन के पद पर काम कर रहे स्टाफ अखिलेश कुमार ने दो अंजान मोबाइल नंबर बताते हुए पहलाम निवासी शिवम कुमार पर पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

हत्याकांड का अभियुक्त राजीव रंजन उर्फ लड्डू साह गिरफ्तार

भागलपुर। जिले के नाथनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत हुए हत्याकांड का सफल उद्भेदन कर लिया गया है। हत्याकांड के अभियुक्त राजीव रंजन उर्फ लड्डू साह को गिरफ्तार कर लिया गया है। उक्त आशय की जानकारी शुक्रवार को सिटी एसपी श्री राज ने दी। सिटी एसपी ने बताया कि बीते 17 अप्रैल को नाथनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत बंगाली टोला में निरंजन यादव की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में नाथनगर थाना में सुसंगत धाराओं में कांड पंजीकृत किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी तथा पुलिस उपाधीक्षक नगर-02 के नेतृत्व में नाथनगर पुलिस ने सी०सी०टी०वी० फुटेज एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के आधार पर अभियुक्त राजीव रंजन राज उर्फ लड्डु साह को 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि पैसा मांगने को लेकर विवाद हो गया था। उल्लेखनीय है कि मृतक के विरूद्ध नाथनगर थाना में रंगदारी, हत्या एवं आर्म्स एक्ट से संबंधित कुल-05 कांड दर्ज है। राजीव रंजन का अपराधिक इतिहास रहा है। पुलिस अधीक्षक नगर के निगरानी एवं पुलिस उपाधीक्षक नगर-02 के नेतृत्व में छापेमारी दल राजीव रंजन सिंह थानाध्यक्ष नाथनगर सहित अन्य पुलिस अधिकारी और सशस्त्र बल शामिल थे।

पेज एक का शेष

21 राज्यों की...

बाद में इन खामियों को दूर कर दिया गया। लखीमपुर क्षेत्र में एक वाहन को लेकर जा रही नौका अचानक नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण बह गई, जिसके चलते उस वाहन में रखी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पानी में आंशिक रूप से डूब गई। एक अधिकारी ने बताया कि वाहन का चालक और उसमें सवार चुनाव अधिकारी वाहन में पानी घुसने से पहले ही उसमें से निकल गए।

अन्य राज्यों में वोटिंग: बिहार की चार लोकसभा सीटों पर 75 लाख मतदाताओं में से करीब 46.32 प्रतिशत ने शाम पांच बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जम्मू-कश्मीर के उधमपुर संसदीय क्षेत्र में मूसलाधार बारिश होने के बावजूद 65.08 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। राजस्थान की 12 लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ और शाम पांच बजे तक 50.27 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने वोट डाले। उत्तराखंड की पांचों लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 53.56 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया। महाराष्ट्र की पांच लोकसभा सीटों पर पांच बजे तक 54.85 प्रतिशत, जबकि मध्य प्रदेश में छह लोकसभा सीटों पर 63.50 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उत्तर प्रदेश में 57.54 प्रतिशत, मिजोरम में 56.68 प्रतिशत, नगालैंड में 50.41 प्रतिशत, पुडुचेरी में 72.8 प्रतिशत और सिक्किम में 67.95 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया।

18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों की तैनाती : निर्वाचन आयोग ने पहले चरण के मतदान के लिए 1.87 लाख मतदान केंद्रों पर 18 लाख से अधिक मतदान कर्मियों को तैनात किया है। इन मतदान केंद्रों पर 16.63 करोड़ से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेंगे। मतदाताओं में 8.4 करोड़ पुरुष, 8.23 करोड़ महिलाएं हैं और 11,371 लोग तृतीय श्रेणी के हैं। 35.67 लाख लोग पहली बार मतदाता बने हैं। इसके साथ ही 20 से 29 वर्ष के आयु वर्ग के 3.51 करोड़ युवा मतदाता हैं। मतगणना चार जून को होगी।

पहले चरण में जिन राज्यों की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान हुआ उनमें तमिलनाडु (39), उत्तराखंड (5), अरुणाचल प्रदेश (2), मेघालय (2), अंडमान और निकोबार द्वीप समूह (1), मिजोरम (1), नगालैंड (1), पुडुचेरी (1), सिक्किम (1) और लक्षद्वीप (1) शामिल हैं। इसके अलावा राजस्थान में 12, उत्तर प्रदेश में 8, मध्य प्रदेश में 6, असम और महाराष्ट्र में 5-5, बिहार में 4, पश्चिम बंगाल में 3, मणिपुर में 2 और त्रिपुरा, जम्मू कश्मीर तथा छत्तीसगढ़ में एक-एक सीट पर मतदान हुआ। पहले चरण में अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा की 60 और सिक्किम की 32 सीट के लिए भी एक साथ मतदान हुआ।

धनबाद के कतरास...

यहां 18 घर बीसीसीएल के बने धौड़ा में अवैध रूप से रहते हैं।

इलाके में अफरा-तफरी का माहौल: इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। लोग सुबह से ही अपने घर का सामान निकाल कर दूसरी जगह जा रहे हैं। यहां लगातार भू धंसान की घटना घट रही है। यह इलाका डेंजर जोन के रूप में चिन्हित है। इससे पहले डेढ़ माह पहले भी भू धंसान के साथ गैस का रिसाव हुआ था।

तब से प्रबंधन नोटिस के साथ प्रचार कर लोगों को हटने की अपील कर रही है। लोगों ने प्रबंधन से पुनर्वास की मांग की है। प्रबंधन का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह से डेंजर जोन में है, असुरक्षित जगह है। लोगों को कई बार हटने को कहा गया है, लेकिन लोग नहीं सुन रहे हैं।

अनुसूचित जाति की...

इसके मुताबिक, हजारीबाग के इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय की 4 स्टूडेंट्स टॉप-3 पोजीशन पर रहीं। हजारीबाग की ज्योत्सना ज्योति, जो 496 अंक के साथ झारखंड टॉपर बनी हैं, वह अनुसूचित जाति (एससी) से आतीं हैं। दूसरे नंबर सना संजूरी हैं। वह बैकवर्ड क्लास (बीसी-1) से हैं। वहीं, तीसरे नंबर पर दो लड़कियां- करिश्मा कुमारी और सृष्टि सौम्या हैं। करिश्मा कुमारी बैकवर्ड क्लास-2 से हैं, जबकि सृष्टि सौम्या बीसी-1 वर्ग से आतीं हैं।

टॉप-44 में 25 स्टूडेंट्स एससी और पिछड़ा वर्ग से : टॉप-10 में इस बार 44 बच्चों ने जगह बनाई है। इसमें 2 अनुसूचित जाति से हैं, 13 पिछड़ा वर्ग और 10 अति पिछड़ा वर्ग से आते हैं। बता दें कि इंदिरा गांधी बालिका विद्यालय हजारीबाग ने इस बार 19 टॉपर दिए हैं। एक टॉपर हजारीबाग जिले के ही बड़कागांव से हैं। बड़कागांव हाई स्कूल की रिया कुमारी भी बीसी-2 वर्ग से हैं। वह टॉप-10 में 8वें नंबर पर हैं।

सामान्य वर्ग के 16 स्टूडेंट्स ने बनाई टॉपर्स लिस्ट में जगह : टॉप-10 में शामिल 44 बच्चों में अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग-1 और पिछड़ा वर्ग-2 के 25 बच्चे हैं, जबकि 3 बच्चे अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग से हैं। 44 में से सिर्फ 16 बच्चे सामान्य वर्ग से हैं। सामान्य वर्ग में सबसे अधिक अंक लातेहार के सरस्वती विद्या मंदिर की शांभवी सुहाना को मिला है। रैंक में वह 5वें स्थान पर रहीं। उनको 500 में 490 अंक प्राप्त हुए हैं।

एआई के प्रयोग...

इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा निदेशक (तक /संचालन) हरीश दुहान, सीवीओ पंकज कुमार, मुख्य मार्गदर्शक के रूप में पूर्व कार्यकारी निदेशक एवं प्रभारी आईआईसीएम एनके ओझा, प्रिंसिपल (जेजीटीसी) एम.के.गुप्ता इस सम्मेलन के संयोजक के रूप में उपस्थित थे।

आईएसटीडी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रो. एन. संबाशिव राव, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एन. पैनी, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष (ईएसआर) प्रमोद कुमार साहू एवं अध्यक्ष (आईएसटीडी, रांची चैप्टर) महेश गुप्ता उपस्थित थे। इस दो दिवसीय पूर्वी क्षेत्रीय सम्मेलन के प्रतिष्ठित वक्ताओं में योगी श्री राम, पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मानव संसाधन, लार्सन एंड टुब्रो और वर्तमान में सीईओ और एमडी, एल एंड टी लिमिटेड के सलाहकार, विद्यानंद झा, आईआईएम कोलकाता के प्रोफेसर और उत्तम लाल, निदेशक कार्मिक, एनएचपीसी भी शामिल हैं।

राम मंदिर के...

देश के चारों शंकराचार्यों के आशीर्वाद के बाद अयोध्या में श्रीराम माता कौशल्या धाम न्यास का गठन हो गया है।

अब सरयू के किनारे तलाशी जा रही है जमीन: बताया जा रहा है यह मंदिर दुनिया का सबसे खूबसूरत मंदिरों में से एक होगा। जिसमें भगवान राम अपनी माता के साथ गोद में विराजमान नजर आएंगे। इतना ही नहीं इस मंदिर का निर्माण भी विश्व के सभी सनातनियों के सहयोग से किया जाएगा। इस मंदिर में एक तरफ माता कैकेयी की गोद में भरत नजर आएंगे, तो दूसरी तरफ माता सुमित्रा की गोद में लक्ष्मण और शत्रुघ्न भी विराजमान होंगे।

शुरू हुई सरयू तट पर जमीन की तलाश: श्री राम माता कौशल्या धाम के अध्यक्ष रमेश उपाध्याय बताते हैं कि अयोध्या में मातृधाम के लिए जमीन की तलाश की जा रही है। जमीन की तलाश पूरी होने के बाद देश भर के हर गांव और मोहल्ले की मिट्टी अयोध्या में बनने वाले मातृधाम की नींव में डाली जाएगी। जल्द ही इसके निर्माण का काम अयोध्या में पूरा किया जाएगा। जल्द ही मंदिर का मॉडल देशवासियों के सामने रखा जाएगा।

वाइस एडमिरल दिनेश...

इसके अलावा उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी कार्य किया है। इनमें पश्चिमी बेड़े के परिचालन अधिकारी, नौसेना परिचालन के निदेशक, नेटवर्क केंद्रीय परिचालनों के प्रधान निदेशक और नई दिल्ली में नौसेना योजना के प्रधान निदेशक के पद शामिल हैं। रियर एडमिरल के रूप में उन्होंने नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया है। उन्होंने वाइस एडमिरल के पद पर एझिमाला स्थित प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट, नौसेना परिचालन महानिदेशक, कार्मिक प्रमुख और पश्चिमी नौसेना कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्य किया है। सैनिक स्कूल- रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी- खड़कवासला के पूर्व छात्र वाइस एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी ने वेलिंगटन स्थित डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, नेवल हायर कमांड- करंज और यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज- अमेरिका स्थित नेवल कमांड कॉलेज के विभिन्न पाठ्यक्रमों को पूरा किया है।

100 रुपये की शर्त पर युवक ने इमाम चौक पर भगवा झंडा लगाने की कोशिश की

कन्नौज। कन्नौज में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई। लेकिन लोगों और पुलिस की तत्परता से समय रहते हालात पर काबू पाया गया। दरअसल, एक युवक भगवा झंडा लेकर धर्म विशेष से जुड़े स्थल इमाम चौक के पास स्थित चबूतरे पर चढ़ गया। लेकिन युवक वहां झंडा लगा पाता लोगों ने युवक को पकड़ लिया। पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हो गई थी, जिसके आधार पुलिस ने अब आरोपियों पर एक्शन लिया है। बता दें कि मामला 17 अप्रैल का है, जब कन्नौज में रामनवमी के मौके पर शोभायात्रा निकाली जा रही थी। बड़ी संख्या में लोग शोभायात्रा में शामिल थे। तभी अचानक से एक युवक भगवा झंडा लेकर इमाम चौक के चबूतरे पर चढ़ गया। युवक वहां पर झंडा फहराने की कोशिश कर रहा था, लेकिन मौके पर मौजूद लोगों ने युवक को रोककर चबूतरे से उतार दिया। घटना के बाद इलाके में तनाव फैल गया। दो पक्ष आमने-सामने आ गए। पुलिस भी अलर्ट हो गई। जांच-पड़ताल के दौरान सीसीटीवी के आधार पर चार आरोपियों की पहचान हुई, जिन्हें कन्नौज पुलिस ने अब गिरफ्तार कर लिया है। मामले को लेकर एसपी अमित कुमार आनंद ने बताया कि जो युवक इमाम चौक के चबूतरे पर झंडा लेकर चढ़ा था उसका नाम अभय है। उसके तीन दोस्तों ने झंडा लगाने के लिए 100 रुपये की शर्त लगाई थी। उसी शर्त को पूरा करने के लिए अभय ने ये हरकत की। कन्नौज एसपी के मुताबिक, 17 अप्रैल को रामनवमी की शोभायात्रा निकल रही थी। शोभा यात्रा के दौरान रास्ते में इमाम चौक के पास चबूतरा पड़ता है। ये दूसरे समुदाय के लिए धार्मिक कार्यों में प्रयोग किया जाता है। जब शोभायात्रा चौक के पास पहुंची तब यात्रा में शामिल युवक अचानक झंडा लेकर चबूतरे पर चढ़ गया। लेकिन लोगों ने युवक को उतार दिया। इसके बाद युवक को पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन भीड़ का फायदा उठाकर भाग गया। शुक्रवार को चार अभियुक्तों की गिरफ्तारी की गई है।

यूबीजीएल सेल ब्लास्ट में जवान घायल

बीजापुर। बीजापुर जिले के गलगम इलाके में एरिया डॉमिनेशन पर निकली सीआरपीएफ की टीम में तैनात एक जवान यूबीजीएल सेल ब्लास्ट होने से जख्मी हो गया। पुलिस के मुताबिक गलगम पोलिंग बूथ से 500 मीटर की दूरी पर एरिया डॉमिनेशन पर पार्टी निकली थी। घायल जवान का प्राथमिक उपचार कर इवाक्यूएट किया जा रहा है। भैरमगढ़ ब्लॉक के चिहका में आईईडी ब्लास्ट में एक जवान के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जिले के भैरमगढ़ ब्लॉक के अतिसंवेदनशील ग्राम चिहका में एरिया डॉमिनेशन के दौरान आईईडी ब्लास्ट होने से सीआरपीएफ के सहायक सेनानी मनु एचसी घायल हो गए हैं। उन्हें बायें हाथ और बायें पैर में चोट आई है। यह घटना चिहका पोलिंग बूथ के आसपास के दायरे में एरिया डॉमिनेशन के दौरान हुई है। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद ईवाक्यूएट किया जा रहा है। वहीं घटना पर सीएम साय ने दुख जताया है। साय ने कहा कि बस्तर लोकसभा में जारी मतदान के बीच बीजापुर में एक जवान के घायल होने की दु:खद सूचना प्राप्त हुई है। घायल जवान के उचित इलाज के निर्देश दिए हैं और उसकी हालत खतरे से बाहर है। जवान के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं।

बाबा रामदेव को आदेश, सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाएं

नई दिल्ली। बाबा रामदेव ने कोविड महामारी के दौरान एलोपैथिक दवाईयों को लेकर की गईं कथित टिप्पणियों के मामले में आपराधिक कार्रवाई पर रोक की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। शुक्रवार को याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने बाबा रामदेव को उनके खिलाफ शिकायत करने वाले सभी शिकायतकर्ता को मामले में पक्षकार बनाने का निर्देश दिया है। पटना और रायपुर के आईएमए ने साल 2021 में बाबा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में कहा गया था कि बाबा की कथित टिप्पणियों से लोगों को एलौपैथिक दवाईयों से मोहभंग हुआ और लोगों ने सही से इलाज नहीं कराया। इसकारण कोरोना को नियंत्रित करने में परेशानी हुई। बाबा की याचिका पर सुनवाई कर जस्टिस सुंदरेश और जस्टिस वराले की पीठ ने शिकायतकर्ताओं को पक्षकार बनाने को कह दिया। कोर्ट ने मामले पर सुनवाई गर्मियों की छुट्टियों के बाद तक के लिए टाल दी है। बिहार सरकार की ओर से कोर्ट में पेश हुए वकील ने कहा कि उन्हें मामले में जवाब दाखिल करने के लिए कुछ और समय चाहिए। बाबा ने अपनी याचिका में केंद्र सरकार, बिहार सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार और आईएमए को पक्षकार बनाया हुआ है। बाबा रामदेव ने साल 2021 में अपने एक बयान में कहा था कि वे एलोपैथिक दवाओं पर विश्वास नहीं करते हैं। बाबा रामदेव के बयान से नाराज होकर उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हुए थे।

मुंबई में अलग-अलग जगह लगी आग, कोई जनहानि नहीं

मुंबई। मायानगरी मुंबई में आग लगने की दो अलग-अलग घटनाएं हुईं। एक औद्योगिक परिसर में स्थित एक गोदाम और सड़क किनारे एक दर्जन से ज्यादा झुग्गियों में भीषण आग लग गई। दोनों ही घटनाओं में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। नगर निगम अधिकारी ने बताया कि दक्षिण मुंबई में रेय रोड पर देवीदयाल कंपाउंड में पूर्वाह्न करीब साढ़े दस बजे भीषण आग लग गई। उन्होंने बताया, औद्योगिक परिसर के भीतर एक मंजिला गोदाम में आग लगी थी, जो वहीं तक सीमित रही। फायर बिग्रेड की 12 गाड़ियां और अन्य दमकल ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, वहीं दूसरी घटना पवई इलाके की है, जहां सड़क किनारे एक दर्जन से अधिक झुग्गियों में सुबह करीब सवा ग्यारह बजे आग लग गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग का एक दल मौके पर पहुंचा और आग पर काबू पा लिया गया। नगर निगम के अधिकारी ने बताया, आग की घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। दोनों ही मामलों में आग का कारण अज्ञात है।

सड़क नहीं होने से नाराज दो गांववालों ने किया चुनाव का बहिष्कार

-अधिकारियों के मनाने के बावजूद नहीं माने

चंपावत। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विधानसभा क्षेत्र चंपावत के दो गांवों के लोग अधिकारियों के मनाने के बावजूद लोकसभा चुनाव में मतदान करने नहीं पहुंचे हैं। लंबे समय से गांव तक सड़क की मांग कर रहे कोट अमोड़ी और सैदर्का गांवों के लोगों का कहना है कि अपनी अनदेखी के कारण उन्होंने चुनाव के बहिष्कार का फैसला किया है। दोनों गांवों में करीब 200 मतदाता हैं। जिला प्रशासन द्वारा शुक्रवार को मतदान के दिन भी उन्हें मनाने का प्रयास किया गया लेकिन वे नहीं माने। इसके पहले अपर जिलाधिकारी उन्हें मतदान के लिए मनाने का प्रयास कर चुके हैं। एक ग्रामीण ने कहा कि गांव वालों के पास इसके अलावा कोई विकल्प नहीं है। चंपावत के जिलाधिकारी और जिला निर्वाचन अधिकारी नवनीत पांडे ने बताया कि प्रशासन का प्रयास है कि हर मतदाता को अपना वोट देने के लिए जागरूक किया जाए।

अन्नामलाई का आरोप, मुझे हराने द्रमुक और अन्नाद्रमुक करोड़ खर्च कर रही

तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ

कोयंबटूर। तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष और कोयंबटूर सीट से पार्टी उम्मीदवार के अन्नामलाई ने कहा कि द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है और उन्होंने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये खर्च करने का आरोप लगाया। अन्नामलाई ने उथुपट्टी मतदान केंद्र पर वोट डालने के बाद यह टिप्पणी की। 4 जून को एनडीए के लिए ऐतिहासिक परिणाम का विश्वास व्यक्त कर आईपीएस अधिकारी से नेता बने अन्नामलाई ने कहा कि भाजपा तमिलनाडु में वोट शेयर में वृद्धि देखेगी। अन्नामलाई ने कहा तमिलनाडु के लोग पीएम मोदी के साथ हैं। कर्नाटक में, हम इस बार क्लीन स्वीप की उम्मीद कर रहे हैं। भाजपा का नंबर होगा तेलंगाना में इस बार वोट शेयर में बहुत बड़ा शानदार परिणाम देगी। द्रविड़ राजनीति का समय खत्म हो गया है। भाजपा ने अन्नामलाई को डीएमके के गणपति पी राजकुमार और एआईएडीएमके के सिंगाई रामचंद्रन के खिलाफ खड़ा किया गया है। तमिलनाडु की सभी 39 सीटों पर पहले चरण में मतदान हो रहा है। वोट डालने के बाद भाजपा नेता ने सत्तारूढ़ द्रमुक और अन्नाद्रमुक पर मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए कोयंबटूर में 1,000 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का आरोप लगाया। द्रमुक, अन्नाद्रमुक कोयंबटूर में क्या कर रहे हैं, हर कोई देख रहा है।

देश-विरोधी संगठन राहुल गांधी के समर्थन में : नड्डा

-कांग्रेस और सीपीआई दोनों देश विरोधी ताकतों के साथ

वायनाड (एजेंसी)। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा केरल के वायनाड में रोड शो किया। उन्होंने कहा कि केरल में उपस्थित होना मेरे लिए सम्मान की बात है। जिस उत्साह के साथ आपने रोड शो में भाग लिया है, उससे एक बात स्पष्ट है कि आपने वायनाड में हमारे उम्मीदवार को आशीर्वाद देने का मन बना लिया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ हमारे उम्मीदवार के चयन के बारे में नहीं है, बल्कि 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की जिम्मेदारी लेने के बारे में भी है। नड्डा ने कहा कि हमें यह बताकर खुशी हो रही है कि भारत, जो 10 साल पहले 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थी, ने एक लंबी छलांग लगाकर अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि पीएम मोदी ने सभी को विकास के रास्ते पर ला दिया है। उनकी नीतियों ने गांवों को मजबूत किया है और युवाओं, किसानों, महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्गों को सशक्त बनाया है। उन्होंने कहा कि एक तरफ हमारे उम्मीदवार हैं, भाजपा के प्रतिनिधि हैं और मोदी जी का नेतृत्व है। दूसरी ओर, आपके पास कांग्रेस से राहुल गांधी हैं। मुझे आश्चर्य है कि राहुल गांधी को चुनाव लड़ने के लिए भागकर वायनाड क्यों आना पड़ा? नड्डा ने कहा कि राहुल और कांग्रेस को देश की परवाह नहीं है। वे वंशवाद द्वारा शासन में विश्वास करते हैं, जो भारतीय लोकतंत्र के लिए हानिकारक है। नड्डा ने बड़ा आरोप लगाकर कहा कि एसडीपीआई और पीएफआई, जो देश विरोधी संगठन हैं, राहुल गांधी और कांग्रेस का समर्थन करते हैं। ये संगठन राज्य चुनावों के दौरान सीपीआई का समर्थन करते हैं और राष्ट्रीय चुनावों के दौरान कांग्रेस का समर्थन करते हैं। यह स्पष्ट है कि कांग्रेस और सीपीआई दोनों देश विरोधी ताकतों के समर्थक हैं।

कोर्ट में दिल्ली सीएम के जेल में खाने का मेन्यु चार्ट पेश

- केजरीवाल ने जेल में तीन बार आम और एक बार पूड़ी खाई

नई दिल्ली। शराब घोटाले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तिहाड़ जेल में नियमित जांच और इंसुलिन देने की मांग वाली याचिका पर राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। कोर्ट में एक बार फिर केजरीवाल के खाने का मुद्दा उठा। कोर्ट में खाने का मेन्यु चार्ट पेश किया गया जिसमें केजरीवाल ने इतने दिनों में क्या-क्या खाया उसका विवरण मौजूद था। सीएम केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कोर्ट को बताया कि सीएम केजरीवाल के लिए जेल में 48 बार घर का खाना गया, जिसमें से सिर्फ 3 बार ही आम भेजा गया था। उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल के बाद से केजरीवाल को खाने में आम नहीं भेजा गया। वहीं 48 बार में से सिर्फ एक बार नवरात्रि के चलते खाने में पूड़ी भेजी गई थी। इस पर ईडी ने कोर्ट को बताया कि जेल ऑथारिटी की तरफ से भी केजरीवाल के डायट चार्ट की रिपोर्ट आ रही है। वहीं दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल की नियमित जांच और शूगर के लिए इंसुलिन मुहैया कराने की मांग पर कोर्ट ने केजरीवाल के वकील अभिषेक मनु सिंघवी से सभी को याचिका की कॉपी देने को कहा गया। कोर्ट ने कहा कि हमें अभी इस बारे में नहीं पता है कि याचिका में क्या मांग की गई है। इस पर वकील सिंघवी ने कहा कि उन्होंने ईडी को अर्ज़ी की कॉपी दे दी थी।

अपने पाप का घड़ा मुझ पर फोड़ना चाहती है कांग्रेस : शेखावत

जोधपुर/फलोदी। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री और भाजपा प्रत्याशी गजेंद्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को फलोदी विधानसभा क्षेत्र में जनसभाएं कीं। केंद्रीय मंत्री ने दो टूक कहा कि कांग्रेस अपनी नाकामियों का घड़ा मेरे ऊपर फोड़ना चाहती है। शेखावत ने जहां पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकारों की नाकामियों को गिनाया, वहीं पिछले 10 वर्षों में मोदी सरकार के विकास कार्यों से लोगों को अवगत कराया। सांवरीज, खारा, बैगंटी, हड़बूजी, बावड़ी कलां, शेखासर, टेकरा, धोलिया, बाप, कानसिंह की सीड़ की जनसभाओं में केंद्रीय मंत्री ने पूर्ववर्ती गहलोत सरकार पर पानी की योजनाओं को जानबूझकर रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पानी की योजनाओं को धरातल पर लागू करने का अधिकार राज्य सरकार का होता है, क्योंकि यह हमारे देश की संवैधानिक व्यवस्था है। हमने जल जीवन मिशन के तहत सबसे अधिक 27 हजार करोड़ रुपए राजस्थान को दिए, लेकिन गहलोत सरकार ने केवल राजनीतिक की। दुर्भावना से योजनाओं को धरातल पर नहीं उतारा। गहलोत सरकार ने तीन-तीन बार टेंडर किए, उसके बाद भी काम नहीं किया। यही कारण है कि राजस्थान जल जीवन मिशन को लागू करने में पश्चिम बंगाल के बाद नीचे से दूसरे नंबर पर है।

कांग्रेस की नीति बांटने वाली : कांग्रेस पर हमला बोलते हुए शेखावत ने कहा कि कांग्रेस की नीति बांटो और राज करो की रही है। कांग्रेस ने देश को मजहब, जाति, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और अगड़े-पिछड़े के रूप में बांटने का काम किया। इसलिए अब कांग्रेस के पाप का घड़ा भर गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी खुद मानते थे कि उनकी सरकार अगर केंद्र से 100 रुपए भेजती है तो उसमें से केवल 15 रुपए जरूरतमंदों तक पहुंच पाते थे, लेकिन मोदी ने यह सुनिश्चित किया कि बिना भेदभाव के पात्र तक 100 फीसदी लाभ पहुंचेगा।

शेखावत ने कहा कि मोदी सरकार ने गरीब और किसान वर्ग के लिए काम किया है। विकसित भारत का मार्ग गरीब के घर से गुजरता है। इस चुनाव में विकसित भारत की आधारशिला रखी जाएगी। मोदी को देश का हीरो बताते हुए शेखावत ने कहा कि मोदी ने पूरे विश्व में भारत का मान-सम्मान बढ़ाया है।

जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा : चंद्रबाबू नायडू

-रेड्डी शराब की बिक्री से लोगों का खून निचोड़ रहे

अमरावती (एजेंसी)। टीडीपी सुप्रीमो और पूर्व सीएम एन चंद्रबाबू नायडू ने कहा कि आंध्र में राम राज्य वापस आएगा और लोगों से आगामी चुनावों में वाईएसआरसीपी प्रमुख और आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी से छुटकारा पाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जनता के आशीर्वाद से राज्य में राम राज्य वापस आएगा। पूर्व सर्वेक्षण साफ तौर पर इन चुनावों में एनडीए की जबरदस्त जीत का संकेत दे रहे हैं।

यह विश्वास व्यक्त कर कहा कि टीडीपी, भाजपा और जनसेना का एनडीए गठबंधन दक्षिणी राज्य में सत्ता में आएगा, टीडीपी सुप्रीमो ने आरोप लगाया कि रेड्डी उन पर हाल ही में हुए कंकड़ (पत्थर) हमले के बारे में लोगों को गुमराह कर रहे हैं। इसके अलावा, उन्होंने आरोप लगाया कि जगन के चाचा (वाई एस विवेकानंद रेड्डी) की हत्या भी एक बड़ा नाटकीय काम था जिसके द्वारा उन्होंने फिर से जनता की सहानुभूति हासिल करने की कोशिश की। हालांकि एनडीए गठबंधन के सहयोगियों के पास रेड्डी की तरह पैसा नहीं है, नायडू ने कहा कि साझेदारों के पास विश्वसनीयता है और वे नैतिक मूल्यों का पालन करते हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि रेड्डी शराब की बिक्री के माध्यम से भी लोगों का खून निचोड़ रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि अगर आंध्र प्रदेश को प्रगतिशील रास्ते पर आगे बढ़ना है, तब एनडीए गठबंधन को सत्ता में आना चाहिए और विश्वास जताया कि पीएम मोदी 400 सीटों के साथ प्रधानमंत्री के रूप में लौटने वाले हैं। दक्षिणी राज्य के देश में शीर्ष पर आने की कामना करते हुए उन्होंने कहा कि यह तभी संभव होगा जब एनडीए यहां सरकार बनाएगी। आंध्र प्रदेश की 175 सदस्यीय विधानसभा और 25 लोकसभा सीटों के लिए 13 मई को चुनाव होने हैं और वोटों की गिनती 4 जून को होगी।

कांग्रेस ने कभी आतंकवाद के खिलाफ आवाज नहीं उठाई : योगी

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अमरोहा की रैली में पाकिस्तान का ज़िक्र कर कहा कि पड़ोसी देश में लोग भूख से लड़ रहे हैं, भारत में 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। सीएम योगी ने कहा कि भगवा पार्टी का नारा फिर एक बार मोदी सरकार पूरे देश में गूंज रहा है। उन्होंने कहा कि बमुश्किल 23-24 करोड़ की आबादी वाला पाकिस्तान 1947 में बंटवारे के बाद बना था और आज भूखमरी से जूझ रहा है। इसके अलावा बुलंदशहर में योगी ने कहा कि हम लोगों ने बदलते भारत को देखा। पिछले 10 वर्षों में भारत के प्रति सम्मान बढ़ा है, और सीमाएँ सुरक्षित हैं। नक्सलवाद और आतंकवाद की समस्या का समाधान हो गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने ऐसी समस्याएं दीं जिससे न केवल कश्मीर में बल्कि पूरे देश में आतंकवाद बढ़ा। इतना ही नहीं कांग्रेस ने कभी आतंकवाद के खिलाफ आवाज नहीं उठाई। लेकिन अब कश्मीर में धारा 370 हटा दी गई है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में प्रधानमंत्री जी ने पूरी मजबूती के साथ देश को दुनिया की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करने का कार्य किया है। जनता का विश्वास एक बार फिर मोदी जी के साथ है।

सलमान के घर फायरिंग का पुर्तगाल कनेक्शन, बिश्नोई के भाई ने ली जिम्मेदारी

मुंबई (एजेंसी)। बीते दिनों फिल्म अभिनेता सलमान खान के घर पर हुई फायरिंग मामले में कई खुलासे हुए हैं। इस घटना की जिम्मेदारी गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई ने ली है। अनमोल बिश्नोई नाम से फेसबुक अकाउंट गोलीबारी से तीन घंटे पहले ही सामने आया। पुलिस ने बताया कि इस पोस्ट का आईपी (इंटरनेट प्रोटोकॉल) पुर्तगाल में पाया गया। यह संदेह है कि मैसेज वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल करके अपलोड किया गया था। पुलिस का कहना कि 2 संदिग्धों ने घटना को अंजाम देने से 4 दिन पहले रायगढ़ जिले से सटे पनवेल में अभिनेता के फार्म हाउस की रेकी की थी। पुलिस के एक सीनियर अधिकारी ने घटना के सिलसिले में अब तक हुई जांच का हवाला देते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया, ऐसा प्रतीत होता है कि रविवार तड़के बांद्रा के गैलेक्सी अपार्टमेंट में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी के पीछे दोनों हमलावरों का मुख्य उद्देश्य डर पैदा करना था।हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी विक्की गुप्ता और सागर पाल ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के अधिकारियों को कई जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने 14 अप्रैल को मुंबई में सलमान के घर के बाहर गोलीबारी करने से 4 दिन पहले पनवेल में उनके फार्म हाउस की रेकी की थी। अधिकारी ने बताया कि 58 वर्षीय एक्टर अक्सर मुंबई से लगभग 60 किलोमीटर दूर स्थित फार्म हाउस पर जाते रहते हैं। पुलिस सबूत जुटाने की अपनी कवायद के तौर पर फार्म हाउस के गेट और आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गई है।

रक्षा के क्षेत्र में ताकतवार हुआ भारत... आत्मनिर्भर भारत मुहिम का दिख रहा असर

नई दिल्ली(एजेंसी)। भारत की सीमाएं चीन और पाकिस्तान से लगती हैं। दोनों पड़ोसी देशों के मंसूबे भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण हैं, यह देखकर भारत अपनी सीमाओं को और मजबूत बनाने में जुटा है। साथ ही अपने सैन्य क्षमताओं का लगातार विकास भी कर रहा है, ताकि जवानों को अत्याधुनिक उपकरण मुहैया करा सके। भारत की ओर से डिफेंस क्षेत्र में लगातार भारी-भरकम निवेश किया जाता रहा है। अब मोदी सरकार के प्रयासों के नतीजे सामने आने लगे हैं। आत्मनिर्भर भारत मुहिम ने रफ्तार पकड़ ली है। अब भारत में वॉर प्लेन (लड़ाकू विमान) के इंजन और बख्तरबंद वाहनों का निर्माण होगा। इससे न केवल भारत का सुरक्षा तंत्र मजबूत होगा, बल्कि आयात पर खर्च होने वाले विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी।

दरअसल, अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने सांसदों से कहा कि भारतीय वायुसेना के लिए मिलकर लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के वास्ते भारत और अमेरिका के बीच हुआ समझौता क्रांतिकारी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पिछले वर्ष जून में अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर गए थे और उसी दौरान इस ऐतिहासिक समझौते की घोषणा की गई थी। जनरल इलेक्ट्रिक ने भारतीय वायुसेना के लिए लड़ाकू विमानों के इंजन बनाने के लिए 'हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स' के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

अमेरिकी रक्षा मंत्री ऑस्टिन ने बताया कि अमेरिका के भारत के साथ बेहतरीन संबंध हैं। उन्होंने कहा, 'हमने हाल में भारत को विमान के इंजन बनाने में मदद की और यह एक तरह की क्रांति है। इससे भारत की क्षमता बढ़ेगी। हम भारत के साथ मिलकर एक बख्तरबंद वाहन का भी निर्माण कर रहे हैं। एलसीए तेजस मार्क 1एकी पहली सफल उड़ान बेंगलुरु के एचएएल फैसिलिटी में पूरी हुई। यह फाइटर एयरक्रॉफ्ट अपनी पहली उड़ान के दौरान 18 मिनट तक हवा में रहा। तेजस मार्क 1ए आधुनिक और 4प्लस जेनेरेशन का फाइटर एयरक्रॉफ्ट है। इसमें हवा में फ्यूल भरा जा सकता है, जिससे इसकी क्षमता और बढ़ जाती है। साथ ही यह फाइटर जेट एक्टिव इलेक्ट्रॉनिकली स्केन्ड ऐरे रडार, बीवीआर यानी बियॉन्ड विजुवल रेंज मिसाइल, इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर सूट से लैस है। भारतीय वायुसेना ने 83 एलसीए मार्क 1ए तेजस के लिए हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ करार किया है। जबकि अतिरिक्त 97 तेजस मार्क 1ए फाइटर की खरीद को रक्षा खरीद परिषद पहले ही मंजूरी दे चुकी है।

अध्ययन: बदलती जलवायु परिवर्तन से आतंकी भी परेशान, नहीं मिल रही छिपने की जगह

- 20 सालों में भारत का औसत तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

नई दिल्ली (एजेंसी)। बड़ी-बड़ी इमारतें, कटते पेड़, कांक्रीट की सड़कें, वायु प्रदूषण ऐसी कई चीजों से हमारी धरती का संतुलन बिगड़ता जा रहा है। लेकिन हम सिर्फ अपनी ख्वाइशें पूरी करने के चक्कर में दिन ब दिन बीमारियों और प्राकृतिक आपदातों को झेलने की मजबूर हैं। इन सभी के चलते आज पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन को लेकर परेशान है। जलवायु परिवर्तन को लेकर वैज्ञानिक पूरे विश्व को चेतावनी देते हैं।

हाल ही में एडिलेड और रटगर्स विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने खुलासा किया है कि उग्रवादियों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले क्षेत्रों में जलवायु में इतनी तेजी से बदलाव आया है कि वो अब उनके छिपने लायक नहीं रह गए हैं। इसकी वजह से उन्हें दूसरे क्षेत्रों की ओर रुख करने को मजबूर होना पड़ा है। शोध के नतीजे एक रिसर्च में सामने आए हैं।

एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में आतंकवादी घटनाओं को लेकर एक अध्ययन किया है। इस अध्ययन में शोधकर्ताओं ने भू-स्थानिक विश्लेषण के माध्यम से जलवायु कारकों और आतंकवाद के बीच संबंधों की जांच की है। उसमें सामने आए नतीजों के मुताबिक तापमान, वर्षा और ऊंचाई भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रभावित करते हैं। इसमें कहा है कि तापमान, बारिश और ऊंचाई आतंकवादी गतिविधियों के बदलते पैटर्न से जुड़े हैं। शोध के पाया गया कि नए क्षेत्रों में आतंकवादियों का जाना बदलता मौसमी भी था। जलवायु परिवर्तन के बढ़ते दुष्प्रभावों का संबोधित करना न केवल पर्यावरण से जुड़ा मुद्दा है, बल्कि यह सीधे तौर पर राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है।

गौरतलब है कि यह अध्ययन 1998 से 2017 के बीच भारत में हुई आतंकवादी गतिविधियों पर केंद्रित था। इस दौरान वैश्विक आतंकवाद डेटाबेस ने भारत में आतंकी हमलों की 9,096 घटनाएं दर्ज कीं थी। 20 सालों में भारत का औसत तापमान भी रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। भारत के कुछ क्षेत्र ऐसे थे जो अध्ययन के दौरान बार-बार आतंकवादी हिंसा से प्रभावित हुए थे। ये क्षेत्र मुख्य रूप से देश के उत्तरी और पूर्वी इलाकों में हैं। वो राज्य जो इस दौरान आतंकवाद के हॉटस्पॉट रहे उनमें जम्मू-कश्मीर, झारखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, मणिपुर, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़, ओडिशा, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, कर्नाटक, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, दिल्ली, और केरल शामिल हैं। यह अध्ययन आतंकवादी गतिविधियों के स्थान पर केंद्रित था, लेकिन शोधकर्ताओं के मुताबिक आंकड़े इस बात की ओर भी इशारा करते हैं कि इन आतंकवादी गतिविधियों से जुड़े अन्य मुद्दे जैसे उनके ट्रेनिंग स्थल भी जलवायु में आते बदलावों के साथ बदल रहे हैं।

एशिया ओलंपिक क्वालीफायर

विनेश-अंशु के सामने ओलंपिक कोटा हासिल करने की चुनौती, भारत के 17 पहलवान ले रहे हिस्सा

बिश्केक (किर्गिस्तान), एजेंसी। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। भारत के 17 पहलवान शुक्रवार से यहां शुरू हो रहे एशिया ओलंपिक क्वालिफायर के जरिये पेरिस खेलों का कोटा हासिल करने के लिए जब चुनौती पेश करेंगे तो सबसे ज्यादा नजरें दो बार की ओलंपियन विनेश फोगाट पर होगी। इस प्रतियोगिता में फ्रीस्टाइल, महिला और ग्रीको-रोमन में कुल 36 कोटा स्थान दांव पर होंगे। भारतीय पहलवान सिर्फ एक स्पर्धा को छोड़कर सभी भारवर्ग में कोटा हासिल करने की कोशिश करेंगे। 19 साल की अंतिम पंघाल ने सर्बिया के बेलग्रेड में 2023 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीत कर भारत के लिए महिलाओं के 53 किग्रा में पहले ही कोटा स्थान पक्का कर लिया है। महिला वर्ग में अब विनेश (50 किग्रा), रीतिका हुड्डा (76 किग्रा), मौजूदा अंडर-23 विश्व चैंपियन अंशु (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा) और निशा (68 किग्रा) के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का समय आ गया है।

भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ भारतीय पहलवानों के विरोध का प्रमुख चेहरा रही विनेश के प्रदर्शन पर सबसे ज्यादा नजरें रहेंगी। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने मार्च में 50 किग्रा में राष्ट्रीय चयन ट्रायल जीता था।



संक्षिप्त समाचार

होटल भरे हुए हैं, फर्श पर सो रहे हैं

दुबई हवाई अड्डे पर फंसे दो भारतीय पहलवान

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय पहलवान दीपक पुनिया और सुजीत कलकल 2024 पेरिस ओलंपिक क्वालीफायर के लिए किर्गिस्तान के बिश्केक जाते समय भारी बारिश के कारण मंगलवार से दुबई हवाई अड्डे पर फंसे हुए हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। पहलवानों के करीबी सूत्रों नें बात करते हुए कहा कि यह जोड़ी गुरुवार रात 11 बजे

उड़ान भरेगी और उनके टूर्नामेंट में भाग लेने की संभावना 50-50 है। वे पिछले दो दिनों से वहां हैं। सभी होटल भरे हुए हैं इसलिए वे हवाई अड्डे पर फर्श पर सो रहे हैं। क्वालीफायर में प्रतिस्पर्धा करने की उनकी संभावना 50-50 है। शायद वे वजन शुरू होने से ठीक पहले बिश्केक पहुंच जाएंगे। केवल तभी जब वे आज देर रात दुबई छोड़ने में कामयाब हों। बिश्केक में एशियाई कुश्ती ओलंपिक क्वालीफायर 19 अप्रैल से शुरू होने वाला है। बिश्केक में 18 भार वर्गों में कुल 36 पेरिस 2024 कोटा की पेशकश होगी। भारत ने सत्रह पहलवानों को मैदान में उतारा है. यह क्वालीफायर भारतीय पहलवानों के लिए ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कोटा सुरक्षित करने का दूसरा अंतिम अवसर होगा। मई में तुर्की में होने वाला विश्व क्वालिफिकेशन टूर्नामेंट, अंतिम कुश्ती क्वालीफायर होगा।

भारतीय दलः

पुरुष ग्रीको : रोमन, सुमित (60 किग्रा), आशु (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)
महिला फ्रीस्टाइल : विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा), मानसी (62 किग्रा), निशा (68 किग्रा), रीतिका हुडा (76 किग्रा)
पुरुष फ्रीस्टाइल : अमन सहरावत (57 किग्रा), सुजीत (65 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), दीपक पुनिया (86 किग्रा), दीपक (97 किग्रा), सुमित (125 किग्रा)

पांड्या पर लगा 12 लाख का जुर्माना

मुल्लांपुर, एजेंसी। पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या पर 12 लाख का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने यह जानकारी गुरुवार को दी।
बीसीसीआई ने एक बयान में इसकी पुष्टि की है। जिसमें बताया गया है कि इस सीजन में टीम मुंबई की यह पहली गलती थी, इसलिए आईपीएल कोड ऑफ कंडक्ट के अनुसार सबसे न्यूनतम दंड दिया गया है। बात अगर मैच की करें तो 193 रनों का पीछा करने उतरी पंजाब के लिए आशुतोष शर्मा ने 25 गेंदों में 61 रनों की तूफानी पारी खेली, लेकिन वो अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाए और मुंबई ने 9 रन से यह मुकाबला अपने नाम किया। एमआई वर्तमान में सात मैचों में तीन जीत के साथ अंक तालिका में सातवें स्थान पर है।

इस आईपीएल की सबसे बड़ी खोज साबित हुए ये 2 खिलाड़ी...

जहां फंसा मैच, वहां चली जय-वीरू की जोड़ी

नईदिल्ली, एजेंसी। पंजाब किंग्स का इस आईपीएल में प्रदर्शन बेहद निराशाजक नजर आ रहा है. 18 अप्रैल को मुल्लांपुर में मुंबई इंडियंस से हारकर पंजाब की टीम अब आईपीएल की प्वाइंट्स टेबल में नौवें स्थान पर खिसक गई है. उसने 7 में से महज 2 मैच जीते हैं. इन सबके बीच पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा इस आईपीएल की खोज साबित हुए हैं, इन दोनों ने फंसे हुए मैच में अपनी टीम को जिताने की पूरी कोशिश की है. यहां एक बात पर ध्यान देना जरूरी है कि पंजाब ने जो 5 मैच गंवाए है, उनमें से 4 मैच तो आखिरी ओवर में हारे हैं.

अब वापस आते हैं आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह की जोड़ी पर. इस जोड़ी ने सबसे पहले इस आईपीएल 2024 में अपनी प्रतिभा 4 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ मैच में दिखाई. इस ओवर में पंजाब ने आखिरी ओवर में गुजरात के जबड़े से जीत छीन ली थी. आईपीएल के इस थ्रिलर मैच को पंजाब ने 1 गेंद शेष रहते हुए 3 विकेट से जीता था. उस मैच में 32 साल के शशांक सिंह ने 29 गेंदों पर 61 रनों की जोरदार पारी खेली, वहीं उनको इम्पैक्ट प्लेयर आशुतोष शर्मा का भी शानदार साथ मिला. जिनके साथ मिलकर प्लेयर ऑफ द मैच शशांक ने 43 रनों की पार्टनरशिप की. आशुतोष ने महज 17 गेंदों पर 31 रनों की पारी खेली थी. यह आशुतोष का आईपीएल में डेब्यू मैच था.

इसके बाद बारी पंजाब किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 9 अप्रैल को खेले गए मैच की. पंजाब इस मैच को लगभग हैदराबाद के

जबड़े से छीन चुका था. जिसे अंततः हैदराबाद की टीम ने 2 रन से जीता. आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह पंजाब को जिताते चूक गए, लेकिन उन्होंने इस मैच में शानदार पारियां खेलीं. सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ इस मैच में पंजाब किंग्स के आशुतोष शर्मा और शशांक सिंह ने गजब का जज्बा दिखाया.

आखिरी ओवर में जीत के लिए पंजाब को 29 रन चाहिए थे. लेकिन वह 2 रनों से इस मैच को चूक गई. आशुतोष और शशांक ने जयदेव उनादकट के लास्ट ओवर में 27 रन मिलकर कूट दिए. जहां पंजाब महज 2 रनों से मैच हार गया. शशांक ने मैच में नाबाद 46 रनों की पारी महज 25 गेंदों पर खेली, वहीं आशुतोष ने 23 गेंदों पर 33 रन जड़ दिए. दोनों ने मिलकर 66 रन जोड़े.

इन दोनों ही मैचों ने एक बात तो साबित कर दी कि भले ही आशुतोष और शशांक को आईपीएल में बेहद कम कीमत में खरीदा गया हो, पर ये दोनों ही आने वाले समय के लिए भारतीय क्रिकेट के लिए भी बड़े खिलाड़ी साबित हो सकते हैं.

मुंबई के खिलाफ मैच में अगर आशुतोष आउट ना होते तो...

मुंबई के खिलाफ 18 अप्रैल को हुए मैच में भी पंजाब के लिए शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अपनी बल्लेबाजी से हार्दिक पंड्या एंड कंपनी का धागा खोलकर रख दिया था. शशांक ने 25 गेंदों पर 41 रनों की पारी खेली. वहीं आशुतोष ने 28 गेंदों पर 61 रन जड़ दिए. एक समय पंजाब को जीत के लिए 18 गेंदों पर 25 रन चाहिए थे और आशुतोष शर्मा क्रीज पर थे. लेकिन वो 18वें ओवर की पहली गेंद पर आउट हो गए, जहां से पूरा मैच पलट गया. यहीं से मुंबई मैच में एक बार फिर फ्रंट फुट पर गई.

शशांक और आशुतोष को बेहद सस्ते में पंजाब ने खरीदा

पंजाब किंग्स ने अनकैप्ड शशांक सिंह को 20 लाख रुपए में शामिल किया था, लेकिन दिसंबर आईपीएल के मिनी ऑक्शन के दौरान यह विवाद हुआ कि उन्हें प्रीति जिंटा की टीम ने गलती से खरीद लिया है. हालांकि बाद में यह सफाई आई कि ऐसा कुछ नहीं हैं. वहीं आशुतोष को भी पंजाब ने महज 20 लाख रुपए में खरीदा था.

कौन हैं शशांक सिंह?

शशांक सिंह ने आईपीएल के इस सीजन में कुल 7 मैच खेले हैं, जहां उनके बल्ले से 187 रन आए हैं. शशांक का इस दौरान एवरेज 62.33 और स्ट्राइक रेट 179.81 का है. शशांक फ?िलहाल घरेलू क्रिकेट में छत्तीसगढ़ की टीम से खेलते हैं. 2023-24 सीजन में उन्होंने मणिपुर के खिलाफ एक ही लिस्ट-ए मैच में 150+ रन बनाए और पांच विकेट लिए, ऐसा करने वाले वह पहले भारतीय हैं. शशांक पंजाब में आने से पहले सनराइजर्स हैदराबाद (2022), राजस्थान रॉयल्स (2019-21) और दिल्ली डेयरडेविल्स (2017) के साथ रह चुके हैं. उन्होंने मुंबई की प्रसिद्ध कांगा लीग में खूब पसीना बहाया है, जहां वो छक्का मारने वाले ख?िलाड़ी के रूप में विख्यात रहे हैं.

आशुतोष की पारी अविश्वसनीय

मुल्लांपुर, एजेंसी । आईपीएल 2024 के गुरुवार के रोमांचक मैच में पंजाब किंग्स के बल्लेबाज आशुतोष शर्मा ने अपनी तूफानी पारी की बदौलत न केवल फैंस का बल्कि विरोधी कप्तान का भी दिल जीत लिया। जब मैच निर्णायक मोड़ पर था और पंजाब जीत के बेहद करीब था, तब 18वें ओवर में गेराल्ड कोएत्ज़ी ने आशुतोष शर्मा की तूफानी पारी का अंत किया और मुंबई की जीत पक्की की।

एमआई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने स्वीकार किया कि मैदान में आशुतोष ने पूरी तरह से पासा पलट दिया था। उन्होंने ये भी कहा कि अपना पहला आईपीएल सीजन खेल रहे आशुतोष का प्रदर्शन अविश्वसनीय था। हार्दिक ने कहा, यह एक अच्छा मैच था। मुझे लगता है कि हर किसी की सांसें थम गई थी। हमने मैच से पहले बात की थी कि इस मैच में हमारी परीक्षा होगी और मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा चुनौतीपूर्ण कुछ और हो सकता है। जब पंजाब का स्कोर 14/4 था, तो यह स्वाभाविक था कि आप सोचते थे कि आप मैच में आगे हैं लेकिन साथ ही, हम जानते थे कि आईपीएल में इस तरह के मैच कभी भी पलट सकते हैं। इस जीत का मतलब यह भी है कि एमआई अब अंक तालिका में सातवें स्थान पर है, हालांकि वे अभी भी काफी निचले स्थान पर हैं। मुंबई का अगला मुकाबला सोमवार शाम को सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा।

तिलक वर्मा ने आईपीएल में किया बड़ा कारनामा

मुल्लांपुर, एजेंसी। मुंबई इंडियंस की टीम ने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 17वें सीजन में 7वें मैच में अपनी तीसरी जीत हासिल करने में कामयाबी हासिल की। पंजाब किंग्स के खिलाफ इस मुकाबले में मुंबई की तरफ से शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन देखने को मिला जिसमें सूर्यकुमार यादव के बल्ले से 78 रनों की पारी देखने को मिली तो वहीं पारी के आखिरी ओवरों में बल्लेबाजी करने उतरे बाएं हाथ के युवा बल्लेबाजी तिलक वर्मा ने सिर्फ 18 गेंदों में 2 चौके और 2 छक्कों की मदद से 34 रनों की नाबाद तेज पारी खेलने के साथ टीम के स्कोर को 190 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की। तिलक ने अपनी इस पारी के दम पर आईपीएल में एक खास लिस्ट में भी अपनी जगह बना ली।

रोहित शर्मा 250 आईपीएल मैच खेलने वाले दूसरे प्लेयर बने

मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2024 के 33वें मुकाबले में पंजाब किंग्स को 9 रन से हराया। मुल्लांपुर (चंडीगढ़) में गुरुवार को पंजाब ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। मुंबई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट पर 192 रन बनाए। जवाब पंजाब किंग्स की टीम 19.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। रोहित शर्मा ने आईपीएल में 250वां मैच खेला। वहीं, स्ह्व के लिए सबसे ज्यादा सिक्स भी लगाए। इस सीजन मुंबई के बैटर्स ने पहले 6 ओवर यानी पावरप्ले में सबसे ज्यादा सिक्स भी जमाए। मैच रिकॉर्ड्स...

रोहित के एमआई के लिए सबसे ज्यादा सिक्स

रोहित शर्मा के मुंबई इंडियंस के लिए सबसे ज्यादा सिक्स हो गए हैं। एमआई के लिए खेले 205 मैचों में शर्मा ने कुल 224 सिक्स लगाए। उन्होंने एमआई लीजेंड किरोन पोलार्ड को पीछे छोड़ा। पोलार्ड ने टीम के लिए कुल 223 सिक्स लगा चुके हैं। सूर्यकुमार यादव एमआई के लिए 100 सिक्स लगाने से 2 छक्के दूर है। वे टीम के लिए 98 सिक्स लगा चुके हैं।

पेरिस ओलंपिकः2024

भारत को लंबी कूद में बड़ा झटका, घुटने की चोट के कारण श्रीशंकर ओलंपिक से बाहर, सर्जरी होगी

नई दिल्ली, एजेंसी। लंबी कूद के दिग्गज खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ट्रेनिंग के दौरान घुटने की चोट के कारण पेरिस ओलंपिक से बाहर हो गए हैं और उन्हें सर्जरी करानी पड़ेगी जिसके कारण वह पूरे 2024 सत्र में नहीं खेल पाएंगे। एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने 2023 एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 8.37 मीटर के प्रयास से रजत पदक जीतते हुए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई किया था। इस 25 वर्षीय खिलाड़ी को शंघाई/सुझोउ और दोहा में क्रमशः 27 अप्रैल और 10 मई को लगातार दो डायमंड लीग

प्रतियोगिता के साथ अपने सत्र की शुरुआत करनी थी, लेकिन मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान उन्हें चोट लगी और उनका ओलंपिक में हिस्सा लेने का सपना टूट गया।

पिता भी रहे हैं एथलीट- श्रीशंकर के पिता एस. मुरली ही उनके कोच हैं। श्रीशंकर का कहना है कि उनके शरीर को उनके पिता उनसे बेहतर समझते हैं। श्रीशंकर के पिता पूर्व ट्रिपल जंप एथलीट थे और दक्षिण एशियाई खेलों में रजत पदक विजेता रहे हैं। 1992 एशियाई जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में उनकी मां के.एस. बिजिमोल 800 मीटर रेस में रजत पदक जीती थीं।

श्रीशंकर के पिता मुरली एक समय पर शराब के शौकीन थे, लेकिन बेटे के खेल पर ध्यान देने के लिए उन्होंने इससे दूरी बना ली। टोक्यो ओलंपिक में श्रीशंकर के फेल होने के बाद मुरली ने ही अपने बेटे को संभाला था। उस समय श्रीशंकर काफी दबाव में थे और डिप्रेशन में भी चले गए थे। वह खेल छोड़कर अपनी पढ़ाई पर ध्यान देना चाहते थे। ऐसे में उनके पिता ने उन्हें संभाला और श्रीशंकर भारत के शीर्ष लॉन्ग जंपर बन गए। उन्होंने 2022 बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में भारत को रजत पदक दिलाया था।

छह साल की उम्र में तक्षवी वघानी ने रचा इतिहास

स्केटिंग में किया कमाल, बना दिया विश्व रिकॉर्ड

नई दिल्ली, एजेंसी। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। अहमदाबाद की तक्षवी वघानी ने छह वर्ष की उम्र में ऐसा कारनामा कर डाला है जिससे उनकी चर्चा भारत ही नहीं पूरे विश्व में हो रही है। उन्होंने छोटी सी आयु में कुछ ऐसा किया जिससे उनका नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज हो गया। तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में 25 मीटर से अधिक का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। इसी के साथ उन्होंने न सिर्फ अपना नाम रोशन किया बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया।

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने की पुष्टि

तक्षवी ने लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग में कमाल करते हुए अपना नाम गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज कराया है। इसकी पुष्टि करते हुए गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड ने एक वीडियो साझा किया है जिसमें छह साल की तक्षवी को स्केटिंग करते देखा जा रहा है। वीडियो पोस्ट करते हुए लिखा गया, 25 मीटर से अधिक की लोएस्ट लिम्बो स्केटिंग। पिछले साल 10 मार्च को यह रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि हासिल की गई थी।

तक्षवी ने तोड़ा मनस्वी का रिकॉर्ड

अहमदाबाद की तक्षवी से पहले यह रिकॉर्ड पुणे की मनस्वी विशाल के नाम दर्ज था। उन्होंने साढ़े तीन साल की उम्र में 25 मीटर से ज्यादा की लोएस्ट लिंबो स्केटिंग से सभी को प्रभावित कर दिया था। उन्होंने धरती से केवल 16.5 सेंटीमीटर की ऊंचाई बनाए रखते हुए 25 मीटर की दूरी तक ग्लाइड किया था।

सृष्टि भी नहीं हैं पीछे

लिम्बो स्केटिंग की दुनिया में तक्षवी और मनस्वी के अलावा 18 वर्षीय सृष्टि धर्मेंद्र शर्मा भी कमाल दिखा चुकी हैं। उन्होंने जुलाई 2023 में 50 मीटर से अधिक की स्केटिंग में कमसमय लेते हुए नया विश्व रिकॉर्ड स्थापित किया था। उन्होंने इस दूरी को 6.94 सेकंड में पूरा किया था। उन्होंने 2021 में बनाए अपने ही रिकॉर्ड को तोड़कर यह उपलब्धि हासिल की थी।

एचडीएफसी लाइफ ने दर्ज किया 15 फीसदी मुनाफा

- प्रीमियम आय 63 हजार करोड़ रुपये हुई

नई दिल्ली ।

भारत की जनरल इंश्योरेंस कंपनी एचडीएफसी लाइफ ने वित्त वर्ष 24 को चौथी तिमाही के लिए रिजल्ट्स जारी कर दिए हैं। एक्सचेंजों को दी गई जानकारी में कंपनी ने बताया कि उसने सालाना आधार पर 15 फीसदी का मुनाफा दर्ज किया है। वित्त वर्ष 24 में कंपनी ने 1,569 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया, जबकि वित्त वर्ष 23 में यह 1,360 करोड़ रुपये था। तिमाही आंकड़ा देखा जाए तो वित्त वर्ष 24 की अंतिम तिमाही में एचडीएफसी लाइफ इंश्युरेंस ने मार्च तिमाही में 411 करोड़ रुपये का नेट मुनाफा दर्ज किया, जो कि पिछले साल की समान अवधि के 358 करोड़ रुपये के मुकाबले 14.8 फीसदी ज्यादा है। एक्सचेंजों को दिए गए बयान में कंपनी ने कहा कि उसका बिजनेस मार्जिन 26.3 फीसदी है। नए बिजनेस की वैल्यू 3,501 करोड़ रुपये है जो कि 14 फीसदी के साथ 2 साल की सालाना चक्रवृद्धि बढ़ोतरी है। कंपनी की एंबेडेड वैल्यू 47,468 करोड़ रुपये है, जबकि एंबेडेड वैल्यू पर ऑपरेटिंग रिटर्न 17.5 फीसदी है। सॉल्वेंसी 187 फीसदी पर बनी हुई है। जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 203 फीसदी थी। कंपनी ने बताया कि वित्त वर्ष 24 में कंपनी की प्रीमियम से कुल आय यानी टोटल प्रीमियम 63,076 करोड़ रुपये रही, जबकि एक साल पहले के वित्त वर्ष यानी वित्त वर्ष 23 में कंपनी ने 57,533 करोड़ रुपये की प्रीमियम से नेट आय दर्ज की थी। ऐसे में पिछले साल के मुकाबले कंपनी की प्रीमियम से नेट आय 10 फीसदी ज्यादा है। मार्च तिमाही में इसकी प्रीमियम से नेट आय 20,488 करोड़ रुपये रही, जो कि पिछले साल की समान अवधि में यह 19,426 करोड़ रुपये रही। इस लिहाज से देखा जाए तो कंपनी की प्रीमियम से नेट आय में 5.4 फीसदी का इजाफा हुआ है।

शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

सेंसेक्स 600 , निफ्टी भी 151 अंक ऊपर आया

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के बाद भी खरीददारी हावी रहने से आया है। इससे पिछले दिनों से जारी गिरावट रुक गयी है। शेयर बाजार में लगातार चार दिन से जारी गिरावट पर शुक्रवार को ब्रेक लग गया। विदेशी निवेशकों की शॉर्ट कवरिंग से भी बाजार को बल मिला। इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 599.34 अंक करीब 0.83 फीसदी बढ़कर 73,088.33 अंक पर बंद हुआ। मध्यपूर्व में तनाव से भी बाजार पर प्रभाव नहीं पड़ा है। इजराइल द्वारा ईरान में हमला से शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स नीचे आया थ पर बाद में इसमें बढ़त आने लगी। सेंसेक्स में आज 71,816.46 और 73,210.17 के रेंज में कारोबार हुआ।

वहीं दूसरी ओर पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज निफ्टी भी 151.15 अंक तकरीबन 0.69 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। निफ्टी दिन के अंत में 22,147.00 अंक पर

बंद हुआ। इसमें 21,777.65 और 22,179.55 के बीच कारोबार हुआ।

वहीं इससे पहले आज सुबह वै श्विक बाजारों से` मिले खराब संकेतों की वजह से घरेलू बाजार में गिरावट दर्ज की गयी। इस दौरान सेंसेक्स करीब 600 अंक टूटकर 72000 के नीचे आ गया है, वहीं निफ्टी भी 150 अंक गिरकर 21800 के स्तर पर शुरुआती कारोबार कर रहा था। इस प्रकार लगातार चौथे दिन बेंचमार्क सूचकांक गिरावट पर बंद हुए। उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 455 अंक कमजोर हुआ। वहीं निफ्टी में भी 152 अंक की गिरावट दर्ज की गई। जानकारों ने कहा कि नीतिगत दर में कटौती की उम्मीदें धूमिल होने और घरेलू बाजार से विदेशी संस्थागत निवेशकों की बेरुखी से भी शुरुआती कारोबार में निवेशकों की धारणा को कमजोर किया

टाटा मोटर्स तमिलनाडु के नए प्लांट में बनाएगी जगुआर लैंड रोवर

नई दिल्ली। टाटा ग्रुप की सब्सिडियरी कंपनी टाटा मोटर्स 1 अरब डॉलर से तमिलनाडु में बने अपने नए प्लांट में लग्जरी कार जगुआर लैंड रोवर की मैन्युफैक्चरिंग करने पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि टाटा मोटर्स ने इसी साल मार्च में तमिलनाडु में नए प्लांट को शुरू करने का ऐलान किया था। 2008 में टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा मोटर्स ने जगुआर लैंड रोवर को खरीद लिया था। कंपनी ने उस समय यह हिस्सेदारी फोर्ड मोटर कंपनी से 2.3 अरब डॉलर में खरीदी थी। हाल ही में जगुआर लैंड रोवर इंडिया ने अपनी लग्जरी कारों की बिक्री का डेटा बताया था। कंपनी ने कहा कि उसने वित्त वर्ष 2024 में शानदार परफॉर्मेंस दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 में भारत में जगुआर लैंड रोवर कारों की रिटेल बिक्री 81 फीसदी की बढ़कर 4,436 यूनिट हो गई है। कंपनी ने कहा कि स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल रेंज रोवर की रिटेल बिक्री 160 फीसदी और डिफेंडर की रिटेल बिक्री 120 फीसदी बढ़ी है। ये डेटा सालाना आधार पर जारी किए गए थे। जेएलआर ने कहा कि 2024 में बाजार में आए नए मॉडल डिस्कवरी स्पोर्ट की बिक्री 50 फीसदी और रेंज रोवर इवोक की बिक्री 55 फीसदी बढ़ी है।

आईएमएफ ने चुनावी वर्ष में राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने भारत की सराहना की

वाशिंगटन ।

चुनावी वर्ष में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने राजकोषीय अनुशासन बनाए रखने के लिए भारत की सराहना करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। आईएमएफ में एशिया व प्रशांत विभाग के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा` कि इस समय भारत की अर्थव्यवस्था अच्छा प्रदर्शन कर रही है। 6.8 प्रतिशत की वृद्धि बहुत अच्छी है। महंगाई कम हो रही है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि मुद्रास्फीति को तय लक्ष्य तक लाया जाए। उन्होंने कहा कि राजकोषीय अनुशासन बनाए रखना खासकर चुनावी वर्ष में मेरे लिए काफी महत्वपूर्ण बात है क्योंकि देश चुनावी वर्ष में राजकोषीय साहसिक कार्य शुरू करते हैं। इस सरकार ने अनुशासन बनाए रखा है। मुझे लगता है यह बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि आखिरकार ठोस मैक्रो फंडामेंटल ही वह आधार है जिसके आधार पर देश समृद्ध होते हैं और टिकाऊ वृद्धि करते हैं। इसलिए इसे बनाए रखना बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत ने पिछले कई वर्षों में कई झटकों को झेला और उससे सफलतापूर्वक पार पाया है। यह दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनकर उभर रही है। वास्तव में इस वित्त वर्ष 2024-25 हम निजी उपभोग और सार्वजनिक निवेश के नेतृत्व में 6.8 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगा रहे हैं। मुद्रास्फीति धीरे-धीरे कम हो रही है। यह अब पांच प्रतिशत से नीचे है। भारत, वैश्विक वृद्धि में योगदान देने वाले प्रमुख देशों में से

एक है। उन्होंने कहा कि इस साल हमें 6.8 प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि की उम्मीद है।

2025 तक 10 लाख और नौकरियां पैदा होने का अनुमान!

- तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में टॉप पायदान पर

नई दिल्ली । एक अध्ययन के अनुसार भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने मार्च 2024 में भर्ती में 154 फीसदी की वृद्धि दर्ज की है। रिसर्च में पाया गया कि दूरसंचार` विभाग में भर्ती की मांग सबसे अधिक है, जो कुल भर्ती का 64 फीसदी है। लाइटनिंग और ऑटोमोटिव क्षेत्र क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। क्वीस कॉर्प लिमिटेड ने कहा कि भौगोलिक रूप से तमिलनाडु इलेक्ट्रॉनिक्स भर्ती मांग में 33 फीसदी की हिस्सेदारी के साथ टॉप पायदान पर है। कर्नाटक, उत्तर प्रदेश और तेलंगाना क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे स्थान पर हैं। एक अध्ययन से पता चला है कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ रही है, खासकर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में उनकी भागीदारी ज्यादा है। महिलाएं अब इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग की वर्कफोर्स का 78 फीसदी हिस्सा हैं। उन्हें ऑपरेटरों, क्वालिटी अश्योरेंस प्रोफेशनल्स और टेस्टिंग की नौकरियों में तेजी से भर्ती किया जा रहा है। कुछ कंपनियों में, कुल वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी 80 फीसदी तक है। अध्ययन में कहा गया है कि इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में महिलाओं के रोजगार में वृद्धि के कई फैक्टर्स हैं। जैसे काम का नेचर, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अक्सर जटिल असेंबली और छोटे पार्ट्स की सटीक हैंडलिंग शामिल होती है। चूंकि, बारीकी के कामों में महिलाएं पहले से ही बेहतर हैं इसलिए इस क्षेत्र में वे बेहतर कर रही हैं।इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग में कई नौकरियां हैं जिनकी हाई डिमांड में हैं, जिनमें शामिल हैं- इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियर, इंस्ट्रूमेंटल इंजीनियर, और इलेक्ट्रॉनिक डिज़ाइन इंजीनियर। इन नौकरियों के लिए औसत वेतन 18,000 रुपये प्रति माह से लेकर 32,000 रुपये प्रति माह तक होता है। इन नौकरियों में आम तौर पर 18 से 30 साल की उम्र के व्यक्तियों को भर्ती किया जाता है, जो युवा टैलेंट पर इंडस्ट्री के जोर को दर्शाता है। क्वेस कॉर्प में वर्कफोर्स मैनेजमेंट के प्रेसिडेंट लोहित भाटिया का कहना है कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग इनोवेशन और बदलावों के कारण तेजी से बढ़ रहा है।

नियमों का उल्लंघन करने वाले बैंकों पर लगा जुर्माना

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक ने विभिन्न नियामक मानदंडों के उल्लंघन के लिए पांच सहकारी बैंकों पर कुल 60.3 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। राजकोट नागरिक सहकारी बैंक पर 43.30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। यह जुर्माना निदेशकों और उनके रिश्तेदारों को कर्ज और अग्रिम पर प्रतिबंध समेत अन्य बातों को लेकर रिजर्व बैंक के निर्देशों का पालन न करने को लेकर लगाया गया है। केंद्रीय बैंक ने द कांगड़ा को-ऑपरेटिव बैंक (नई दिल्ली), राजधानी नगर सहकारी बैंक (लखनऊ) और जिला सहकारी बैंक, गढ़वाल (कोटद्वार, उत्तराखंड) पर 5-5 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा जिला सहकारी बैंक (देहरादून) पर दो रुपए का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने कहा कि प्रत्येक मामले में, जुर्माना नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंकों द्वारा अपने संबंधित ग्राहकों के साथ किए गए समझौते के किसी भी लेनदेन की वैधता को प्रभावित करना नहीं है।

विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से 2.5 अरब डॉलर का नुकसान

नई दिल्ली । गेमिंग उद्योग निकाय ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन (एआईजीएफ) ने कहा कि विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुए से जुड़ी इकाइयां सरकारी खजाने को प्रति वर्ष 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान पहुंचा रही हैं। संगठन ने सरकार से ऐसे मंचों पर अंकुश लगाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की है। एआईजीएफ के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि विदेशी संस्थाएं अवैध सट्टेबाजी और जुए से विभिन्न खेलों को जोड़ती हैं, जिससे उपयोगकर्ता वैध तथा अवैध गेमिंग के बीच अंतर नहीं कर पाते। अवैध विदेशी इकाइयां उपयोगकर्ताओं को नुकसान पहुंचाती हैं। इससे भारत में वैध उद्योग को भी नुकसान पहुंच सकता है। विदेशी अवैध सट्टेबाजी तथा जुआ मंच एक साल में 12 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि एकत्र कर रहे हैं, जिसका मतलब है कि सरकार को जीएसटी राजस्व में कम से कम 2.5 अरब अमेरिकी डॉलर का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थाओं ने उपयोगकर्ताओं को लुभाने के लिए मौजूदा आईपीएल सीजन के दौरान विज्ञापनों में वृद्धि की है। उनमें से कुछ इतनी हिम्मत दिखा रहे हैं कि उनके मंच पर कोई जीएसटी या टीडीएस नहीं लगने का बेबाकी से प्रचार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अवैध मंचों के खतरे को रोकने में मदद के लिए सरकार को स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) जैसे मॉडल में तेजी लानी चाहिए।

हिंदुस्तान जिंक बनी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादन करनेवाली कंपनी

नई दिल्ली ।

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक कंपनी बन गई है। कंपनी ने कहा कि एक सर्वेक्षण के अनुसार राजस्थान स्थित उसकी सिंदेसर खुर्द खान दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक खान बन गई है। पिछले साल यह चौथे स्थान पर थी। हिंदुस्तान जिंक के एक वे रिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चांदी वैश्विक ऊर्जा संप्रेषण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और हिंदुस्तान जिंक के उत्पादन में सालाना पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसका श्रेय अयस्क उत्पादन में वृद्धि और उन्नत ग्रेड को जाता है, जिससे वैश्विक चांदी बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में इसकी स्थिति मजबूत हुई है। जस्ता, सीसा और चांदी के कारोबार में वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी एकीकृत जस्ता उत्पादक और अब तीसरी सबसे बड़ी चांदी उत्पादक है। कंपनी के पास भारत में बढ़ते जस्ता बाजार में 75 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी है। इसका

मुख्यालय उदयपुर में है। इसकी जस्ता, सीसा खदानें और गलाने के परिसर पूरे राजस्थान में फैले हुए हैं।

छोटे निवेशकों को म्यूचुअल फंड का विकल्प चुनना चाहिए!

मुंबई । कुछ दिन पहले बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक 75000 अंकों के पार चला गया था। लेकिन बीते लगातार चार सत्र से बाजार में गिरावट का माहौल है। बीएसई का संवेदी सूचकांक गुरुवार को 72488 अंक पर बंद हुआ। ऐसे में छोटे निवेशक घबरा जाते हैं। इसलिए पूंजी बाजार के जानकारों का कहना है कि छोटे निवेशकों को सीधे शेयर बाजार में कूदने के बजाए म्यूचुअल फंड के रास्ते प्रवेश करना चाहिए। इससे उन्हें पूंजी बाजार में निवेश का फायदा भी मिलता है और किसी गिरावट में भारी नुकसान भी नहीं होता है। म्यूचुअल फंड में जब इक्विटी निवेश की बात आती है, तो निवेशकों के पास लार्ज, मिड और स्मॉल कैप के बीच चयन करने का विकल्प होता है। पिछले एक साल में मिड और स्मॉल कैप ने बेहतर रिटर्न दिया है, परिणामस्वरूप, आज वो महंगे हो गए हैं। ऐसे में अब लार्जकैप एक बेहतर विकल्प है क्योंकि इसका मूल्यांकन अभी भी आकर्षक है।

मेड इन इंडिया चिप की आपूर्ति ऐपल को कर सकती है माइक्रॉन

- गुजरात के साणंद प्लांट से सप्लाई की योजना

नई दिल्ली ।

मेमरी और स्टोरेज उपकरण बनाने वाली मशहूर कंपनी माइक्रॉन टेक्नोलॉजी भारत के कारखाने में बनने वाले अपने मेड इन इंडिया चिप की आपूर्ति ऐपल को करने पर` विचार कर रही है, जो उसके वैश्विक ग्राहकों में शामिल है। ऐपल ठेके पर भारत में आईफोन असेंबल कराती है। माइक्रॉन गुजरात के साणंद में असेंबली टेस्ट मार्किंग ऐंड पैकेजिंग (एटीएमपी) कारखाना लगा रही है। ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाने वाली कंपनियां फिलहाल चिप आयात करती हैं। सूत्रों ने बताया कि माइक्रॉन भारत में बनने वाले चिप का एक हिस्सा यहां मौजूद अपने ग्राहकों को देने का लक्ष्य लेकर चल रही है। साणंद कारखाने से पहला मेड इन इंडिया चिप दिसंबर तक आने की उम्मीद है। माइक्रॉन विदेश में अपने कारखानों से वेफर भारत लाएगी और यहां के कारखाने में उसे प्रोसेस कर चिप बनाएगी। पहले चरण में चिप का निर्यात किया जाएगा मगर कंपनी की योजना अगले चरण में चिप सीधे अपने वैश्विक ग्राहकों को देने की है। इनमें ऐपल भी शामिल है। भारत में तीन कंपनियां ऐपल के लिए ठेके पर आईफोन बनाती हैं और कंपनी के कुल आईफोन उत्पादन का 12 फीसदी हिस्सा भारत में ही असेंबल होता है। माइक्रॉन के एटीएमपी और वेफर संयंत्र अमेरिका, मलेशिया, जापान, सिंगापुर, चीन और ताइवान समेत तमाम जगहों पर हैं। ऐपल ने इस बारे में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। माइक्रॉन के भारत में मौजूद दफ्तर तथा उसके मुख्यालय तक सवाल भेजे गए मगर दोनों जगहों से जवाब नहीं आए।

पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

नई दिल्ली । वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमत में शुक्रवार को तेजी का रुख है। पिछले 24 घंटे में ब्रेंट क्रूड 2 डॉलर प्रति डॉलर से ज्यादा उछलकर 90 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड भी 85 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने शुक्रवार को पेट्रोल-डीजल के मूल्य में कोई बदलाव नहीं किया है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये, मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये, डीजल 92.15 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये, डीजल 90.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 2.29 डॉलर की उछाल के साथ 89.40 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड भी 2.25 डॉलर की बढ़त के साथ 84.98 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

दिग्गज कंपनी तोशीबा ने 5 हजार कर्मचारियों को दिखाया बाहर का रास्ता?

नई दिल्ली।

तोशिबा जापानी कंपनी है। इसका कारोबार दुनिया के कई देशों में फैला हुआ है। कंपनी लैपटॉप, राइस कुकर और इलेक्ट्रोनिक्स के साथ कई अन्य सेक्टर में कारोबार करती है। इस दिग्गज कंपनी ने जापान में 5,000 कर्मचारियों की छंटनी करने का फैसला किया है। यह कंपनी के कुल वर्कफोर्स का 10 प्रतिशत है। तोशीबा की ओर से ये फैसला कंपनी के परिचालन पुनर्गठन के चलते लिया गया है। कंपनी इंफ्रा और डिजिटल टेक्नोलॉजी जैसे सेक्टर्स पर फोकस करना चाहती है। हाल के वर्षों में जापान में होने वाली ये सबसे बड़ी छंटनियों में से एक है। इसका असर जापान के कॉरपोरेट कल्चर पर होगा, जहां मजबूत श्रम कानूनों के चलते छंटनी होना कोई आम बात नहीं हैं। जापान में नौकरी पेशा और युवा लोगों की अन्य देशों के मुकाबले कमी है। निक्केई की रिपोर्ट है कि शिसीडो, ओमरोन और कोनिका मिनोल्टा सहित अन्य प्रमुख जापानी कंपनियों ने भी हाल ही में कर्मचारियों की कटौती की घोषणा की है। बता दें, तोशीबा जापान की बड़ी नियोक्ता कंपनियों में से एक है लेकिन हाल के वर्षों में कंपनी को कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा है। कंपनी में कई प्रकार के मैनेजमेंट और घोटाले सामाने आए हैं। 2015 में सामने आए घोटले और मैनेजमेंट के इश्यू के चलते कंपनी को बड़ा झटका लगा था, जिसके बाद से कंपनी उभरने का प्रयास कर रही है। इस कारण कंपनी को बड़ा जुर्माना भी देना पड़ा था।

जापानी मीडिया निक्केई के मुताबिक, तोशीबा न्यूक्लियर टरबाइन, बैटरी और क्वांटम टेक्नोलॉजी आदि में कारोबार करती है। कंपनी को छंटनी के कारण कई तरह के फायदे कर्मचारियों को देने पड़ेंगे और इस कारण कंपनी को करीब 650 मिलियन डॉलर आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा।

बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने वृद्धि के लिए आक्रामक रणनीति बनाई

कोलकाता। बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने स्वयं को उद्योग में एक प्रमुख कंपनी के रूप में स्थापित करने के लिए वृद्धि की एक आक्रामक रणनीति बनाई है। कंपनी का नाम पहले एगॉन लाइफ इंश्योरेंस था। इस साल फरवरी में बंधन बैंक के प्रवर्तक बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स ने समूह की पहुंच को बैंकिंग तथा म्यूचुअल फंड से आगे बढ़ाने के लिए एगॉन लाइफ का अधिग्रहण किया था। निजी जीवन बीमा कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि वह अपने मौजूदा दल में 1,000 कर्मचारियों को जोड़ेगी क्योंकि उसका लक्ष्य जीवन बीमा उद्योग में अपनी उपस्थिति को मजबूत करना है। बंधन लाइफ के एक व रिष्ठ अ धिकारी ने कहा कि यह बदलाव बंधन समूह का हिस्सा बनने के लिए मंच तैयार करता है। बंधन लाइफ के साथ हम सभी हितधारकों के मूल्य को बढ़ाने के लिए डिजिटल नवाचार तथा मजबूत वितरण की अपनी सहयोगी ताकत को बढ़ा रहे हैं। हम सभी प्रासंगिक उत्पाद श्रेणियों में विस्तार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भविष्य को देखते हुए बंधन लाइफ अगले पांच वर्षों में देश की अग्रणी बहु-माध्यम कंपनी होगी। निजी जीवन बीमाकर्ता ने भारत की उड़ान, बंधन से टैगलाइन के साथ ब्रांड को एक नई पहचान देने की कोशिश भी की है।

9790 मतदानकर्मीमन के देल गेलक चुनाव परसिछन

पलामू। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन कर आदेस आउर परसिछन कोषांग कर नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद कर निरदेस में 9790 मतदान कर्मी के पीठासीन, पहिल, दुसर आउर तीसर मतदान पदाधिकारी कर परसिछन देल गेलक।

जिला परसिछक परशुराम तिवारी, रामानुज प्रसाद, अशोक सिंह,अमरेन्द्र पाठक, परसिछन कोषांग कर प्रधान सहायक रामलखन राम, सहायक सौरव कुमार सिन्हा, दिनेश चंद्र पासवान कर द्वारा परसिछन कर अनुसमर्थन करल गेलक। परसिछन कर अनुश्रवण छतरपुर एलआरडीसी श्री विजय कुमार केरकेट्टा करलयं।मास्टर ट्रेनर अनीश सिंह, नितेश कुमार,आशीष रंजन, संजय राम, सुमंत सिंह, ब्रजेश कुमार,अजय सिंह,सरोज कुमार आजाद, दूधनाथ साहू, निखिल सिंह,निशिकांत नीरव, शशिभूषण सिंह, अविनाश रंजन, संजय पाण्डेय, अर्जुन राम, विजय कुमार, जितेन्द्र सिंह,गौतम प्रसाद, विकास सिंह, महताब खान, सुजीत कुशवाहा,मनोज कुमार द्विवेदी, विनोद दीक्षित आनंद मोहन सिंह सहित अनेक मास्टर परसिछक कर द्वारा परसिछन देल गेलक।पलामू लोकसभा चुनाव कर निर्धारित तिथि 13 मई आउर चतरा लोकसभा कर तिथि 20 मई, 2024 हेके। इकर मद्देनजर निष्पछ, त्रुटिरहित व भयमुक्त चुनाव ले मतदान कर्मीमन के पूरा तरह से परसिछित करल जात हे। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू शशि रंजन मतदानकर्मीमन के समुचित परसिछन सुनिश्चित करेक कर आदेस देइ हयं।

सेल बनलक ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट चैंपियन

रांची। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर बॉलीबॉल टूर्नामेंट जीत लेइ हयं। ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड कर तत्वावधान में 15 से 18 अप्रैल, 2024 तक भोपाल में वॉलीबॉल टूर्नामेंट कर आयोजन करल गेलक। इकर से पहिले हाल हे में बोर्ड बट से भुवनेश्वर में आयोजित ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर हॉकी टूर्नामेंट में भी भारतीय खाद्य निगम के हराय के सेल चैंपियन बइन के उभइर रहे। सेल ऑल इंडिया पब्लिक सेक्टर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में ऑयल इंडिया के (3-0) से हराय के चैंपियन कर खिताब हासिल करलक। ई टूर्नामेंट में नौ पब्लिक सेक्टर यानी सेल, एलआईसी, बीएसएनएल, कोल इंडिया, निवेली लिग्नाइट कॉर्पोरेशन, ऑयल इंडिया, ईएसआईसी, बीएचईएल आउर नाल्को भाग लेलयं।

सेल द्वारा लगातार जीतल गेल गई ट्रॉफी, खेल आउर एथलेटिक प्रतिभा के ब्यवस्थित रूप से बढ़ावा देवेक आउर आगे बढ़ायेक कर प्रति कंपनी कर निरंतर समर्पन आउर प्रतिबद्धता कर प्रमान हय। कंपनी देस कर उभरत खेल प्रतिभामन के निखारेक ले देस कर बिभिन्न स्थान में कई खेल अकादमी के चलायेला आउर उनकर संचालन करेला।

कंपनी खेल कर बुनियादी ढांचा के बिकसित करेज आउर प्रतिभा के निखारेक कर अलावा खेल प्रतिभा के निखारेक कर अवसर प्रदान करेक ले आपन संयंत्र आउर इकाइ में अंतर सेल खेल चैंपियनशिप भी आयोजित करेला। इकर अलावा, सेल स्टील प्लांट स्पोर्ट्स बोर्ड (एसपीएसबी) कर तत्वावधान में सेल पूरा बछर बिभिन्न खेल आउर खेल प्रतिजोगितामन कर आयोजन करेला।

डीएवी कपिलदेव कर प्राथमिक बिभाग में मनलक रेड डे

रांची। डीएवी कपिलदेव कर प्राथमिक बिभाग पहिल कदम में रेड डे सुकरवार के मनाल गेलक। इकर में छउवामन लाल रंग कर परिधान में आलयं। कुछ छउवामन टमाटर, स्ट्रॉबेरी, एपल आदि परिधान में भी सामिल होलयं। छउवामन आपन लंच बॉक्स में भी लाल व्यंजन लेइ के आय रहयं। प्राचार्य एमके सिन्हा कहलयं कि ई तरह कर आयोजन से छउवामन कर बेक्तिगत बिकास होवेला। ऊ मन रंग कर कॉन्सेप्ट के बखूबी समझे लागयंना। कार्जक्रम के सफल बनाएक में अपर्णा सिंह, लता कुमारी, मेनका रंजन, मंजू राणा, रूही कुमारी एवं निर्मला कुमारी जोगदान देलयं।

सरला बिरला विवि में रक्तदान सिबिर कर होलक आयोजन

रांची। सरला बिरला विश्वविद्यालय कर नर्सिंग ब्लॉक में विवि कर एनएसएस यूनिट 1 आउर 2 एवं चिकित्सा संस्थान रिम्स कर सहजोग से रक्तदान सिबिर कर आयोजन 19 अप्रैल के करल गेलक। सिबिर कर उद्घाटन विवि कर कुलपति प्रो गोपाल पाठक करलयं।

ई अवसर में आवल अदमीमन के संबोधित करते कुलपति ई तरह कर सिबिर कर आयोजन कर जरूरतों उपरे जोर देलयं। ऊ रक्तदान से होवेकवाला फायदा कर बारे में भी बिस्तार से जानकारी देलयं।मौका में विवि कर कुलसचिव प्रो. वी. के. सिंह, नर्सिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सुभानी बाड़ा, प्रशासक आशुतोष द्विवेदी, प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर डॉ. संजीव कुमार सिन्हा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. संजीव कुमार एवं डॉ. मेघा सिन्हा संगे विवि कर सिछक, सिछकेत्तर कर्मचारी संगे छात्र-छात्रामन बड़ संख्या में उपस्थित होलयं।विवि कर प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान आउर विवि कर मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ. प्रदीप वर्मा ने ई कार्जक्रम कर आयोजन उपरे हर्स बेयक्त करलयं।

रांची विश्वविद्यासय में जल्दी सुरू होवी क्रिमिनल साइकोलॉजी डिप्लोमा कोर्स

रांची। रांची विश्वलविद्यालय कर मनोविज्ञान बिभाग कर नवा बिभागाध्यछ डॉ परवेज हसन बनाल जाए हयं। नवा बिभागाध्यछ आश्वस्त करलयं कि ऊ एमए इन काउंसलिंग साइकोलॉजी आउर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग कोर्स के नवा ऊंचाइ में लेइ के जाबयं। दुईयो भोकेसनल कोर्स कर उ डायरेक्टर भी हयं। ऊ कहलयं कि बिद्यार्थीमन कर प्लेसमेंट ले नवा अवसर सृजित करल जाई।एम. ए. इन काउंसलिंग साइकोलॉजी आउर पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन गाइडेंस एंड काउंसलिंग कोर्स कर

को-ऑर्डिनेटर डॉ. राजेश कुमार उनके बधाई देलयं। को-ऑर्डिनेटर ई भी बतालयं कि डॉ. हसन कर नेतृत्व में जल्दीये क्रिमिनल साइकोलॉजी डिप्लोमा कोर्स कर सुरुआत होवी।रांची विश्वविद्यालय कर पूर्व सीनेट सदस्य डॉ. अटल पांडेय, डॉ. मुकेश, संघमित्रा, रुस्तम भी नवा बिभागाध्यछ के सुभकामना देलयं।

फिरायालाल पब्लिक इस्कूल में क्विज प्रतिजोगिता कर होलक आयोजन

रांची। फिरायालाल पब्लिक इस्कूल में हेरिटेज क्विज प्रतिजोगिता कर आयोजन 19 अप्रैल, 2024 के कराल गेलक। इकर में कछा 6 से लेइ के 12वीं तक कर बिद्यार्थीमन हिस्सा लेलयं। प्रतिजोगिता चाइर भाग इतिहास, भूगोल, संस्कृति, एवं करंट अफेयर्स में बिभाजित रहे। ई प्रतिजोगिता कर आयोजन चार दल (मैत्री हाउस, ज्ञान हाउस, शांति हाउस, एवं आनंद हाउस) कर बीच करल गेलक। कार्जक्रम में सउब छउवामन बहुत बइढ़-चइढ़ के हिस्सा लेलयं। प्रतिजोगिता कर आयोजन दुई अस्तर में करल गेलक। कछा 6 से 8 आउर कछा 9 से 12 कर बीच ई कार्जक्रम कर संचालन होलक।

कछा 9 से 12वीं तक में आनंद हाउस प्रहिल आउर मैत्री हाउस दुसर पुरस्कार प्राप्त करलक। कछा 6 से 8 तक कर बिद्यार्थीमन में मैत्री हाउस ने पहिल आउर हाउस दुसर पुरस्कार प्राप्त करलक।

मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना-गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक :** रतन लाल अग्रवाल। फोन नंबरः 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडीः** jharkhandwanitaudyog@gmail.com